सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 341



12 अक्षरा सिंह का लोकगीत धक्का रिलीज

## न्यूज डायरी

### रांची में सेना की भर्ती रैली एक जुलाई से

रांची। मोरहाबादी मैदान में एक से नौ जुलाई तक अग्निवीरों की भर्ती होगी। यह सिर्फ पुरुषों के लिए होगा। इस संबंध में सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल राजेश कुमार ने सूचना जारी की है। इसके मुताबिक राज्य के सभी 24 जिलों के योग्य पुरुष कैंडिडेट सेना भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं। सामान्य प्रवेश परीक्षा में पास कैंडिडेट के रजिस्टर्ड मेल आइडी पर 12 जून को ही भर्ती कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र दिया जा चुका है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर दी गयी तिथि, समय और बताये गये स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है।

### अनियंत्रित टैंकर यात्री शेड में घुसा, दो की मौत

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम में रविवार को एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। यह दुर्घटना बहरागोड़ा प्रखंड के बड़शोल थाना क्षेत्र में उस समय हुई जब एक अनियंत्रित टैंकर यात्री शेड में जा घुसा। हादसे में कई अन्य लोगों के हताहत होने की बात कही जा रही है। कई लोगों के मलबा में दबे होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि सुबह अलकतरा लदे एक टैंकर ने अनियंत्रित हो कर यात्री शेड में जोरदार टक्कर मार दी।

### आसनसोल से धनबाद बुलाकर महिला की हत्या

धनबाद। तीसरा थाना क्षेत्र स्थित 14 नंबर डंप के समीप एक महिला की लाश मिली है। महिला का चेहरा और सिर पत्थरों से कुचल दिया गया है। महिला की पहचान धनबाद के ही बरोरा थाना क्षेत्र निवासी उमेश शर्मा की पत्नी सुनीता शर्मा के रूप में हुई है, जो फिलहाल अपने भाई के साथ पश्चिम बंगाल के आसनसोल में रह रही थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। रविवार की सुबह लोगों ने 14 नंबर डंप के समीप एक महिला की लाश देखी।

### जंगली हाथी ने ग्रामीण को कुचल कर मार डाला

लातेहार। हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुंबू गांव निवासी पुसन राम (70) को जंगली हाथियों ने मार डाला। रविवार को पुसन राम का शव हुम्बू गांव के बगल में स्थित जंगल से बरामद किया गया। घटना के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण पुसन राम शनिवार को अपने घर से डोरी चुनने के लिए जंगल गये थे। देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। रविवार की सुबह परिजन तथा अन्य ग्रामीण पुसन राम को ढूंढने के लिए जंगल में गए तो देखा कि उसका शव पड़ा हुआ है।

### बीएयू का 43वां स्थापना दिवस समारोह आज

रांची। कांके स्थित कार्यरत राज्य का एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) सोमवार को 43वां स्थापना दिवस समारोह मनायेगा। यह मुख्य कार्यक्रम विवि के कृषि संकाय परिसर स्थित आरएसी सभागार में सुबह के 11.30 बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन होंगे। स्थापना दिवस की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री झारखंड सरकार बादल पत्रलेखा होंगे। समारोह में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जायेगा। समारोह से पहले विवि के वानिकी संकाय परिसर में सुबह के 11 बजे राज्यपाल देश के पहले गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी : 74,000 रु./प्रति किलो

## द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से पहले का दिलचस्प किस्सा आया सामने

# मुर्मू ने जब अपने जीवन की सबसे अहम कॉल कर दी 'मिस'!

एजेंसी

नयी दिल्ली। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से पहले एक दिलचस्प किस्सा सामने आया है। यह तब का है जब उन्हें एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा रहा था। इसके लिए उन्हें पीएम मोदी ने कॉल किया था। यह और बात है कि पहली बार उनसे संपर्क नहीं हो पाया था। द्रौपदी मुर्मू को मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल करने की आदत नहीं रही है। इसी कारण शायद उन्होंने अपने जीवन की एक बहुत महत्वपूर्ण कॉल मिस कर दी थी। पीएमओ का फोन नहीं उठा पाने के कुछ ही देर में बिकाश चंद्र मोहंतो हाथ में अपना फोन लिए भागे-भागे मुर्मू के घर गये और उन्हें बताया कि पीएमओ से फोन आया था और आपसे संपर्क करने के लिए कहा गया है। अपने ही फोन से उन्होंने द्रौपदी मुर्मू की पीएम मोदी से बात करायी।

### 'द्रौपदी मुर्मू: फ्रॉम ट्राइबल हिंटरलैंड टू रायसीना हिल'



मोहंतो झारखंड में उनके ओएसडी (विशेष सेवा अधिकारी) रह चुके थे। हाल में रूपा प्रकाशन की ओर से प्रकाशित पत्रकार कस्तूरी रे की पुस्तक 'द्रौपदी मुर्मू: फ्रॉम ट्राइबल हिंटरलैंड टू रायसीना हिल' में 21 जून 2022 की इस घटना का जिक्र किया गया है। रे ने इस पुस्तक के जरिये एक शिक्षक से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता, पार्षद से लेकर मंत्री और झारखंड की राज्यपाल बनने से लेकर भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनने तक की मुर्मू की यात्रा को रेखांकित किया है।

### झारखंड की तरह देश भी संवार सकती हैं

रांची में विधायकों और सांसदों की एक बैठक के दौरान मुर्मू ने बताया था कि पीएम मोदी ने मुझसे कहा कि आपने जिस तरह से झारखंड की राज्यपाल रहते हुए राज्य को संवारा, मुझे विश्वास है कि आप इस जिम्मेदारी को भी काफी कुशलता से निभा सकेंगी। रे ने पुस्तक में लिखा, 'मुर्मू को तब तक इस बात का अहसास नहीं था कि उन्होंने अपने फोन पर अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कॉल मिस कर दी है। मोहंतो ने अपना फोन जब मुर्मू को सौंपा, तो दूसरी तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बात कर रहे थे। रे ने लिखा, 'वह जानती थीं कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में वह राजग की पसंद थीं। मुर्मू के पास शब्द नहीं थे और उन्होंने मोदी से पूछा कि क्या वह उम्मीद के मुताबिक जिम्मेदारी निभा पायेंगी तो मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह ऐसा कर सकती हैं।

### तब अपने पैतृक गांव में थीं मुर्मू

पिछले साल जून में उस दिन मुर्मू अपने पैतृक गांव उपारबेड़ा गांव से 14 किलोमीटर और राजधानी भुवनेश्वर से लगभग 275 किलोमीटर दूर ओडिशा के रायरंगपुर में थीं। भाजपा, राजग के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की घोषणा करने वाली थी। सभी आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे थे। पुस्तक में कहा गया है, 'दुर्भाग्य से बिजली नहीं होने की वजह से मुर्मू और उनका परिवार समाचार नहीं देख पा रहा था, फिर भी संकेत स्पष्ट थे।' कुछ ही देर बाद टीवी चैनलों पर समाचार प्रसारित होने लगा। पुस्तक के अनुसार, 'लोग मुर्मू के यहां जुटने लगे। मुर्मू ने उन्हें अंदर बुलाकर उनसे बात की। वह मोबाइल फोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल नहीं करती थीं, इसलिए उनका फोन दूर रखा था। इसी वजह से उन्होंने संभवतः कई कॉल मिस कर दी थीं, जिनमें उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कॉल भी शामिल थी।

# मोदी को मिस्र का सर्वोच्च सम्मान, दोनों में कई करार

एजेंसी

काहिरा। पीएम नरेंद्र मोदी को मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं दोनों नेताओं ने अपनी बैठक में कई समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। रविवार को दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहित दोनों देशों की साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंध के अलावा द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। साथ ही कृषि, पुरातत्व और पुरावशेष और प्रतिस्पर्धा कानून के क्षेत्र में तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किये। दो दिवसीय यात्रा के बाद मोदी काहिरा से नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

### मोदी अल-हकीम मस्जिद भी गये



पीएम मोदी ने अपने मिस्त्र दौर के दौरान अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया। इस मस्जिद का महत्व दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए बहुत ही खास है। इसे ग्यारहवीं सदी में बनाया गया था। सालों बाद इस मस्जिद के भवन का रेनोवेशन करवाया गया। दाऊदी बोहरा इस्माइली शिया संप्रदाय ने इस मस्जिद के रेनोवेशन में 85 मिलियन पाउंड का योगदान किया है। भारतीय बोहरा समुदाय के मुफद्दल सैफुद्दीन और उनके नेता अल दाई अल मुतलक ने इसमें विशेष पहल की थी। मुतलक दाऊदी बोहरा समुदाय के आध्यात्मिक नेता हैं। इस मस्जिद को यूनेस्को की धरोहर सूची में भी शामिल किया गया है। पीएम मोदी ने मस्जिद के अलावा कब्रिस्तान का भी दौरा किया। वह हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान देखने गये। यह कब्रिस्तान भी काहिरा में है। पीएम मोदी ने यहां पर शहीद भारतीय सैनिकों को पुष्प चढाये। ये सैनिक प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए थे।

# ताराचंद और भाटिया भी भेजे गये जेल

## वीरेंद्र राम के दोनों मददगारों की रविवार को कोर्ट में पेशी




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में दिल्ली से गिरफ्तार ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया को इडी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। ईडी ने दोनों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में गिरफ्तार नीरज मित्तल को शनिवार को ही पेशी के बाद जेल भेज दिया गया था। तीनों को पूछताछ के लिए रिमांड पर ले सकती है। रिमांड पर लेने के लिए सोमवार को ईडी की ओर से अदालत में आवेदन दिया जायेगा। पूछताछ के बाद ही वीरेंद्र राम की और अवैध कमाई की जानकारी मिल सकती है।

### जमशेदपुर से दिल्ली भेजा जाता था पैसा

ईडी की जांच में यह बात सामने आयी कि जमशेदपुर से दिल्ली नगद पैसे भेजे जाते थे। नवंबर 2022 से जनवरी 2023 के दौरान ही पांच करोड़ कैश भेजे गये थे। कैश लाने ले जाने में हवाला कारोबारी रवि बाधवानी मददगार थे। बदले में रवि बाधवानी को कमीशन मिलते थे।

### अब कोलकाता के कारोबारियों पर नजर

वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हवाला कारोबारी ताराचंद गुप्ता नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया की गिरफ्तारी के बाद अब इडी की टीम कोलकाता के हवाला कारोबारियों पर शिकंजा कसेगी। इडी की टीम को सैन्य जमीन घोटाला मामले और चेशायर रोड जमीन घोटाले के मामले में हवाला कारोबारियों की संलिप्तता भी सामने आयी है। इडी की टीम उन हवाला कारोबारियों के यहां छापेमारी करेगी। वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में इडी ने दिल्ली पुलिस की एसीबी में तीन मार्च को एफआईआर दर्ज किया था। इस केस को भी इडी ने टेकओवर कर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। इस मामले में वीरेंद्र रामके चचेरे भाई आलोक रंजन जेल में है। दो चार्जशीटेड आरोपी वीरेंद्र राम की पत्नी राज कुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम की गिरफ्तारी बाकी है। इडी ने ताराचंद गुप्ता को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया था।

**खोल ली थी फर्जी कंपनी :** जांच में यह बात सामने आयी कि ताराचंद ने ही सचिन गुप्ता के नाम से तीन कंपनी ओम ट्रेडर्स, श्री खाटू श्याम जी ट्रेडर्स, अनिल जी गोविंद राम ट्रेडर्स के नाम से बैंक खाते खोले थे। इन कंपनियों के बैंक खातों का इस्तेमाल भी ताराचंद ने नीरज के कहने पर मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया था।

# मॉनसून सक्रिय, पांच दिनों तक भारी बारिश

## आज तेज वर्षा के साथ वज्रपात की आशंका, अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता


फोटो: समीर

रांची। राज्य में अनुकूल मौसम बना हुआ है। मानसून प्रवेश करने के बाद से ही राज्य के कई जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान चार से पांच डिग्री गिरावट आने की संभावना है। धीरे-धीरे इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। राजधानी रांची के कई इलाकों में रविवार सुबह बारिश हुई। ठंडी हवा चली। अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के सभी जिलों में हिस्सों में भारी बारिश होने का पूवार्नुमान है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची समेत झारखंड के अधिकतर हिस्सों में मानसून प्रवेश कर गया है। कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई है। शेष भागों पर मध्यम से हल्की बारिश हुई। अगले पांच दिनों तक जमकर बारिश होने की संभावना है। 26 जून को राज्य में कहीं-कहीं भारी बारिश के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है। झारखंड के चार जिले लोहरदगा, लातेहार, गुमला और सिमडेगा में वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। किसानों को भी मौसम साफ होने के बाद ही खेत में जाने को कहा गया है। मौसम विभाग ने लोगों को मेघ गर्जन और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थान में शरण लेने की सलाह दी है। वज्रपात से बचने के लिए पेड़ या बिजली के खंभे के नीचे नहीं रहने की भी सलाह दी गयी है।

### मास्को संकट टला, वैगनर सेना शिविरों में लौटी

मास्को। वैगनर समूह की निजी सैन्य कंपनी (पीएमसी) के सदस्यों ने रूस के रोस्तोव को छोड़ दिया है और फील्ड शिविरों की ओर जा रहे हैं। वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की मध्यस्थता में हुए समझौते के तहत मॉस्को तक अपनी सेना के मार्च को रोकने का फैसला किया। रोस्तोव के क्षेत्रीय गवर्नर वासिली गोलूबेव ने यह जानकारी दी है। वहीं रूस न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वैगनर के सदस्यों ने रोस्तोव-ऑन-डॉन शहर में रूस के दक्षिणी सैन्य जिले के मुख्यालय के क्षेत्र को छोड़ना शुरू कर दिया है और शहर में स्थिति शांत है। इससे पहले दिन में बेलारूस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि पीएमसी वैगनर के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने रूस में वैगनर सैनिकों की आवाजाही को रोकने, स्थिति को शांत करने हेतु कदम उठाने के बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। श्री प्रिगोझिन ने बाद में जानकारी की पुष्टि करते हुए कहा कि वैगनर सैनिक अपने फील्ड शिविरों में वापस लौट रहे हैं। प्रिगोझिन ने पहले कहा था कि वह रूस में तख्तापलट करने और न्याय बहाल करने का इरादा रखते हैं, इसी मंशा के साथ उन्होंने अपनी भाड़े की वैगनर सेना को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश दिया था।

## ओड़िशा की तरह ही बंगाल में भी बड़ा ट्रेन हादसा

# 12 डिब्बे बेपटरी, कई ट्रेनें रद्द

एजेंसी

रांची, कोलकाता। ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसे के जख्म अभी पूरी तरह भरे भी नहीं है और इधर बंगाल के बांकुड़ा में ओंडा स्टेशन पर ओड़ीशा की तरह ही फिर पादसा हो गया। रविवार तडके करीब 4 बजे दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गयी। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालगाड़ी के करीब 12 डिब्बे पटरी से उतर गये। इस हादसे के कारण 14 ट्रेनें रद्द कर दी गयी हैं। 3 ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। सूत्रों की मानें तो मालगाड़ी ओंडा स्टेशन से गुजर रही थी तभी आगे खड़ी मालगाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद सभी डिब्बे ताश के पत्तों की तरह बिखर गये हालांकि, टक्कर की आवाज सुनते ही कई स्थानीय लग वहां पहुंच गये। एक माल गाड़ी चालक को गंभीर चोट लगी है।




### कई ट्रेनों के मार्ग बदले

दक्षिण पूर्व रेलवे के के अनुसार हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस (18036) 25 को रद्द कर दी गयी। इसी तरह बोकारो स्टील सिटी-रांची-बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर स्पेशल (08695/08696) रद्द रहेगी। रांची-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन (18086) 25 को रद्द रही। हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन (18627) यात्रा प्रारंभ रविववार को नहीं जायेगी। वहीं ट्रेन संख्या रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन (18628) अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशिला-पुरुलिया-टाटानगर-खड़गपुर होकर चलेगी। खड़गपुर-रांची एक्सप्रेस ट्रेन (18085) का आंशिक समापन गोदपियाशाल स्टेशन पर होगा।

# एनडीए बनाम पीडीए, नया नाम तय, शिमला में होगी घोषणा

एजेंसी



पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने विपक्षी एकता के बाद पार्टी की कार्य योजना को लेकर एक प्रेस रिलीज जारी कर विपक्षी एकता के लिए बने गठबंधन को नया नाम दिया है। इस एलायंस के लिए पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलायंस (पीडीए) का इस्तेमाल किया गया है। बताया जा रहा है कि शिमला में होने वाली बैठक में एलायंस के नाम पर मुहर लग सकती है। वहीं कांग्रेस ने इसका खंडन किया है। कांग्रेस ने कहा विपक्षी एकजुटता के गठबंधन के नाम का फैसला शिमला की बैठक में होगा, इससे पहले राजनीतिक दल गठबंधन के नाम का प्रस्ताव भर दे सकते हैं। भाजपा और मोदी के खिलाफ पिछले दिनों पटना में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक कई रणनीति तय की गयी थी। भाकपा के प्रेस कान्फ्रेंस में भी राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने ब्रिफिंग के दौरान 'पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलायंस' की शिमला में होने बैठक का जिक्र किया। डी राजा की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में लिखा गया है कि सीएम नीतीश कुमार के आमंत्रण पर देश के प्रमुख विपक्षी दलों की बैठक में भाजपा हटाओ देश बचाओ का संकल्प लिया गया था। अब आगे पीडीए की बैठक शिमला में होगी, उसमें अलायंस की कार्ययोजना को विस्तृत रूप दिया जायेगा। विपक्षी दलों के एलायंस के नाम पर चर्चा हुई है। यही कारण है कि भाकपा के प्रेस कान्फ्रेंस में इस एलायंस के लिए पीडीए नाम लिया। खबर यह भी है कि शिमला में होने वाली बैठक में इसकी औपचारिक घोषणा भी की जा सकती है। फिलहाल विपक्षी दलों के एलायंस के लिए पीडीए नाम सामने आया है।

### नये नाम पर कांग्रेस को आपत्ति

विपक्षी दलों की एकजुटता को लेकर हुई बैठक के गठबंधन को पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलाइंस, यानी पीडीए नाम दिया है, लेकिन, कांग्रेस ने इसका खंडन किया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा विपक्षी एकजुटता के गठबंधन के नाम का फैसला शिमला की बैठक में होगा, इससे पहले राजनीतिक दल गठबंधन के नाम का प्रस्ताव दे सकते हैं। कांग्रेस नेता श्री खान ने कहा है कि अभी गठबंधन के नाम पर कोई फैसला नहीं हुआ है। नाम पर फैसला अगले माह जुलाई में शिमला में होने वाली बैठक में किया जायेगे। उन्होंने कहा कि देश में जो चुनौती है उसको बीते दिनों पटना में विपक्षी दलों ने एकजुट होकर स्वीकार किया है। सभी 2024 की तैयारी में है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की सोच को हराया जा सके। भारतीय जनता पार्टी की आइडियोलॉजी की हार होनी बेहद जरूरी है, क्योंकि वह गोडसे की आइडियोलॉजी को मानते हैं जिन्होंने गांधी की हत्या की थी। जबकि कांग्रेस पार्टी और सभी विपक्षी दल अंबेडकर की विचारधारा को मानती है।

भारतीय संविधान में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय दायित्व से कभी पीछे नहीं हटती है। पटना बैठक में ही यह फैसला हुआ था शिमला में फिर मिलेंगे। शिमला में ही सीट शेयरिंग पर फैसला और गठबंधन का नाम घोषित होगा।

### वंदे भारत का तीसरा ट्रायल रन सफल
### 27 से नियमित होगा परिचालन

रांची। पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का तीसरा और अंतिम ट्रायल रन किया गया। यह ट्रेन रविवार को रांची में एक बजे पहुंची। इसके बाद चार बजकर 15 मिनट पर पटना के लिए रवाना हो गयी। पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन 27 को पीएम मोदी हरी झंडी दिखाकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्वाह्न 10:30 बजे करेंगे। प्लेटफार्म संख्या 6 खाली नहीं होने के कारण यह ट्रेन कोडरमा में हावड़ा दिल्ली डाउन लाइन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर रुकी और उसी प्लेटफार्म से उसे हजारीबाग, बरकाकाना, रांची नई रेल लाइन पर कोडरमा से शिफ्ट किया गया। इससे पहले 12 जून को पहला और 18 जून को दूसरा ट्रायल रन किया गया था। वंदे भारत में कोडरमा से क्रू मेंबर सवार हुए, जो ट्रेन को रांची लेकर आये। कोडरमा के स्टेशन प्रबंधक रविंद्र कुमार ने बताया कि 27 को उद्घाटन होने के बाद यह ट्रेन नियमित तौर पर सप्ताह में मंगलवार छोड़कर छह दिन रांची से पटना तक चलेगी। कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना समेत कई स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा। वंदे भारत ट्रेन हटिया से अपराह्न बाद 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी। 5 मिनट के स्टॉपेज के बाद शाम 4:15 बजे पटना के लिए रवाना होगी। यह रात 10:10 बजे पटना पहुंचेगी। ट्रेन 6:15 घंटे में 385 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

# श्रावणी मेले में सुरक्षा होगी चाक-चौबंद, 8650 पुलिसकर्मी रहेंगे मुस्तैद

- 120 इंस्पेक्टर, 726 सब इंस्पेक्टर और एएसआइ, 1080 हवलदार सशस्त्र पुलिस रहेंगे तैनात
- 200 हवलदार और आरक्षी लाठी बल, 514 महिला पुलिसकर्मियों के अतिरिक्त दो एसॉल्ट ग्रुप, दो बम निरोधक दस्ता, दो अश्रु गैस दस्ता, दो एटीएस की टीम व दो श्वान दस्ता भी

## पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चार जुलाई को आरंभ हो रहे श्रावणी मेले को लेकर पुलिस फोर्स की तैनाती के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। देवघर श्रावणी मेले में इस बार आठ हजार छह सौ पचास पुलिसकर्मियों की नियुक्ति कर दी गई है। राजकीय श्रावणी मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा



व्यवस्था के साथ सुगमता पूर्वक बाबा भोले पर जलार्पण करने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गई है। इस दौरान विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक ना हो, इसे लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर देवघर जिला में 8,650 पुलिसकर्मियों की तैनात किया जाएगा। इससे संबंधित आदेश पुलिस मुख्यालय आइजी अभियान ने जारी कर दिया है। पुलिसकर्मियों की तैनाती 30 जून से लेकर एक सितंबर 2023 तक के लिए की गयी है। 8,650 पुलिसकर्मियों में 120 इंस्पेक्टर, 726 सब इंस्पेक्टर और एएसआइ, 1080 हवलदार सशस्त्र पुलिस, 6,200 हवलदार और आरक्षी लाठी बल, 514 महिला पुलिसकर्मियों के अलावा दो एसॉल्ट ग्रुप, दो बम निरोधक दस्ता, दो अश्रु गैस दस्ता, दो एटीएस की टीम के अलावा दो श्वान दस्ता की भी तैनाती होगी। वहीं दो सितंबर को सभी पुलिस बल को उनके पैतृक जिला और वाहिनी में वापस भेज दिया जायेगा।

**21 ओपी पर 24 घंटे रहेंगे पुलिस अधिकारी तैनात :** श्रावणी मेला में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 21 ओपी (आउट पोस्ट) बनाए गये हैं। जिनमें दुम्मा, सोमनाथ भवन, सरासनी, डीएवी खिजुरिया, हिंदी विद्यापीठ, शिवगंगा, बाबा मंदिर, क्यू कंपलेक्श, नेहरु पार्क, जलसार पार्क, बीएड कॉलेज, बरमसिया, कुमुदनी घोष रोड, नंदन पहाड़ सर्किल, सिंघवा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, रेलवे ओवर ब्रिज, चमारडीह, कुमैठा स्टेडियम, बेलाबगान पुलिस लाइन, त्रिकुट पहाड़ वन विभाग गेस्ट हाउस शामिल है। वहीं 11 टीओपी (ट्रैफिक आउट पोस्ट) कोठिया स्टैंड, चौपा मोड़, घोरमारा, हथगढ़, कोरियासा, नगर पुस्तकालय, आर मित्रा स्कूल, रिखिया, दर्दमारा, रोहिणी मोड़, चौधरीडीह में बनाया गया है।

---

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- युवा पीढ़ी को 1975 के आपातकाल को जानना जरूरी

# कांग्रेस के लिए देश की जनता से अधिक सत्ता प्यारी: दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की रक्षा केलिए घड़ियाली आंसू बहाने वाली कांग्रेस सत्तालोलुप है। श्री प्रकाश रविवार को खरसांवा-सरायकेला के धर्मशाला में प्रबुद्धजनों के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विदेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिश करने वाली कांग्रेस पार्टी केलिये प्रारंभ से ही सत्ता सर्वोपरि है। देश की सेवा से उसका कुछ भी लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कांग्रेस को विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत के संविधान को रौंदते हुए देश में आपातकाल लागू कर दिया था। उन्होंने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने आपातकाल लगाकर नागरिक के अधिकार छीन लिये, प्रेस की आजादी छीन ली थी। कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार का पोषण, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने एजेंडे को लागू करने के लिए अनेक बार संविधान का संशोधन किया। राष्ट्रपति शासन का दुरुपयोग किया है। अब तो कांग्रेस पार्टी केवल परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। जनता ने सत्ता से ही बाहर नहीं किया बल्कि विपक्ष लायक भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा देश की जनता का मिजाज अब पूरी तरह कांग्रेस मुक्त भारत का है। इसलिए कांग्रेस अब क्षेत्रीय दलों से प्राणवायु मांगते फिर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता सर्वोपरी है। जनता भारत माता के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हो रहे षड्यंत्र को कभी सफल नहीं होने देगी।



# इमरजेंसी के रास्ते कांग्रेस ने छीना था मौलिक अधिकार : बालमुकुंद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि इमरजेंसी के रास्ते कांग्रेस ने आम लोगों का संवैधानिक अधिकार छीना था। श्री सहाय रविवार को महाजनसंपर्क अभियान के तहत तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब जब कांग्रेस के हाथों में सत्ता आयी है, वह लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब भाजपा की सरकर बनी उस समय देश की आर्थिक स्थिति खराब थी। मोदी सरकार को इससे बाहर निकलने तथा देश को विकास की ओर ले जाने की चुनौती थी, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और नेतृत्व का कमाल था कि देश विकास की राह पर अग्रसर है।



आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासी जनजाति समाज को विकास में लाभ मिले, इसके लिए अलग से आदिवासी जनजाति कल्याण मंत्रालय का निर्माण किया। देश की आजादी में आदिवासी समाज की योगदान को देश जाने इसके लिए बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को राष्ट्रीय जनजाति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन कराया। महिलाओं को उज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रुपये हर साल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। डॉ सूर्यमणि सिंह ने कहा कि आपातकाल के समय लोकतंत्र और संविधान को इंदिरा सरकार ने कैद कर लिया था। वर्तमान राज्य सरकार परिवारवाद में जकड़ी है। कार्यक्रम में धीरेन महतो, लक्ष्मण मुंडा, कपिल महतो, आलोक नाथ, सूरज नाथ शाहदेव,विवेकानंद, अजित, विष्णुपद, गणेश कुम्हार, रंजीत लाहिरी, कैलाश हलवाई आदि थे।

---

भाजपा महिला मोर्चा ने नवमतदाता सम्मेलन किया आयोजित

# युवा वर्ग पर टिका है देश का भविष्य : डॉ प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा है कि युवा वर्ग पर ही देश का भविष्य टीका है। डॉ वर्मा रविवार को भाजपा महिला मोर्चा जिला ग्रामीण की ओर से आयोजित नवयुवती मतदाता सम्मेलन में बोल रहे थे। यह आयोजन सिलवे पंचायत के उलातू पाहन टोली में किया गया था। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य नवयुवती और नवयुवकों के कंधों पर टिका है। वर्तमान में देश की जो परिस्थिति है उसमें यूथ की भूमिका अधिक है। भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत हर एक वर्ग के बीच जाने की



अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी वर्ग के लोगों का ख्याल करके तमाम योजना धरातल पर उतारा है। उनकी योजनाओं के केंद्र बिंदु में महिलाएं होती है। मोदीजी ने महिलाओं की शक्ति को पहचाना है। उन्होंने कहा कि सेना में बहाली हो या सैनिक स्कूल में दाखिला हो आज मोदी के कारण युवतियों के लिये नित नये मार्ग खुल रहे हैं। उन्होंने उपस्थित युवतियों को मुख्यअतिथि ने 90 90 90 20 24 नंबर पर मिस कॉल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने, उनको समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित थीं। मौके पर राजू तिर्की, कौसलिया देवी, खिजरी के उप मुखिया सुजीत कुमार सिन्हा, बूथ अध्यक्ष पाको मुंडा, सावना मुंडा, सागो देवी, अंजलि कुमारी, श्वेता कुमारी, संगीता कुमारी ने भी लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माधुरी देवी और धन्यवाद ज्ञापन राजू तिर्की ने किया।

# राज्य में आपराधिक वारदातों को कम करने के लिए मुखबिर नेटवर्क को मिलेगी जगह !

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में बढ़ते आपराधिक मामलों को लेकर अब राज्य की पुलिस मुखबिर नेटवर्क को तेज करेगी। इसके लिए पुलिस ने शुरूआत कर दी है। सबसे पहले रांची में मुखबिर नेटवर्क को तेज करने की कवायद शुरू कर दी गई है। गौरतलब हो कि आपराधिक वारदातों को सुलझाने में पुलिस अक्सर नए-नए तकनीकों का इस्तेमाल करती है। जैसे कॉल डंप, सीडीआर और मोबाइल लोकेशन यह तीन पुलिस के ऐसे तकनीक हैं, जिनके बल पर बड़े-बड़े अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाता रहा है। अपराधियों की धर-पकड़ के लिए रांची पुलिस तकनीक के साथ-साथ मुखबिर



नेटवर्क के जरिए अपराधियों पर नजर रखने की रणनीति पर काम कर रही है। राजधानी के कई शातिर अपराधी जो पुलिस के पकड़ से दूर हैं, वे अब घटनाओं को अंजाम देने से पहले ना तो मोबाइल पर बात करते हैं और ना ही घटना के समय किसी मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। दरअसल, अपराधी यह जान चुके हैं कि पुलिस उन्हें कैसे पकड़ती है जो अपराधी यह समझ चुके हैं, उन्हें गिरफ्तार करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

**शातिर अपराधी नहीं कर रहे मोबाइल का इस्तेमाल :** पुलिस की तकनीक की जानकारी शातिर अपराधी बहुत हद तक जान चुके हैं। यही वजह है कि शातिर अपराधी अब मोबाइल का प्रयोग ना के बराबर कर रहे हैं। अगर वे मोबाइल का प्रयोग भी कर रहे हैं तो सिम कार्ड हर बार बदल देते हैं, जिससे पुलिस को उनका लोकेशन नहीं मिल पाता है और शातिर अपराधी कानून के शिकंजे में आने से लंबे समय तक बच जाते हैं।

**क्या है कॉल डंप और सीडीआर :** कॉल डंप और सीडीआर किसी भी आपराधिक वारदात को सुलझाने के साथ-साथ पकड़े गए अपराधी को सजा दिलावने में अहम किरदार निभाते हैं। कॉल डंप के जरिए यह पता चल जाता है कि वारदात के समय घटना स्थल पर कौन-कौन से मोबाइल एक्टिव थे और किस मोबाइल पर लगातार बातचीत हो रही थी, जिसके बाद पुलिस की टीम उसका सूक्ष्मता पूर्वक अध्ययन करती है। इस वजह से पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में सहायता मिलती है। वैसे ही मोबाइल कंपनियों के द्वारा सीडीआर भी पुलिस को उपलब्ध कराया जाता है। किसी भी मोबाइल का सीडीआर यह बता देता है कि वारदात के पहले, वारदात के समय और वारदात के बाद अपराधी किन किन नंबर से बात कर रहे थे और किनके-किनके संपर्क में थे।

**मैनुअल सिस्टम के साथ-साथ तकनीक का भी हो रहा इस्तेमाल :** पुलिस एक बार फिर से अपने मैनुअल सिस्टम को तरीके से अपडेट कर रही है। पुलिस फिर से मुखबिर नेटवर्क को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। साथ ही जोर-शोर से छोटे से लेकर बड़े अपराधियों के रिकॉर्ड को भी मजबूत बनाया जा रहा है।

> यह सही है कि कोई भी अपराधी जब गिरफ्तार हो कर जेल पहुंचता है, तब उसे यह जानकारी हो ही जाती है कि उसे पुलिस ने कैसे गिरफ्तार किया है। ऐसे में फिर जब वह अपराधी जेल से बाहर निकलता है और अगर फिर किसी आपराधिक घटना में शामिल होता है, तब वह पिछली सारी गलतियों को दोहराने से बचता है, जिसकी वजह से वह पिछली बार पकड़ा गया था।
>
> **अनूप बिरथरे**
> **डीआइजी, रांची रेंज**

---

# राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी में जुटा पासवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी 10 जुलाई को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए सम्मान समारोह की संयोजक फलक फातिमा की अध्यक्षता में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सरकारी आवास पर हुई। कहा गया कि सम्मान समारोह में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेलकूद मंत्री हफिजुल हसन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सहित देश भर के



कई प्रदेशों के अध्यक्ष शामिल होंगे। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने समारोह को सफल बनाने के लिए सभी जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों से कहा कि यह राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होने जा रहा है। इसमें मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में 80% से अधिक अंक लाने वाले सीबीएसई,आईसीएसई तथा जैक बोर्ड के लगभग 15000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है,जो देश में इतिहास बनेगा और यह तभी संभव है जब राज्य के एक एक पदाधिकारी स्वतः मेहनत करेंगे।

**80% एवं उससे अधिक नंबर लाने वाले बच्चे जल्द करा लें रजिस्ट्रेशन :** उन्होंने कहा कि स्कूलों से संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों को इस कार्यक्रम में शामिल कराना होगा। इस सम्मान समारोह का लक्ष्य रांची के साथ साथ संपूर्ण झारखंड के प्रत्येक जिले के बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। प्रदेश अध्यक्ष ने सीबीएसई, आईसीएसई एवं जैक बोर्ड के बच्चे एवं उनके अभिभावकों से आग्रह किया है कि 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80% एवं उससे अधिक नंबर लाने वाले विधार्थी जल्द से जल्द मार्कशीट भेजकर अपना रजिस्ट्रेशन दिये गये व्हाट्स अप नम्बर एवं ईमेल आईडी पर 9431114487, 9934152006, 754908871, 6205872838, 7295018209, 9608476090 मेलआईडी- पासवा झारखंड ऐट जीमेल डॉट कॉम तथा आलोक दूबे डॉट रान ऐट जीमेल डॉट कॉम पर अवश्य करवा लें, ताकि आयोजन की तैयारी पूरी की जा सके। वहीं, फलक फातिमा ने कहा सम्मान समारोह में प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी सम्मानित किया जाएगा एवं सम्मानित होने वाले बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

# झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष और सदस्य की तलाश में सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति की तैयारी में है। आयोग में एक अध्यक्ष सहित एक सदस्य (कुल 2) के पदों पर नियुक्ति करने वाली है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंध विभाग, झारखंड के द्वारा विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस, जस्टिस को मौका मिलेगा। साथ ही हाईकोर्ट के रिटायर, कार्यरत न्यायाधीश अथवा



कार्यरत या रिटायर जिला न्यायाधीश जिनके पास सात वर्षों का जिला न्यायाधीश के तौर पर काम करने का अनुभव हो, वे आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उनसे उम्मीद की जाती है कि मानवाधिकार के संबंध में ज्ञान अथवा व्यवहारिक अनुभव भी हो। आवेदन करते समय आवेदन पत्र तथा लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम अंकित किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए गृह मंत्रालय झारखंड सरकार के वेबसाइट से जानकारी और आवेदन पत्र के लिए मदद ली जा सकती है। आवेदन पत्र गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड-834004 के पते पर स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से भेजने होंगे। इसके लिए आखिरी डेट 21 जुलाई तक तय है।

---

# पोक्सो एक्ट को लेकर होटवार में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड का अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) पोक्सो एक्ट को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम 25 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न हितधारकों जैसे चिकित्सकों, बाल कल्याण समिति और न्यायपालिका के सदस्यों और अध्यक्ष के सहयोग से अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में किया जा रहा है।



### इन विषयों पर की जायेगी चर्चा

- विक्टिम कंपनसेशन
- पॉक्सो एक्ट 2020
- बायोलॉजिकल एविडेंस
- चाइल्ड पोर्नोग्राफी
- पॉस्को केस के जांच के लिए एसओपी
- डीएनए, फिंगरप्रिंट
- सीडब्ल्यूसी की भूमिका

# पटना में विपक्षी दलों की बैठक से झारखंड कांग्रेस की बढ़ी उम्मीदें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देशभर के 15 विपक्षी दलों के 27 नेताओं की पटना में हुई बैठक से झारखंड कांग्रेस को भी लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा-आजसू के खिलाफ मजबूत गठबंधन बनाने के बावजूद महागठबंधन दलों की करारी हार हुई थी। ऐसे में जब आज देशभर में भाजपा को परास्त करने के लिए विपक्ष एकजुट हो रहा है, तो झारखंड कांग्रेस को लगता है कि इससे जो माहौल बनेगा, उसका




लाभ 2024 के चुनाव में महागठबंधन को राज्य में मिलेगा और नतीजा 2019 के उलट होगा। 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, झामुमो, राजद और बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का मजबूत गठबंधन भी मोदी मैजिक के सामने धराशायी हो गया था। झाविमो और राजद का लोकसभा चुनाव में खाता भी नहीं खुला था। वहीं झामुमो राजमहल और कांग्रेस पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। तब राज्य के 14 में से 12 सीटों पर एनडीए (भाजपा 11,आजसू 01) ने जीत हासिल की थी।

### विपक्षी दलों का कुनबा और बढ़ेगा : शहजादा अनवर

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि 2024 भाजपा के लिए मुश्किल भरा होगा। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियां दूसरी हैं, इसलिए पटना मीटिंग इस मायने में ऐतिहासिक रहा। भाजपा की तानाशाही के खिलाफ इतने सारे दलों का एक साथ आना काफी अहम है। इसे बहुत बड़ी राजनीतिक घटना कहा जा सकता है। विपक्षी दलों की बैठक से उत्साहित शहजादा अनवर ने कहा कि अभी 15 विपक्षी दल एकजुट हुए हैं। कई और छोटे दल कांग्रेस आलाकमान के संपर्क में हैं और पूरी उम्मीद है कि विपक्षी दलों का कुनबा और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शिमला में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक और ज्यादा भव्य होगी।

पटना की बैठक के बाद झारखंड कांग्रेस को लगता है कि जब विपक्षी दलों की एकजुटता से भाजपा के खिलाफ राष्ट्रव्यापी माहौल बनेगा तो उसका फायदा झारखंड में भी कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल दलों को मिलेगा।

### झारखंड में असर

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि यह ठीक है कि 2019 में महागठबंधन बनाकर चुनाव में उतरने के बावजूद हमारी हार हुई थी, लेकिन इस बार परिस्थितियां दूसरी हैं। जब राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी के खिलाफ मजबूत विकल्प बनेगा तो उसका राष्ट्रव्यापी मैसेज जाएगा और उसका मनोवैज्ञानिक असर होगा। ऐसे में 2024 लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए मुश्किल भरा होगा। जिसका फायदा झारखंड में कांग्रेस और महागठबंधन के दलों को भी मिलेगा।

# जगन्नापुर रथ मेला : भीड़ जबरदस्त, खूब हो रही खरीदारी



फोटो : समीर

# रांची पुलिस का स्पेशल 29 : देश के कोने-कोने में अपराधियों की तलाश

**20 साल पूर्व कांड को अंजाम देकर भूमिगत हो गए हैं अपराधी**

**कुबेर सिंह**

**रांची।** रांची में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर दूसरे राज्य भागने वाले अपराधियों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रांची पुलिस के द्वार गठित स्पेशल-29 में शामिल पुलिस पदाधिकारी देश के कोने-कोने में जाकर छिपकर बैठनेवाले अपराधियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। रांची में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर दूसरे राज्य भागने वाले अपराधियों के ठिकानों पर पहुंच कर पुलिस उन राज्यों में जाकर इश्तेहार भी चस्पा करना शुरू कर दिया है। बल्कि, जिन अपराधियों की जमानत टूट गई है, उन्हें भी दबोच कर रांची लाने का प्रयास कर रही है।

स्पेशल टीम को राज्य के हिसाब से छह जोन में बांटा गया है। इसमें कुल 29 एसआई रैंक के अफसरों को शामिल किया गया है, जो रांची के विभिन्न थानों में पोस्टेड हैं।

**इन-इन प्रदेश पर है पुलिस की नजर** : जोन एक में उत्तर प्रदेश के 20 जिले, जोन दो में बिहार के 30 जिले, पश्चिम बंगाल के 19 जिले, तेलंगाना के दो जगह, उतराखंड में दो जिले, गुजरात में तीन जिलों को शामिल किया गया है।

**खुलेंगे हत्या, लूट व ठगी से राज** : इस टीम को थानों में जितने भी लंबित वैसे मामले जो दूसरे राज्यों से जुड़े हुए हैं, उसका निष्पादन करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि आईटी एक्ट, हत्या, लूट, ठगी से जुड़े मामलों का ही निष्पादन करेंगे। उसकी संचिका संबंधित थानों से लेंगे। एसएसपी ने टीम के सदस्यों को सख्त निर्देश दिया है कि लंबित मामलों को हर हाल में निर्धारित समय में निष्पादित करें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित टीम के सदस्यों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

> जिले में कई अनसुलझे मामले हैं। इन मामलों की गुत्थी सुलझाने के लिए स्पेशल- 29 बनाया गया है। लंबित वाद और अपराधियों की धर- पकड़ के लिए ही स्पेशल टीम का गठन किया गया है।
>
> **किशोर कौशल**
> **एसएसपी, रांची।**

## 12 साल बाद वेश्यावृत्ति के आरोप से हुई मुक्त

**रांची।** वेश्यावृत्ति के आरोप का मुकदमा झेल रहे संभ्रांत परिवार की एक महिला समेत तीन लोगों को 12 साल बाद अदालत ने निर्दोष पाकर आरोप मुक्त किया है। इससे तीनों ने राहत की सांस ली है। यह केस नौ जुलाई 2011 को अरगोड़ा थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद ने सदर थाने में की थी लेकिन, अदालत में सुनवाई के दौरान स्वयं की दर्ज प्राथमिकी को साबित नहीं कर सके। वहीं, मामले के जांच अधिकारी हरिश्चंद सिंह जांच पूरी करते हुए एक महीने में ही चार्जशीट दाखिल कर दी थी लेकिन गवाही के दौरान कहा कि जिस मकान में वेश्यावृत्ति चल रही थी। उसके मकान मालिक एवं आस-पास के लोगों का बयान नहीं लिया था। न ही सूचक का बयान लिया था। अन्य दो पुलिस गवाह सिद्धनाथ दुबे व खंगलू भगत जो गश्ती टीम में शामिल थे। इन दोनों ने भी घटना का समर्थन नहीं किया।

# जानकारी दिये बिना पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खोलने से धार्मिक न्यास बोर्ड नाराज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नवगठित झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने बिना न्यास बोर्ड को जानकारी दिए ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर की दानपेटी को खोले जाने पर गहरी नाराजगी जतायी है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष होने के नाते रांची डीसी को पत्र लिखकर न्यास बोर्ड ने पूछा है कि किसके आदेश पर पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खोली गई और न्यास बोर्ड गठित हो जाने के बावजूद उसे इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गयी।

**26 जून को धार्मिक न्यास बोर्ड की बैठक में होगी चर्चा :** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा ने कहा कि बिना न्यास बोर्ड को जानकारी दिए, पहाड़ी मंदिर की दानपेटी खोलना एक गंभीर मुद्दा है। इस मामले में अभी तक डीसी की ओर से न्यास



बोर्ड द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि 26 जून को होने वाली धार्मिक न्यास बोर्ड की दूसरी बैठक में इस विषय को भी लाया जाएगा और बोर्ड इस मामले में आगे के प्लान ऑफ एक्शन का फैसला करेगा।

**क्या है पूरा मामला** : 18 जून 2023 को पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सदर एसडीओ के आदेश से पहाड़ी मंदिर की दान पेटी खोली गयी थी। प्रशासन की ओर से हटिया की मजिस्ट्रेट स्मृति कुमारी की उपस्थिति में दान पेटी में भक्तों द्वारा दान किये गए राशि एवं अन्य सामानों की गिनती हुई थी

दान पेटी की गिनती में भक्तों द्वारा दान पेटी में डाले गए 07 लाख 59 हजार 65 रुपये प्राप्त हुए। इसके अलावा पीले धातु के बने 04 नेत्र, उजला धातु के बने 08 नाग, 02 पायल, 02 धातु के बेलपत्र और एक ग्राम का सिक्का मिला। पांच रुपये की नेपाली करेंसी भी दान पेटी से मिला।

झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड की आपत्ति इस बात पर है कि जब राज्य में न्यास बोर्ड का गठन हो चुका है और 17 जून को न्यास पर्षद के सदस्यों ने पदभार भी ग्रहण कर लिया, तब दान पेटी खोलने की जानकारी न्यास बोर्ड को क्यों नहीं दी गयी। अब देखना होगा कि सोमवार को जब हिनू स्थित धार्मिक न्यास बोर्ड कार्यालय में दूसरी बैठक में यह मुद्दा आता है तो उसपर आगे के लिए बोर्ड क्या फैसला करता है।

## कमाई का करीब साढ़े छह करोड़ डॉक्टर और नर्सों को होगा भुगतान

# आयुष्मान योजना ने बढ़ायी रिम्स की आमदनी, ₹26 करोड़ की हुई कमाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आयुष्मान योजना से रिम्स को अब तक लगभग 26 करोड़ रुपये की आमादनी हुई है। इसका 25 फीसदी चिकित्सा कर्मियों में बांटा जाना है, जो साढ़े छह करोड़ रुपये के करीब है। इसमें 1.62 करोड़ रुपये का भुगतान सिर्फ चिकित्सकों को होना है, जो अब तक रिम्स ने एक बार भी नहीं किया है। इसे लेकर चिकित्सकों में नाराजगी भी है। चिकित्सकों के इस नाराजगी को दूर करने के लिए रिम्स प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही चिकित्सकों और





चिकित्सा कर्मियों को आयुष्मान से हुई कमाई से उनके हिस्से का भुगतान कर दिया जाएगा। रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने इसे लेकर कार्रवाई तेज करने का आदेश भी प्रबंधन को दे दिया है। चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए आयुष्मान की कमाई का 25 फीसदी उन्हें भुगतान करने की तैयारी है।

**रिम्स को दस करोड़ रुपये का अब भी होना है भुगतान** : रिम्स के आयुष्मान के नोडल पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन का कहना है कि आयुष्मान योजना से रिम्स ने अब तक 26 करोड़ रुपये की कमाई की है। अब भी आयुष्मान योजना का दस करोड़ रुपये बकाया है। उन्होंने बताया कि जितने पैसे का अब तक भुगतान हुआ है। उसी से चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों को भुगतान किया जाएगा।

**सभी विभागों में बहाल होंगे आयुष्मान मित्र** : रिम्स के सभी विभागों में आयुष्मान योजना का लाभ सही से दिलाया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों में आयुष्मान मित्र बहाल किये जा रहे हैं। वहीं आयुष्मान मित्र आयुष्मान के पैसे का हिसाब रखेंगे और आयुष्मान से हुई कमाई से ही उनके मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

बताते चलें कि वर्तमान में आयुष्मान योजना से सबसे अधिक लाभांवित कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, न्यूरोसर्जरी और ऑर्थो विभाग के मरीज हो रहे हैं। हालांकि मरीजों की शिकायत रहती है कि उन्हें इस योजना से लाभ लेने के लिए लंबा समय लग जाता है। तुरंत स्टेंट और जरूरी इंप्लांट इस योजना के मरीजों को नहीं मिल पाता है।

**सदर आयुष्मान योजना की कमाई से बढ़ा रहा संसाधन** : सदर अस्पताल आयुष्मान के इलाज से हुई कमाई से नया आयाम गढ़ रहा है। आयुष्मान योजना की कमाई से सदर अस्पताल ने कैंसर जैसी बीमारी के इलाज के लिए संसाधन जुटा लिये। मरीजों की लेजर सर्जरी हो सके इसके लिए संसाधन बनाये। हृदय रोगियों को इको, ईसीजी, टीएमटी जैसे जांच के उपकरण मंगवाये। सिटी स्कैन मशीन का भी क्रय किया। साथ ही निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को आयुष्मान योजना से जोड़कर गरीब मरीजों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# सिल्ली: बच्चे की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली थाना क्षेत्र के जुमला गांव में हुए आसनी मुंडा हत्याकांड के आरोपियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस हत्या कांड में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में वासुदेव मुंडा, सुनील मुंडा, बाबुलाल मुंडा और अर्जुन मुंडा शामिल हैं।

**बच्चे की लड़ाई में कर दी गई हत्या** : यह मामला बीते 22 जून की है। आसनी मुंडा के घर के सामने खेल रही इनकी पुत्री राधिका कुमारी और बासुदेव मुंडा के पुत्र अशोक कुमार के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़ा होता देख आसनी मुंडा की पत्नी और आसनी मुंडा झगड़ा छुड़ाने के



लिए गए. तब तक वासुदेव मुंडा भी वहां आ गया और वादिनी की पुत्री की गलती बताते हुए वादिनी एवं उनके पति के साथ गाली गलौज करने लगे, और देख लेने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। कुछ देर बाद दोबारा वासुदेव मुंडा अपने साथी सुनील मुंडा, अर्जुन मुंडा और बाबूलाल मुंडा के साथ आया। वासुदेव मुंडा ने अपने पॉकेट से चाकू निकालकर आसनी के पेट में मार दिया। जिसके बाद आसनी मुंडा को रिम्स लाया गया,जहां 24 जून को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने एक किलो 280 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम क्रमशः डीडू अहीर व मंगल महतो है। डीडू दशमफॉल थाना एरिया का रहनेवाला है, जबकि मंगल महतो नामकुम थाना एरिया का रहनेवाला है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी मो नौशाद आलम ने बताया कि उक्त दोनों अफीम तस्कर पुड़िया बनाकर रांची में बेचनेवाले थे। जब्त अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में डेढ़ लाख रूपया है। छापेमारी दल में एएसपी मुख्यालय मूमल राजपुरोहित, सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी रित्विक श्रीवास्तव समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# तोरपा के विधायक का भतीजा दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** तोरपा थाना की पुलिस ने विधायक कोचे मुंडा के भतीजे को दुष्कर्म के आरोप में जेल भेज दिया है। युवती ने आरोप लगाया है कि दो बार उसका जबरन गर्भपात कराया गया। जिससे वो मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर हो गई। जानकारी के अनुसार तोरपा विधायक कोचे मुंडा के भतीजे भोदो भेंगरा पर तपकरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। साथ ही युवती ने कहा है कि दो बार उसका जबरन गर्भपात कराया गया, जिससे वो मानसिक और शारिरिक रूप से कमजोर हो गई है।

पीड़िता के अनुसार भोदो भेंगरा 2020 से उसके साथ शादी का झांसा देकर शारिरिक संबंध बनाता रहा। शादी करने की बात को लेकर हमेशा टालता रहा, लेकिन जब दूसरी बार गर्भपात कराया गया तो उस समय उसने शादी करने की बात कही थी लेकिन बाद में मुकर गया। इस बाबत पीड़िता की लिखित शिकायत के बाद तोरपा पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी भोदो भेंगरा (पिता दुधुआ भेंगरा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता तपकरा थाना क्षेत्र की एक भाजपा कार्यकर्ता भी रही है। पार्टी कार्यकर्ता होने के कारण विधायक कोचे मुंडा के भतीजे भोदो से युवती की जान पहचान 2020 में हुई। इसके बाद धीरे धीरे दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे और दोनों का प्रेम-प्रसंग शुरू हुआ। भोदो ने शादी करने की बात कहकर लड़की के साथ कई बार सबंध बनाया जबकि उसने दो बार युवती का जबरन गर्भपात भी कराया।

## योग्य मित्र मंडल रांची का मासिक सत्संग संपन्न



**रांची।** योग्य मित्र मंडल रांची का मासिक सत्संग आशा वर्मा, भक्ति सुमन एवं सुधीर कुमार वर्मा, ज्ञान तत्व के शिवगंज हरमू रोड रांची स्थित आवास में रविवार को हुआ। इस अवसर पर योग्य मित्र मंडल रांची के अध्यक्ष आरके कटारिया एवं अन्य पदाधिकारी सदस्य एवं भक्त थे। ध्यान कक्षा का संचालन आदित्य सिंह ने किया एवं अजपा योग का अभ्यास परिणीता द्वारा कराया गया। बताते चलें कि योग मित्र मंडल रांची गुरू परंपरा के ऋषियों में स्वामी शिवानंद जी, ऋषिकेश स्वामी सत्यानंद देवघर एवं निरंजनानंद बिहार योग विद्यालय मुंगेर के आदेश के अनुसार संचालित एक लोक कल्याणकारी संस्था है।

# एजुकेशन लोन पर पेरेंट्स और छात्रों को बैंक कर रहे प्रताड़ित : अजय राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने रांची सहित झारखंड के कई बैंकों द्वारा छात्रों को दिए गए एजुकेशन लोन की आड़ में अभिभावकों एवं छात्रों को लगातार किए जा रहे प्रताड़ना पर भारी रोष व्यक्त किया है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि कई अभिभावकों ने इस संबंध में शिकायत की है। श्री राय ने कहा है कि हजारों छात्रों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य उच्च पढ़ाई के लिए विभिन्न बैंकों से एजुकेशन लोन लिया हुआ है, जिसमें कई छात्रों को निर्धारित समय पर जॉब नहीं मिल सका। जिसके कारण कई छात्रों ने पढ़ाई को निरंतर जारी रखा है। किंतु कई बैंकों के प्रबंधकों ने ऐसे छात्रों पर लोन जमा करने के लिए बहुत सख्ती बरत रही है। जबकि ऐसे कई छात्र बैंकों से लोन



वापस करने के लिए 6 महीना से 1 साल का समय की गुहार लगाई है। किंतु बैंक के प्रबंधक ने उन छात्रों एवं उनके अभिभावकों को बार-बार प्रताड़ना करने का कार्य कर रही है जो कि सरासर बिल्कुल गलत है। जिसके कारण छात्रों एवं अभिभावकों की मानसिक स्थिति पर भी इसका अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे बैंकों को चिन्हित कर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन उन बैंकों के खिलाफ शीघ्र आंदोलन चलाएगी। साथ ही इस मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों से इन बैंकों के खिलाफ न्याय सम्मत कार्रवाई की मांग करेगा।

## लातेहार में उगा लंगड़ा, मालदा, मल्लिका, हापुस, बंबइया, सिपिया पहुंचा भुवनेश्वर, ब्रम्हपुर, नोएडा, दिल्ली और बेंगलुरु

# नौकरी छोड़ जैविक खेती कर रहे कृष्णाकांत पाठक के लंगड़ा-मालदा आम की दिल्ली-बेंगलुरु तक है डिमांड

**सुधीर**

**रांची।** बीएयू से जुड़े केके के लंगड़ा मालदा आम की डिमांड न सिर्फ झारखंड बल्कि दिल्ली-बेंगलुरू में भी है। लातेहार जिले के फुलसू गांव में उनकी ढाई एकड़ की बगिया में 100 आम के पेड़ हैं। इनमें लंगड़ा मालदा, मल्लिका, हापुस, बंबइया, सिपिया समेत अन्य कई प्रजातियां हैं। वैसे तो डिमांड सभी आमों की है, परंतु लंगड़ा मालदा ने तो लोगों का दिल जीत लिया है। इन बगिया से होकर गुजरनेवाले लोग भी केके (कृष्णकांत पाठक) के फैन होते जा रहे हैं। नतीजा आज बारियातू व बालूमाथ प्रखंड के आसपास के गावों में करीब 40 हजार आम के फलदार पौधे लगाकर लोग खेती कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह क्षेत्र आम का हब हो जाएगा।





## देसी गाय का गोमूत्र मिलाकर आम के मंजर पर करते हैं स्प्रे

श्री पाठक बताते हैं कि आम की खेती के लिए वे कंपोस्ट का प्रयोग करते हैं और अमृत जल से सिंचाई करते हैं। बगीचे में सूखे पत्ते नहीं जलाये जाते हैं। लिहाजा यही सड़-गलकर खाद बन जाते हैं। आम का मंजर आने पर दो बार कीटनियंत्रक (जैविक) का प्रयोग करते हैं। कीट नियंत्रक गौमूत्र व नीम का पत्ता से तैयार किया जाता है। 10 लीटर पानी में एक लीटर देसी गाय का गोमूत्र मिलाकर मंजर पर स्प्रे करते हैं। 90-100 दिनों दिनों में आम तैयार हो जाता है। आम की तुड़ाई के बाद उसे ठंडा स्थान में खुले में करीब चार घंटे रखें। इसके बाद ही उसकी बिक्री करें। उनके आम की मांग भुवनेश्वर, ब्रम्हपुर (ओड़िशा), नोएडा, दिल्ली, बेंगलुरु और झारखंड में रांची समेत अन्य जिलों में हैं।

## 2016 में जैविक खेती की शुरूआत की

श्री पाठक ने वर्ष 2016 में जैविक खेती की शुरूआत की। 25 डिसमिल जमीन में टमाटर की खेती की। इसमें सिर्फ गोमूत्र, गोबर और गुड़ से बने अमृत जल का ही प्रयोग किया। करीब छह माह में 25 क्विंटल टमाटर का उत्पादन हुआ। रासायनिक खेती करने वाले किसानों के पौधे या तो मर गये या फिर करीब 10 क्विंटल टमाटर का उत्पादन हुआ था। अमृत जल से जैविक खेती से आस-पास के किसान काफी प्रभावित हुये। उनका भी मनोबल बढ़ा। इसी दौरान 5 डिसमिल जमीन में हरी मिर्च लगायी। 10 माह म करीब 3 क्विंटल हरी मिर्च और 25 किलो सूखी मिर्च की बिक्री की। अब, आम की खेती से भी अच्छी कमाई कर रहे हैं।

## जानिये कौन हैं केके

झारखंड के लातेहार के बारियातू प्रखंड के फुलसू गांव के रहने वाले किसान कृष्णकांत पाठक (केके) 16 वर्षों तक विभिन्न एग्रो बिजनेस कंपनियों में यूनिट सेल्स लीड कम टेक्निकल एडवाइजर की नौकरी की। केके को अहसास हुआ कि वे रासायनिक खेती को प्रोत्साहित कर न तो समाज हित और न किसान हित में कार्य कर रहे हैं, बल्कि सेहत से खिलवाड़ और किसानों के आर्थिक शोषण के साझीदार बन रहे हैं। एक दिन उन्होंने अपने अंतर्मन की आवाज पर नौकरी छोड़ने का निर्णय लिया और जैविक खेती करने का संकल्प लिया। एग्रो बिजनेस कंपनियों में काम करने के दौरान मिले प्रशिक्षण से श्री पाठक की आंखें खुलीं और उन्होंने रासायनमुक्त खेती का निश्चय किया।

# सम्मानित किये जायेंगे उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनएसएस के स्वयंसेवक

**सीसीएल सीएमडी और स्थानीय सांसद करेंगे 110 स्वयंसेवकों को सम्मानित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्कृष्ट कार्य करने वाले रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों को सोमवार को सम्मानित किया जाएगा। आरयू के आर्यभप्त ऑडिटोरियम में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी अध्यक्षता राची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे। मौके पर मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि स्थानीय सांसद संजय सेठ होंगे। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022-23 में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ राज्य स्तरीय, क्षेत्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए रांची विश्वविद्यालय का मान-सम्मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी हुए हैं।

उन्होंने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, रक्तदान शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, गणतंत्र दिवस परेड शिविर, राष्ट्रीय साहसिक शिविर, विशेष शिविर, मुस्कान क्लासेज, ईच वन, टीच वन, युवा एक्सचेंज कार्यक्रम, फिट इंडिया अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान सहित कई सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाते हुए अन्य युवाओं को भी जागरूक करने का कार्य किया है। रांची विश्वविद्यालय के 110 ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए कुलपति द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन करने से उनमें और अधिक कार्य करने में प्रेरणा जागृत होगी। अन्य स्वयंसेवकों में अच्छे कार्य करने की भावना विकसित होगी

# बायोम इंस्टीट्यूट ने किया यूजी नीट 2023 के टॉपर्स को सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा यूजी नीट 2023 में अपनी सफलता का दमखम दिखा रहे बायोम इंस्टीट्यूट रांची ने रविवार को अपना वार्षिक सम्मान समारोह मनाया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक स्कूल सभागार में किया गया। यहां संस्था के यूजी नीट के स्टेट टॉपर विद्यार्थी एक छत के नीचे इक्कठा हुए। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे उपस्थित हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील के हेड एडमिनिस्ट्रेशन कॉरपोरेट अरुण कुमार सिंह, बालपन चिल्ड्रन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजेश कुमार, रिम्स रांची के डॉ अभिषेक रंजन, वर्मा यूरोलॉजी सेंटर के डॉ वेद प्रकाश वर्मा और सदर हॉस्पिटल के डॉ अजीत कुमार शामिल हुए।

सम्मान समारोह में यूजी नीट 2023 के झारखंड टॉपर विद्यार्थियों की सफलता की सराहना की गयी। मुख्य अतिथि डीआइजी अनूप बिरथरे ने टॉपर छात्र-छात्राओं की सफलता को सराहा। कहा कि राज्य की छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। यूजी नीट का परिणाम और झारखंड टॉपर राखी कुमारी ने इस बात को सिद्ध किया है। राज्य और खासकर रांची में अब बेहतर शैक्षणिक संस्थाएं हैं, जो विद्यार्थियों की क्षमता को बढ़ाने का काम कर रही हैं। विद्यार्थियों को अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को देना चाहिए। आने वाले दिनों में विद्यार्थी और बेहतर करने का प्रयास करें। राज्य व देश को प्रशिक्षित डॉक्टर की जरूरत है, इसके लिए लगातार खुद को तैयार करें।



डीआइजी अनूप बिरथरे व अन्य अतिथियों ने मौके पर यूजी नीट 2023 के सफल छात्रों को मोमेंटो, कैश प्राइज का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यूजी नीट की झारखंड टॉपर राखी कुमारी को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और दो लाख रुपये का चेक दिया गया। वहीं, संस्था की सेकेंड टॉपर माहिया माहेश्वरी को एक लाख रुपये, आदित्य अस्थाना की 75 हजार रुपये, प्रिया घोष को 65 हजार रुपये और अभय कुमार को 50 हजार रुपये का कैश प्राइज और ट्रॉफी दिया गया। बताते चलें कि इस वर्ष यूजी नीट-23 की झारखंड टॉपर छात्रा राखी कुमारी (ऑल इंडिया रैंक 149, कैटेगरी रैंक 26) हासिल करने में सफल रही है। इसके अलावा, बायोम इंस्टीट्यूट के सफल छात्र-छात्राओं में माहिया महेश्वरी (691 अंक), आदित्य अस्थाना (686 अंक), प्रिया घोष (683 अंक), अभय कुमार (675 अंक), सुप्रिया (675 अंक), ज्योतिर्मय (670 अंक), श्रेया राज (666 अंक), तंजील (663 अंक), हिमांशु रंजन (663 अंक), अमरेंद्र कुमार (662 अंक), अंजलि यादव (655 अंक), ऋतिक राज (655 अंक), सोनम (650 अंक), अमन कुमार (650 अंक) समेत अन्य ने यूजी नीट में सफलता हासिल की है।

सम्मान समारोह के मौके पर टाटा स्टील के हेड एडमिनिस्ट्रेशन कॉरपोरेट अरुण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा यूजी स्तर की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। आपकी सफलता ये बताती है कि देश का भविष्य तैयार हो रहा है। आने वाले दिनों में आप सभी मेडिकल की पढ़ाई से जुड़ेंगे, इस दौरान खुद को बेहतर शिक्षा से जोड़ें। समय का लाभ उठायें, क्लिनिकल प्रैक्टिस को आने वाले समय में ज्यादा महत्व दें।

बालपन चिल्ड्रन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों से प्रेरित किया। बताया कि मेडिकल कॉलेज के दिनों में कैसे पढ़ाई के साथ प्रशिक्षण हासिल किया जा सकता है। विद्यार्थी अब अपने आने वाले दिनों में इस बदलाव को महसूस कर खुद को स्थापित करने की यात्रा में आगे बढ़ेंगे। समय के साथ नयी चुनौतियों को अपनाने और उसमें बेहतर करने के लिए तैयार रखना होगा। बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सात मई को आयोजित यूजी नीट 2023 प्रवेश परीक्षा में बायोम इंस्टीट्यूट से कुल 1125 विद्यार्थी शामिल हुए थे। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार 984 से अधिक विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं। संस्था के विद्यार्थियों ने एनटीए की ओर से जारी किये गये यूजी नीट 2023 रिजल्ट में झारखंड टॉपर की सूची में 15 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी है। संस्था से सफल हुए 178 से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में नामांकन मिलेगा। बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हिनू स्थित सेंटर में यूजी नीट 2024 की तैयारी के लिए अंतिम बैच में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

## एजुकेशन लोन की वसूली को बैंक पैरेंट्स को भी कर रहे प्रताड़ित : अजय राय

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक एजुकेशन लोन की रिकवरी के लिए बैंक लगातार पैरेंट्स को भी प्रताड़ित कर रहे हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को कहा कि कई अभिभावकों ने इस संबंध में उनसे शिकायत की है। हजारों होनहार छात्रों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य उच्च पढ़ाई के लिए विभिन्न बैंकों से एजुकेशन लोन लिया हुआ है। इसमें कई छात्रों को निर्धारित समय पर जॉब नहीं मिल सका। इसके कारण कई छात्र अब भी अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखे हुए हैं। सरकारी नौकरी के लिए भी अप्लाई कर रखा है। इसके बावजूद कई बैंक प्रबंधक ऐसे छात्रों पर लोन जमा करने के लिए बहुत सख्ती बरत रहे हैं जबकि ऐसे कई छात्र बैंकों से लोन वापस करने के लिए 6 महीना से 1 साल के समय की गुहार लगा रहे हैं।

# जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें एवं उसकी प्राप्ति तक अनवरत मेहनत करते रहें : सीपी सिंह

## बुद्ध स्मृति भवन ट्रस्ट ने किया छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बुद्ध स्मृति भवन मकचुंद टोली चुटिया में रविवार को छात्र प्रतिभा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर 175 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ थे। विशिष्ट अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी महतो ने किया, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन एचएम पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अरविंद कुमार ने किया। स्वागत संबोधन जनक कुमार महतो ने किया।



समारोह में मुख्य अतिथि संजय सेठ ने स्कूल व कॉलेजों में अध्ययनरत उन 175 स्टूडेंट्स को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, जिन्होंने अव्वल अंकों से परीक्षा में सफलता हासिल कर अपना, अपने विद्यालय व महाविद्यालय तथा माता पिता का नाम रोशन किया है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संजय सेठ ने स्टूडेंट्स को उनकी सफलता पर बधाईयां दी। साथ ही, उन्हें ऊंचा लक्ष्य रखने और खुले आंखो से जीवन का सपना देखने पर जोर देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक सीपी सिंह ने अपने संबोधन में समारोह में उपस्थित तमाम छात्र-छात्राओं को अथक परिश्रम के साथ विषयवार ज्ञानार्जन करने तथा सभी शैक्षणिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेने को प्रेरित किया। सभी स्टूडेंट्स का आह्वान किया कि वे अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति तक अनवरत मेहनत व अभ्यास करें। इस क्रम में उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धौनी का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि मेहनत के बल पर ही वे आज दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे है। मौके पर अन्य वक्ताओं में डी एसपी यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनय भरत, पीजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ विष्णु चरण महतो, डॉ ओम प्रकाश महतो, रांची विश्वविद्यालय के डीन डॉ सुदेश साहू , गोस्सनर कॉलेज के डॉ बीएल भगत, व इद्रजीत कुमार झा ने अपने जीवन के संघर्ष को स्टूडेंट्स के साथ साझा किया और कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उनमें उनका अथक मेहनत व संघर्ष के बल पर ही है। महावीर प्रसाद कुशवाहा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सदस्य सूरज महतो, जनार्दन प्रसाद महतो, जनक कुमार महतो, महावीर प्रसाद कुशवाहा, डॉ अजय महतो, कैलाश कुमार महतो, भरतलाल महतो, शशिकांत महतो, बिगेन्द्र कुशवाहा, बसंतु, रामलखन महतो, अवध बिहारी महतो, अंजली पालित आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सांसद के आने को लेकर अंजुमन अस्पताल परिसर में हंगामा

**रांची।** अंजुमन अस्पताल में सांसद संजय सेठ को रविवार को आना था। संजय सेठ अपने सांसद कोष से अस्पताल के ओपीडी में फंड देने वाले थे, लेकिन सांसद के आने से पहले ही अस्पताल परिसर में ही जमकर हंगामा शुरू हो गया। काफी देर तक हंगाम होता रहा। सांसद को जब इसकी सूचना मिली तो वो अपना कार्यक्रम अस्पताल में आने का रद्द कर दिए। इसके बाद अंजुमन के अध्यक्ष मोख्तार अहमद व महासचिव तारिक हुसैन के बीच जमकर जुबानी जंग चली। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाया। लोगों का कहना था कि इस तरह का मामला अंजुमन में नहीं होना चाहिए। अंजुमन इस्लामिया रांची के सचिव तारिक हुसैन ने इसका खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीति मंच नहीं है। अगर सांसद को यहां फंड देना था या आना था तो इसकी जानकारी कमेटी को होनी चाहिए थी। लेकिन अध्यक्ष मोख्तार ने अपनी राजनीति रोटी सेंकने के लिए बिना अंजुमन के जानकारी दिए सांसद को बुला रहे थे। इसी को लेकर विरोध किया गया।

## खबर एक नजर में

### अंगिका समाज ने किया भोजन पैकेट का वितरण



**रांची।** झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के सौजन्य से चलने वाले नारायण सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को नारायणों के सेवार्थ भोजन पैकेट का वितरण किया गया। मौके पर चितरंजन गुप्ता, मोहन रजक अध्यक्ष, चंद्रिका ठाकुर 'देशदीप', अनिल कुमार चौधरी सह कोषाध्यक्ष, डॉ श्रीमोहन सिंह महासचिव, डॉ एसकेपी सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता, नवीन चंद्र चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष, अरुण कुमार, बिभाष मिश्र, आलोक कुमार सिंह, महानंद ठाकुर व नरोत्तम प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

### सेंटर फॉर सोशल रिसर्च ने लांच किया वेबसाइट

**रांची।** पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च की शोध पत्रिका द बायोब्रियो के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उनके नए वेबसाइट का लांच रविवार को प्रेस क्लब में किया गया। उल्लेखनीय हो कि द बायो ब्रियो लाइफ साइंस के क्षेत्र में एक त्रैमासिक, अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका है। इस वेबसाइट के लॉन्च होने से शोधार्थी को अपने शोध को पत्रिका में प्रकाशित करने एवं संबंधित विषय के शोध पत्र को खोजने में आसानी होगी।

### रामलीला आयोग समिति ने किया भूमि पूजन

**रांची।** रातू रोड बिड़ला मैदान में रविवार को रामलीला महोत्सव के लिये भूमि पूजन किया गया। यहां पर बुधवार से 09 जुलाई तक रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के कार्यकारी अध्यक्ष भवेश सिंह ने कहा कि पांच जुलाई से प्रातः 09 बजे से पूजन आरती के बाद कृष्णानन्द जी महाराज का नगर भ्रमण किया जायेगा। इसके बाद अपराहन 03 बजे दीप प्रज्वलन एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद शाम साढ़े छह बजे तक श्रीराम कथा होगी। प्रत्येक दिन संध्या 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामलीला का मंचन होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष भवेश सिंह, संरक्षक सैलेश्वर दयाल सिंह, डॉ एके लाल, विजय पांडे, राजेश वर्मा, नीरज कुमार, सुधांशु साहा, विकास कुमार, विनय वर्मा,अमित सोनी,आयुष राज वर्मा, बसंत दास, संदीप राना अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### ओझा मार्केट पिस्का मोड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांची।** रविवार को तिवारी मेडिकल हॉल में समाजसेवी दीपक गुप्ता अनुज तिवारी,संजित तिवारी,लाइव केयर हॉस्पिटल के रंजित यादव के प्रयास से तथा लाइव केयर हॉस्पिटल बूटी मोड़ के सहयोग से रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क सहायता जांच शिविर व फ्री हेल्थ अवेयरनेस कैंप का अयोजन किया गया। इस शिविर में कैंप में 165 लोगों ने सहज जांच कराई। संपन्न मेडिकल कैंप में बीपी, ब्लड शुगर ,थायराइड, हड्डी के साथ अन्य की जांच की गई।शिविर में जरूरतमंदों के बीच दवाओं का मुफ्त वितरण किया गया। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संभंधी सही जानकारी दी गयी। लाइफ केयर हॉस्पिटल के चिकित्सकों में डॉ रोहित कुमार की टीम ने संबंधित रोगों का चेकअप किया। इस दौरान अलग-अलग तरह के टेस्ट किए गए हैं। डॉक्टर्स की टीम ने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए हेल्थ टिप्स भी दिए। कैंप में मोहल्ले की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### देश की संस्कृति को दर्शाता है मेला : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि मेला देश की संस्कृति को दर्शाते हैं। श्री प्रकाश रविवार को श्री रामदयाल मुंडा क्रिड़ागना में बांग्ला युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक मेला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मेलों का देश है। ऐसे आयोजनों से देश की विविध और गहन संस्कृति का पता चलता है। ऐसे सांस्कृतिक मेले में नए कलाकारों को एक मंच मिलता है। जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। जब जब कांग्रेस के हाथों में सत्ता आयी है, वह लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही आदिवासी समाज को समृद्धि तक पहुंचा सकती है। इस अवसर पर कई गणमान्य उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने आयोजित किया फैमिली नाइट

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ने रविवार को फैमिली नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में सदस्यों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों एवं अतिथियों ने भाग लिया। पैमिली नाइट कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लाइन वी.के गदयाण पास्ट (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) सिद्धार्थ मजूमदार,लायन वी.पी जयसवाल, लायन अजय अग्रवाल, लायन राजेश मोर, लायन रजनी ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया। लायन मंजुला जयसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.हरमिंदर वीर सिंह,लायन अमित सेन, लायन पूनम सखूजा, प्रेरणा महिला सेवा समिति के सदस्यों ने झूमर डांस कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### ब्रह्म सदभाव पर हुई चर्चा

**रांची।** हेसल जागृति भवन में रविवार को त्रिदिवसीय प्रथम डायसिय स्तरीय सेमिनार का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक आचार्य संपूर्णानंद अवधूत ने ब्रह्म सदभाव पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि तंत्र शास्त्र में ईश्वर उपासना की चार पद्धतियां बताई गई है। उन्होंने कहा कि सब पद्धतियों में ब्रह्म सदभाव की प्रक्रिया सर्वोत्तम है। ब्रह्म सदभाव का अर्थ है, हर अवस्था में हर भावना में ब्रह्म को देखना और उनकी उपस्थिति को महसूस करना है। यह अष्टांगिक योग साधना के अभ्यास से संभव है।

### इमा ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में रविवार को बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में इमा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पिछले दिनों दिल्ली में संपन्न अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी अक्शज जयसवाल को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। साथ ही कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी इंद्रजीत घोष को ब्लैक बेल्ट चौथी डान, राजवीर सिंह को ब्लैक बेल्ट दूसरी डान से तथा सुदेश कुमार महतो, उमाशंकर महतो, एनी कोनगाड़ी, वीरा मून को ब्लैक बेल्ट पहला डान से नवाजा गया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को विधिवत सम्मानित किया।

### श्री कृष्ण प्रणामी ने किया अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के तत्वावधान में रविवार को 93 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिरके प्रांगण मे श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं निर्मल जालान की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या चन्दा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल के द्वारा कुल 1100 जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों समेत श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।

## श्री गुरुनानक सत्संग सभा, गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी व गुरुनानक भवन कमेटी के सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवराज खत्री की अध्यक्षता में रविवार को गुरुनानक भवन परिसर में एक बैठक हुई। जिसमें पूर्व पार्षद एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवराज खत्री ने गुरु नानक सत्संग सभा कार्यकारिणी के 21, गुरुनानक भवन कमेटी के 5 और गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के 5 सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित किए जाने की घोषणा की।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुनानक बाल मंदिर के लिए निर्धारित पांच उम्मीदवारों ने ही नामांकन किया तथा गुरुनानक सत्संग सभा से गुलशन मिढ़ा, पवनजीत सिंह खत्री एवं आशु मिढ़ा तथा गुरुनानक भवन कमेटी से अशोक गेरा के नाम वापस लेने के बाद बाकी बचे सभी सदस्य



निर्विरोध निर्वाचित हुए। अब निर्वाचित हुए सदस्य गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा के लिए पांच तथा गुरुनानक भवन कमेटी एवं गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के लिए दो- दो सदस्यों का मनोनयन करेंगे। तत्पश्चात आपसी सहमति से अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदों के लिए आम सहमति से संभावित पदाधिकारियों का चयन करेंगे।

निर्वाचित सदस्यों के नाम : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा के निर्वाचित सदस्यों में द्वारकादास मुंजाल,सुंदर लाल मिढ़ा, अर्जुन मिढ़ा,सुरेश मिढ़ा, लेखराज अरोड़ा, अमरजीत गिरधर, बसंत काठपाल, विनोद सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, महेश सुखीजा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, राकेश गिरधर, रौनक ग्रोवर, हरजीत अरोड़ा, हरजीत बेदी, सुभाष मिढ़ा ,अनूप गिरधर,नवीन मिढ़ा एवं कमल मुंजाल के नाम शामिल हैं। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वहीं गुरुनानक भवन कमेटी के सदस्यों में हरविंदर सिंह बेदी,नरेश पपनेजा,प्रेम कुमार मिढ़ा,अशोक गेरा,कवलजीत मिढ़ा एवं हरविंदर सिंह मिढ़ा के नाम हैं। इसके अलावा गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमिटी में मोहनलाल अरोड़ा, नीरज गखड़, रमेश गिरधर, अश्विनी सुखीजा एवं सागर थरेजा आदि के नाम शामिल है।

## सम्मानित किये गये मेधावी विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रांची जिला ने रविवार को कुसई के डोरंडा-नामकुम रोड स्थित सचिदानंद ज्ञान भारती स्कूल में मेघावी विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसका आयोजन रांची जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया।

सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 में पास हुए कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों को उत्साहवर्धन, प्रोत्साहन एवं उनके मनोबल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम में सीबीएसइ, आइसीएसइ व जैक बोर्ड से पास हुए बच्चों को सम्मान दिया गया। भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के पास दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण अखिल भारतीय कायस्थ महासभा



(एबीकेएम) की जिला महासचिव ज्योति सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम में खेलो इंडिया खेलो टीम के विजेता बच्चों द्वारा मॉर्डन योग की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गौ सेवा आयोग, झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों में संदीप वर्मा, शशांक राज, एबीकेएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक अखौरी, प्रदेश महामंत्री निकेश लाल, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एके लाल शामिल हैं।

कार्यक्रम में कुल 40 बच्चों को सम्मान दिया गया। इनमें दिव्या कुमारी ,यश राज, जिया श्रीवास्तव, दिव्यातेश कुमार, आदर्श भूषण, शिवम सिन्हा, प्राची सिन्हा, अर्चित आदर्श, श्रेया सिन्हा, अपराजित राज, आध्या सिन्हा, प्रीतिश नलिन, आयुष राज, साकेत वर्मा, सयानिका वर्मा, दिव्या, अवनीश अरुण, स्वेतांजली श्रीवास्तव, प्रणति प्रिया, वैष्णवी स्वधा, मयंक वर्मा, पलक कुमारी, हर्षित सिन्हा, अंकुर आनंद, शिवांश बख्शी, हर्ष राज सिन्हा, देव कुमार एवं अन्य बच्चे शामिल हैं।

## जीवन में खराब दिन हैं तो घबराएं नहीं पुरुषार्थ करें : विभाश्री माताजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जैन गणिनी आर्यिका विभाश्री माता के रांची में रविवार को मंगल प्रवेश पर जैन समाज ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री दिगंबर जैन पंचायत के विशेष आग्रह पर जैन साध्वी विभाश्री माता ने रांची में चातुर्मास करने की स्वीकृति प्रदान की थी। रविवार को प्रातः 6.00 बजे माताजी का मंगल प्रवेश मेडिका हॉस्पिटल स्थित महावीर भवन से हुआ, जो करमटोली चौक पहुंचकर भव्य शोभायात्रा में तब्दील हो गया। चौक से शोभायात्रा में शामिल सर्वप्रथम करीब तीस स्कूटी सवार महिलाएं विशेष परिधान में सुसज्जित हो साफा पहने चल रही थीं।

विभाश्री माताजी ने अपने मंगल प्रवेश पर देशना दिया कि अगर आपके जीवन में खराब दिन हैं, तो आप घबराएं नहीं, ना ही चिंता करें।



आप धर्म का पुरुषार्थ कीजिए, आप संसार का, व्यापार का पुरुषार्थ कीजिए। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चारों पुरुषार्थ में आप आगे बढ़ें, सफलता आपको जरूर प्राप्त होगी। नदी की शुरुआत जहां से होती है, वहां सिर्फ 2 फीट का नाला झरना ही रहता है। परंतु, आगे जाकर वह समुद्र का रूप ले लेती है। साथ ही, महिलाओं की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं झंडा लेकर आगे बढ़ जाती हैं, तो पुरुष अपने आप पीछे हो लेता है। फिर राजा श्रेणिक व महारानी चलना की कहानी सुनाते हुए उन्होंने अपना मंगल आशीर्वाद दिया।

## सांस्कृतिक संध्या के साथ एमटीआइ का हीरक जयंती समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) ने रविवार की देर शाम तक अपने सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में अपने कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों, अनुबंध श्रमिकों आदि की उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने वार्षिक हीरक जयंती समारोह का समापन किया। सेल के निदेशक (कार्मिक) कृष्णा कुमार सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

रविवार को समारोह का श्रीगणेश कृष्णा कुमार सिंह ने डायमंड जुबिली गेट के उद्घाटन से किया। एमटीआइ के छह भूतपूर्व मुख्य अधिकारी प्रो जे फिलिप, पीडी कपिला, एके सिंह, एसडी त्यागराज, एसपी पटनायक तथा मानस पांडा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका झारखंड के पारंपरिक रीति-रिवाज से



स्वागत किया गया। उन्हें संस्था की वर्तमान कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, उपलब्धियों एवं सुविधाओं से अवगत कराया गया। संजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के निर्देश में टीम एमटीआइ ने कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। मौके पर जगदीश अरोरा, कार्यपालक निदेशक (सेट), आशीष चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (सुरक्षा) आदि उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि कृष्णा कुमार सिंह ने कहा कि एमटीआइ के स्वर्णिम इतिहास में आज का दिन एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। सेल प्रबंधन को एमटीआइ से काफी उम्मीदें हैं और आशा है कि आगे भी एमटीआइ सेल का गौरव स्तम्भ बना रहेगा। सेल के शीर्ष अधिकारियों के प्रबंधकीय कौशल को मूर्त रूप देने में एमटीआइ द्वारा निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने एमटीआइ समूह को शानदार सफलता के साथ इकसठ साल के मील-पत्थर हासिल करने के लिए बधाई दी। अपने स्वागत भाषण में संजीव कुमार ने एमटीआइ के संस्थापकों, वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने एमटीआइ को सेल का गौरव बनाने वाली गरिमामयी परंपराओं को आकार दिया है। उन्होंने अपनी टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि आज जरूरत है कि एमटीआइ विभिन्न तकनीकी प्रगतियों से उत्पन्न चुनौतियों का त्वरित गति से सामना करने में सक्षम हो। कृष्णा कुमार सिंह एवं संजीव कुमार ने एमटीआइ के कर्मचारियों के बीच उत्कृष्टता पुरस्कार का वितरण किया। प्रेक्षागृह में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात श्री कौशिक की टीम द्वारा सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ। एमटीआइ के गौरवशाली इतिहास के लेजर चलचित्र का मंचन हुआ। इसके बाद छह भूतपूर्व मुख्य अधिकारियों ने अपने संबोधन में सभा को अपने-अपने समय के मर्मस्पर्शी संस्मरण सुनाये। प्रो फिलिप ने एमटीआइ की मैगजीन इ-ग्रोथ का विमोचन किया।

## स्पीड न्यूज

### बेटी को हसुआ से घायल कर पी लिया जहर, मौत

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांशी डीह ग्राम निवासी रघुनाथ बेदिया ने पहले अपनी बेटी को हसुआ से पीठ में प्रहार कर घायल किया। इसके बाद वह जहर पीकर अत्महत्या कर लिया। घटना शनिवार करीब तीन बजे की है। बताया गया कि रघुनाथ बेदिया कहीं से शराब पीकर घर आया और किसी बात को लेकर उसने घर में रखे हसुवा से अपनी पुत्री पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गयी। अपनी पुत्री को घायल होता देख संभवतः उसने आत्मग्लानी से जहर पी लिया और पास ही जंगल की ओर निकल गया। जब गांव वाले उसे खोज बीन करने लगे तो जंगल में उसकी लाश पड़ी मिली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया जबकि उसकी पुत्री का इलाज करवा कर घर पहुंचा दिया।

### घायल मंडल अध्यक्ष से मिलीं पूर्व विधायक



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईंटा चिल्द्री गांव निवासी बेड़ो भाजपा मंडल के युवा मोर्चा के अध्यक्ष लाल कमलेश शाहदेव बीते 20 जून रथयात्रा के दिन रथ खींचने के दौरान घायल हो गए थे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद रविवार को भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर ने आवास पहुंच कर स्वजनों से मिलकर कमलेश का कुशल क्षेम जाना। उन्होंने घटना पर अफशोस जताते हुए कमलेश के जल्द बेहतर स्वास्थ्य होने कामना की। मौके पर बलराम सिंह राजेश साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### अनु बेक बनी नामकुम महिला मोर्चा अध्यक्ष

**नामकुम।** कांग्रेस पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेष अध्यक्ष गुंजन सिंह और जिला अध्या मेरी तिर्की ने नामकुम पतराटोली की रहनेवाली अनु बेक को खिजरी प्रखण्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपने मनोनयन पर श्रीमती बेक ने कहा कि उन्होने हमेषा से पाट्री और संगठन की मजबूती के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेंगी। श्रीमती बेक के मनोनयन पर विधायक राजेष कच्छप, वरिस्ठ कांग्रेसी सुरेश बैठा, जिला परिसद विपिन टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि सतीस पंडा, माधो कच्छप, मुरलीधर, पंचू तिर्की, दिनश प्रमाणिक आदि ने बधायी दी है।

### सवा लाख के अफीम के साथ दो धराये, जेल

**नामकुम।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के ब्यांग्डीह बाजार समीप पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा के घर के समीप छापेमारी कर लगभग सवा लाख रूप्ये की कमत की एक किलो दो सौ अस्सी ग्राम अफीम सहित दो लोगों को पकडा है। प्रषिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी मूमल राजपुरोहित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की और हंजेद दषमफाल के रहनेवाले डीहू अहीर 21 वर्स को ब्यांग्डीह के रहनेवाले मंगल महतो 20 वर्स के घर से एक किलो दो सौ अस्सी ग्राम अफीम के साथ पकड़ लिया गया। श्री श्रीवास्तव ने बताया की दोनो पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### भाजपा महिला मोर्चा का नवयुवती मतदाता सम्मेलन

**नामकुम।** रविवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित नवयुवती मतदाता सम्मेलन का आयोजन सिलवे पंचायत के उलातू पाहन टोली में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा मौजूद थे। डॉ वर्मा ने कहा देश का भविष्य नवयुवती और नवयुवकों के कंधों पर टिका है। देश की जो स्थिति है उसमें यूथ की भूमिका ज्यादा बढ़ गया है। उसमे भी लड़कियों को ही भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत हर वर्ग के बीच जाने का मौका मिला है। नव युवती मतदाता सम्मेलन महिला मोर्चा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पीएम मोदी सभी वर्गों का ख्याल कर योजनाएं ले रहे है।

# सामाजिक सौहार्द बनाये रखने में शांतिदूतों की भूमिका महत्वपूर्ण

## ओरमांझी थाना में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शांति समिति के सदस्य शांतिदूत की तरह होते हैं। सामाजिक सौहार्द बनाने रखने में इन शांतिदूतों की भूमिका काफी महत्पूर्ण होती हैं। उक्त बाते रविवार को ओरमांझी थाना परिसर में ईद-उल-जोहा बकरीद को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में कही गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह कि अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सासंद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू व पूर्व उपप्रमुख मुंमजीर अहमद रजा सहित कई लोगों ने संबोधित किया और ओरमांझी क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही। वहीं सिल्ली डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि बकरीद में पशु की बली दी जाती है, लेकिन मृत पशुओं के अवषेश को मिट्टी में गाड़ दें। मौके पर राधाचरण सिंह, अंजित कुमार, सतार अंसारी, सत्यनाराण तिवारी, अषोक गुप्ता, खालिक खान, सलीम अंसारी, नाजीर खान, दुर्गाशंकर साहू, रामनंदन महतो, तुलसी खरवार, रमेश उरांव, मुबारक अंसारी, बालक पाहन, नीरज नायक, सत्यनारायण सिंह, पूर्व मुखिया विनीता कूजूर मौजूद थे।



शांति समिति की बैठक में बोलते पूर्व सांसद रामटहल चौधरी।



खलारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

## उत्साह से मनायें बकरीद : फरीद

**खलारी।** खलारी थाना परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने किया। बैठक के दौरान 29 जून को बकरीद का पर्व शांति एवं सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना है। बकरीद को लेकर सभी मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। इसके अलावा शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। कहा कि खलारी क्षेत्र हमेशा अनेकता में एकता और आपसी भाईचारगी के लिए जाना जाता रहा है। क्षेत्र सभी जाति और धर्म के लोग एक साथ सभी त्योहार मनाते आ रहे हैं। साथ ही उन्होने बताया कि पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया पर जाति धर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा ऐसा करने वालों पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि किसी भी तरह की घटना होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करे। वहीं बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया।

## मोरम उत्खनन से पीएम आवास में पड़ रही दरारें



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के इटकी पश्चिमी पंचायत में गैरमजरूआ भूमि से अवैध ढंग से मोरम उत्खनन किये जाने के कारण पीएम आवास में दरारें पड़ने लगी है। अवैध ढंग से मोरम के उठाव के कारण जानलेवा गड्ढे बन गया है। जिसमें वरसात के दिनों मे उक्त जानलेवा गड्ढे में बच्चों व मवेशियों की जान जा सकती है। इस संबंध में आजसू के जिला सचिव मुर्तजा आलम ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि इटकी पश्चिमी पंचायत के खाता नंबर 323 व प्लॉट नंबर 271, 272 और 375 के करीब तेरह एकड़ में कई महीनों से अवैध ढंग से मोरम उत्खनन का कार्य जारी है। इससे उक्त स्थल पर करीब 30 फीट गहरा तालाब नुमा जानलेवा गड्ढा बन गया है। उक्त स्थल पर दस भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित कर प्रधानमंत्री आवास भी बनाया गया है। बरसात के मौसम में गड्ढे में पानी जमा हो जाने से आवास में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उत्खनन कार्य के कारण ही वर्तमान में बने कई पीएम आवास में दरारें पड़ गयी है। भूमिहीन परिवारों के पीएम आवास स्थित बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही है।

## वज्रपात और सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को विधायक ने की मदद

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत केशा पंचायत के नारी गांव निवासी 21 वर्षीय विष्णु उरांव का पूर्व में कुदलोंग रेलवे फाटक के पास रोड एक्सीडेंट में घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं अखबार के माध्यम से विधायक को मिली। जिसके बाद विधायक ने मृतक के आवास नारी गांव पहुंची। जहां शौकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। विधायक ने तत्काल मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद के तौर पर कुछ सहयोग राशि दिए एवं डीलर से बोलकर एक बोरा राशन की व्यवस्था कराया। साथ ही आगे किसी भी परिस्थिति में मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के पांडेपारा गांव निवासी 8 वर्षीय खुशी उरांव की मांडर प्रखंड के तटकुंदो गांव मेहमानी के दौरान वज्रपात से मौत हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने मृतक 8 वर्षीय खुशी उरांव के गांव बेड़ो प्रखंड के पांडेयपारा पहुंचकर उनके परिजनों से मिली।

## संडे मार्केट से तीन मोबाइल और एक बाइक चोरी

### अपराधियों के बढ़े मनोबल, सिविल दस्ते ने किया भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजधानी से सटे रातू थाना क्षेत्र में अपराधियों के मनोबल काफी बढ़ गये हैं। यहां आये दिन हो रही चोरी, लूट और छिनतई की घटना से आम नागरिक भयभीत हैं। गिरोह ने 25 जून की शाम 4 से 5 बजे के बीच संडे मार्केट में सब्जी खरीदने गये ब्लॉक रोड स्थित विवेकानंद नगर निवासी प्रमोद कुमार तिवारी के काले रंग की स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 01 बीबी 8307 और तीन मोबाइल धारकों को निशाना बनाया। थानेदार सपन महथा की अगुआई में गठित सिविल दस्ते ने मार्केट का भ्रमण किया। इस दौरान किसी के पकड़े जाने की खबर नहीं है। दस्ते को देख अपराध कर्मी फरार हो गये। भुक्तभोगियों के बयान पर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

#### लोगों का सहयोग जरूरी

श्री महथा ने बताया कि संडे मार्केट, मखमंदरो व दलादिली साप्ताहिक बाजार में चोरी के खिलाफ अभियान चलाये जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीणों का सहयोग मिले, तो अपराधियों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। श्री महथा ने सब्जी बेचने और खरीदने के लिये बाजार आने वालों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## एक नजर में

### मालश्रृंग गांव में बुद्धिजीवी सम्मेलन



**ठाकुरगांव।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण के तत्वावधान में रविवार को कांके प्रखंड के मालश्रृंग गांव में विधानसभा स्तरीय बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, विधायक समरीलाल, पूर्व विधायक जितुचरण राम, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने किया। मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार बिना भेदभाव के सभी लोगों का सर्वांगीण विकास कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में तुष्टीकरण करके राज्य को बर्बाद करने पर तुली है। वहीं विधायक समरीलाल ने कहा कि घर घर तक विकास पहुंचाना भाजपा का उद्देश्य है। मौके पर मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, महामंत्री लखन उरांव, शंकर महतो, जिप सदस्य सुषमा देवी, जनक गुप्ता, किशोर मास्टर मौजूद थे।

### भाजपा नेता ने गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**ठाकुरगांव।** भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने रविवार को क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में उन्होंने काटमकुली, बंसरी, उरुगुट्ठ, बरौदी, मारवा आदि गांवों में ग्रामीणों से मिलकर केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। उन्होंने ग्रामीणों से उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान योजना, मानधन किसान योजना, प्रधनमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। साथ ही स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार सभी क्षेत्रों में भारत का मान बढ़ाया है। मौके पर उदय कुमारए सीटू मुंडा, जगरनाथ महतो, पनेनाथ महतो, बलेश्वर महतो मौजूद थे।

### सालहन पंचायत में आजसू पार्टी की बैठक



**अनगड़ा।** प्रखंड के सलहन पंचायत में राजकिशोर मुंडा की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक मे आजसू पार्टी की संगठन को मजबूत करने पर चिन्तन मनन किया गया। महिला संगठन का विस्तार करने लिए पंचयात अध्यक्ष गीता देवी को मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 29 जून को इस पंचायत मे पार्टी की एक भव्य बैठक रखा गया। उक्त बैठक में महिला ग्राम प्रभारी और युवा संगठन का विस्तार किया जायेगा। बैठक में मुख्य अतिथि खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कार्यकर्ताओं को आजसू पार्टी की नीति और सिंद्धांतों को बताते हुए 2024 की विधानसभा चुनाव की तैयरी में लग जाने का आहवान किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, उपाध्यक्ष किसुन महतो, विष्णु महतो, रमेश महतो, मालू उरांव, किशोर महतो, दीपक मुंडा, सुनीता देवी, अलोका देवी, किसुन महतो उपस्थित थे।

## सीसीएल इंप्लाइज कल्याण ट्रस्ट का गठन

### जाजुला गौरी चुनी गईं चेयरमैन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक जाजुला गौरी रविवार को डकरा पहुंची। जहां उन्होंने डकरा वीआईपी क्लब में ट्रेड यूनियनए सामाजिक कार्यकर्ताए सीसीएल कामगार और शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सीसीएल इंप्लाइज ट्रस्ट का गठन को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सीसीएल एम्पलाइज कल्याण ट्रस्ट का गठन किया गया। जिसमें जाजुला गौरी और सुनील कुमार सिंह को चेयरमैन पद के लिए चुना गया। जबकि वाइस चेयरमैन के रूप में धीरेंद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, अभिषेक चौहान, दिनेश भर, विशाल कुमार को चुना गया। संतोष कुमार विश्वकर्मा को सचिव, गोल्डन प्रसाद यादव और देवेंद्र प्रसाद शर्मा को संयुक्त सचिव, कैलाश कुमार, दिव्यांशु सिंह, जय प्रकाश मेहता, ललिता देवी, मुनिया देवी, घनश्याम रजक को सहायक सचिव चुना गया। कृष्णा चौहान को कोषाध्यक्ष और अशोक सिंह, पजू महतो, उदय कुमार सिंह, अनिल कुमार जैन, अशोक कुमार तुरी, मनोज कुमार झा मौजूद थे।

#### कामगार और परिजनों का होगा सहयोग

जाजुला गौरी ने बताया कि सीसीएल के कोयला कामगार उनके परिजन को हर तरह की सहायता उपलब्ध कराने को लेकर सीसीएल इंप्लाइज कल्याण ट्रस्ट का गठन किया गया है। यह ट्रस्ट तेलंगाना में बेहतर काम कर रहा है। ट्रस्ट सामान्य रूप से कोयला कामगार और उनके परिजन की हर तरह की सहायता के लिए तत्पर रहता है। जिसमें ट्रस्ट से जुड़ने वाले लोगों को एक तय राशि देनी होती है। इसके अलावा ट्रस्ट कई जगहों से डोनेशन लेकर सहयोग का काम करती है। इस ट्रस्ट की शुरूआत सीसीएल में एनके एरिया से की जा रही है। आने वाले दिनों में ट्रस्ट का सराहनीय कार्य लोगों को दिखेगा। इस ट्रस्ट में रिटायर कामगार भी जुड़ सकते हैं। ट्रस्ट में चुने गए लोग परमानेंट पद पर बने रहेंगे। 3 साल में नई बॉडी गठन के लिए यही चुने हुए लोग काम करेंगे।

## सांसद और विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** रांची सांसद संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने रविवार को कटहल मोड़ स्थित मनेर ढाबा के समीप एक पीसीसी रोड का शिलान्यास किया। मनेर ढाबा से बाजरा नदी तक 830 फीट लंबी सड़क के शिलान्यास समारोह में सांसद संजय सेठ ने कहा कि बरसात के दिनों में यह सड़क कीचड़ युक्त रहने के कारण लोगों को चलने में असुविधा होती थी इस मार्ग को पक्का बनाना आवश्यक था। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की जिम्मेवारी है कि इसे मजबूत बनवायें और इसके रखरखाव में ध्यान दें। इसकी लागत 58 लाख रुपए की है। मौके पर घनश्याम पांडेयए परोक्ष कुमार, संजीत सिंह, ठाकुर जी, दिवाकर सिंह, रेणु देवी, संगीता देवी, फूलमणि देवी, सोनी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।



### झाकुविप का कई जिलों में होगा विस्तार

**ओरमांझी।** झारखंड कुरमी विकास परिषद के केंद्रीय समिति की बैठक परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी 29 अक्टूबर को होने वाले कुरमी महारैली सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से रांची जिले के सभी प्रखंड मे सम्मलेन व बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं रणधीर चैधरी को ओरमांझी, राजेन्द्र महतो कांके, भुवनेश्वर महतो सोनाहातू सहित अन्य प्रखंडों के लिए अलग-अलग लोगों को बैठक कराने की जिम्मेदारी दी गई। रणधीर चौधरी ने कहा झारखंड कुरमी विकास परिषद के संगठन का विस्तार जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां, चाईवासा, रामगढ़ आदि जिलो में भी की जाएगी।

## स्कूली बच्चों को मिला सोलर लैंप

### विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जो किसी भी सभ्यता को महान बनाने का काम करती है। उक्त बातें रविवार को बेड़ो प्रखंड के केशा सेमरा गांव में बच्चों के पढ़ाई के लिए अभिभावकों के बीच सोलर लैंप लाइट का वितरण करते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि गांव अस्तर के आदिवासी समाज को शिक्षित करना हैए जिससे वे अपने समाज के लोगों में सही दिशा और दशा प्रदान कर सकेए जिससे आने वाले समय में गांव के सभी लोग शिक्षित होंगे और गांव के साथ देश का विकास करेंगे। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केशा सेमरा गांव के ग्रामीणों ने रात्रि में लाइट कट जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाने की समस्याएं बताई। जिसके बाद विधायक ने ग्रामीणों की समस्या का तत्काल निराकरण करते हुए बच्चों को रात्रि में पढ़ाई में कोई दिक्कत ना हो इसे लेकर उन्होंने अभिभावकों के बीच में सोलर लैंप लाइट का वितरण किया। वहीं उन्होंने गांव के लोगों को कोई भी दिक्कत होती है तो उन्हें बनोहरा आवास में आकर मिलेए आपकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य पश्चिमी बेरोनिका एक्काए उप प्रमुखए विधायक प्रतिनिधि शमशाद आलम मौजूद थे।

### किसानों के बीच धान बीज का वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में रविवार को किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। कार्यालय में अभी तक 7 हजार टन धान बीज का वितरण 6500 किसानों के बीच किया गया है। सभी किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया गया है। किसानों ने कार्यालय में आवेदन के साथ अग्रिम राशि जमा किया था। किसानों के डिमांड में ही धान बीज का आपूर्ति किया गया। किसानों को डीआरआर-2, डीआरआर.3, ओर एराइज 6444, किस्म के धान बीज दिया गया। धान बीज वितरण के अवसर पर बीपीएम अभिलाषा कुमारीए ललित कुमार, हीरालाल, धनजंय यादव, धनेश्वर अहीर सहित महिला समूह के सदस्य मौजूद थे।

## गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मिली सहायता राशि

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** रविवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा रामपुर लुपुंगटोली स्थित आवास पर विधानसभा क्षेत्र के चार लाभुकों के बीच एक लाख पचहत्तर हजार रुपये की अनुदान राशी का चेक प्रदान किया गया। विधायक श्री कच्छप ने बताया की उनकी अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष से जोन्हा कामता की मोनोश्वरी कुमारी को कैंसर ईलाज के लिए चालिस हजार रुपए, गिरिबाला देवी को मिर्गी ईलाज हेतू पैंतीस हजार रुपए, सिन्दवारटोली नामकुम की रहनेवाली लक्ष्मी लिंडा को टयूबरकूलोमा ईलाज हेतू पचास हजार रुपए तथा ओरमांझी ईरबा के रहनेवाले खुर्शीद अहमद को किडनी ईलाज के लिए पचास हजार रुपए की अनुदान राशी दी गयी। मौके पर विधायक श्री, कच्छप ने कहा कि जनता के हर सुख दुःख में मैं एवं हमारी सरकार खड़ी है। जनता के हर समस्या के सामाधान करने का काम करूंगा, विधायक ने बताया कि कोरोना काल के कारण कुछ काम बचे हुए है उन्हे जल्द पूरा काने का प्रयास किया जा रहा है।

#### मौके पर थे मौजूद

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र प्रसाद राय, रमेश उरांव, पंकज मिश्रा, मुकेश कुमार महतो, आनन्द राय, मोनोशवरी कुमारी, विदेशी बेदिया, सीमा लिंडा, तारिक अनवर, जितेन्द्र महतो, पंचू तिर्की, प्रवल कुजूर, बबलू लकड़ा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खलारी : पीएलएफआई के कृष्णा यादव के घर चिपकाया इस्तेहार



**खलारी।** पीएलएफआई संगठन के चर्चित नक्सली कृष्ण यादव उर्फ सुलतान जी पर खलारी थाना क्षेत्र के राय कोलयरी साइडिंग में कृष्णा यादव व मोहन यादव के द्वारा गोली चलाने व लेवी की मांग किये जाने के आरोप में वांक्षित अपराधी कृष्णा यादव उर्फ सुलतान जी पिता स्व रामजी यादव पर अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी शिविल कोर्ट रांची द्वारा सरेंडर नही करने पर खलारी महावीर नगर पानी टंकी के पास स्तिथ बने घर में खलारी थाना में पदस्थापित एसआई बाजो रजक, एसआई संदीप कुमार ने ढोल बजाकर कृष्णा यादव घर में इस्तेहार चिपकाया गया। कृष्णा यादव पर कई मामले दर्ज हैं। इसे लेकर खलारी पुलिस ने शिविल कोर्ट के जारी आदेश का पालन करते हुऐ बताया कि जल्द ही सरेंडर करे नहीं तो खलारी में बने आवास पर कुर्की की जाएगी।

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. सोमवार. 26 जून 2023

# गलत दिशा


हम जिस विनिवेश या निजीकरण की शोर से परेशान है वह मात्र शोर ही है या उसमें कुछ विकास कर पाने का दम भी है। सच यह है कि सभी सरकारों का यह एक शोर है जिससे वे अपनी निजीकरण की पॉलिसी को मजबूत होते रहने का दावा करना चाहता है। सही में किसी विनिवेशीकरण का देश में बोलबाला होगा ऐसा सोचना बेईमानी है। बैंक जिसे अपनी परिसंपत्ति मानते रहे हैं असल में वे इनकी देनदारियां हैं। मसलन, इन बैंकों की तमाम जगहों पर शाखाएं हैं जो आज के तकनीक-संचालित बैंकिंग दौर में गले का फंदा ही साबित होती हैं। उनके कर्मचारियों के मामले में भी यही बात लागू होती है। इन बैंकों के करीब 80 फीसदी कर्मचारियों की उस समय कोई जरूरत ही नहीं रह गई है जब कृत्रिम मेधा (एआई) पहले ही काम को अंजाम देने लगी है।

एक शब्द में कहें तो इनमें से अधिकांश बैंकों के पास पूंजी की भारी कमी है और उन पर ऋण का भारी बोझ है। उनके लिए इस स्थिति से आजाद हो पाना खासा मुश्किल होगा, लिहाजा उनकी ब्रिक्री के अलावा कोई चारा नहीं होगा। आरबीआई इस बात को अरसे से समझता रहा है और यही कारण है कि वर्ष 1994 के बाद गठित विभिन्न समितियों की तरफ से इनकी बिक्री के बारे में दी गई अनगिनत सलाहों को दरकिनार करते हुए उसने एक बैंक के दूसरे बैंक में विलय को ही वरीयता दी है। सच तो यह है कि बैंकों को बेचने के अलावा कोई और विकल्प कभी रहा ही नहीं है। सवाल यह है कि जब देश की अधिकांश सरकारी बड़ें उद्योग वैश्वीकरण के प्रतिस्पर्धा में पिछड़कर विनिवेश के लायक नहीं होंगे तब क्या होगा? आखिर निजीकरण की शर्तो को गंभीरता से समझने और उसके पालन होने की बिंदुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता है जिससे हमारी आर्थिक स्थिति लंका और पाकिस्तान जैसी न हो।

# बेघर कोई न हो

मोदी सरकार का महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेप अचल संपत्ति क्षेत्र में किया गया। सरकार शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 18,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इससे इस क्षेत्र में स्थिरता आएगी। सरकारी अनुमानों के मुताबिक इससे 78 लाख रोजगार तैयार होंगे। सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन कर ऐसे मामलों में राहत प्रदान करेगी जहां लेनदेन सर्किल दर से नीचे हुआ हो। अंतर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। यह बात अहम है क्योंकि आर्थिक मंदी के चलते अचल संपत्ति कीमतों में काफी कमी आ गई है। यह कमी स्थानीय सरकारों द्वारा तय सर्किल दर में परिलक्षित नहीं हुई। माना जाना चाहिए कि इससे देश में अनबिके मकानों की तादाद कम होगी। अन्य घोषणाओं के अनुसार सरकार राष्ट्रीय निवेश एवं बुनियादी ढांचा फंड में इक्विटी डालेगी। इससे फंड बढ़ाने और मध्यम अवधि में बुनियादी ढांचा योजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। सरकार पीएम गरीब कल्याण रोजगार योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मुहैया कराएगी। इसका इस्तेमाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रोजगार देने में किया जाएगा। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना इस वर्ष कारगर रही है और इसने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान घरों को लौटे प्रवासी श्रमिकों को जरूरी सहायता मुहैया कराई। सरकार ने पहले इस योजना के आवंटन में 40,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की थी। कुल मिलाकर सरकार ने वित्तीय गतिरोध के बावजूद आर्थिक गतिविधियों की मदद की गुंजाइश निकालकर अच्छा किया है। इस दिशा में शहरों के विस्तार और बेघरों को घर देने का एक बड़ा अभियान चलाने की आवश्यकता है जो सिर्फ केन्द्र के भरोसे नहीं चल सकता। इससे विकास की गति दोगुनी हो सकती है।

# आपातकाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ




**आपातकाल** को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे विवादास्पद एवं अलोकतांत्रिक काल हर वर्ष जून मास आते ही इसका स्मरण ताजा हो जाता है। इसके साथ ही आपातकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेव क संघ की भूमिका भी स्मरण हो जाती है। संघ ने आपातकाल का कड़ा विरोध किया था। संघ के हजारों कार्यकर्ता जेल गए थे एवं बहुत से कार्यकताओं ने बलिदान दिया था।

उल्लेखनीय है कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया था कि इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में अनुचित तरीके अपनाए। न्यायालय ने उन्हें दोषी ठहराते हुए उनका चुनाव रद्द कर दिया था। इंदिरा गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली से उनके प्रतिद्वंद्वी राज नारायण थे। यद्यपि चुनाव परिणाम में इंदिरा गांधी को विजयी घोषित किया गया था। किन्तु इस चुनाव में पराजित हुए राज नारायण चुनावी प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं थे। उन्हों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इंदिरा के विरुद्ध याचिका दाखिल करते हुए उन पर चुनाव जीतने के लिए अनुचित साधन अपनाने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि इंदिरा गांधी ने चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का अनुचित उपयोग किया है।

25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक रहा। इस समयावधि में नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया। सभी स्तर के चुनाव भी स्थगित कर दिए गए। सत्ता विरोधियों को बंदी बना लिया गया। प्रेस पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। पत्रकार भी बंदी बनाए गए। श्रीमती इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के नेतृत्व में पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। कहा जाता है कि इस अभियान में अविवाहित युवकों की भी जबरन नसबंदी कर दी गई। इससे लोगों में सत्ता पक्ष के प्रति भारी क्रोध उत्पन्न हो गया।

माणिकचंद्र वाजपेयी अपनी पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा में लिखते हैं- 'कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन एक विशाल रैली का आयोजन किया तथा इस रैली में देवकांतबरुआ ने कहा-'इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय।' इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वे प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी।


जयप्रकाश नारायण ने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने इसे 'भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि' कहा। माणिकचंद्र वाजपेयी आगे लिखते हैं- 'जयप्रकाश नारायण जी ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, 'सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहां तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जाएगी।' लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने वहीं पर उत्साह के साथ घोषणा कर दी, 'इसके बाद इंदिराजी के त्यागपत्र की मांग लेकर गांव-गांव में सभाएं की जाएंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा।' उसी संध्या को जब रामलीला मैदान की विशाल जनसभा से हजारों लोग लौट रहे थे, तब प्रत्येक धूलिकण से मानो यही मांग उठ रही थी कि 'प्रधानमंत्री त्यागपत्र दें और वास्तविक गणतंत्र की परम्परा का पालन करें।'

आपातकाल के कारण जनता त्राहिमाम कर रही थी। एच वी शेषाद्री की पुस्तक कृतिरूप संघ दर्शन के अनुसार सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा- समाचार-पत्र-पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलों को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था कि इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? इसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता था। संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था। संघ ने प्रारम्भ से ही जन से जन के संपर्क की प्रविधि से अपना निर्माण किया है। जन संपर्क के लिए वह प्रेस अथवा मंच पर कभी भी निर्भर नहीं रहा। अतः संचार माध्यमों को ठप्प करने का प्रभाव अन्य दलों पर तो पड़ा, पर संघ पर उसका रंचमात्र भी प्रभाव नहीं पड़ा। अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गांव तक पहुच जाते हैं। जब आपात घोषणा हुई और जब तक आपातकाल चला, उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारू ढंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए और इसके कारण ही गुप्तचर अधिकारी भूमिगत कार्यकताओं के ठौर ठिकाने का पता नहीं लगा सके।

सर संघचालक बालासाहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूर्व उन्होंने आह्वान किया था कि इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोयें। सर कार्यवाह माधवराव मुले तथा उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी के आदेशानुसार संघ-कार्य जारी रखें तथा यथापूर्व जनसंपर्क, जनजागृति और जनशिक्षा का कार्य करते हुए अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करने की क्षमता जनसाधारण में निर्माण करें। संघ के स्वयंसेवकों ने उनके आह्वान के अनुसार ही कार्य किया।

आपातकाल की घोषणा के कुछ दिन पश्चात 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। लोक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आपातकाल विरोधी संघर्ष में एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह किया।

आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल एक लाख 30 हजार सत्याग्रहियों में से एक लाख से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थे। मीसा के अधीन जो 30 हजार लोग बंदी बनाए गए, उनमें से 25 हजार से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता अधिकांशतः बंदीगृहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गए। उनमे संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख श्री पांडुरंग क्षीर सागर भी थे।



-डॉ सौरभ

> गौरतलब है कि शासन ने ऐसा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह याद दिलाने के बावजूद किया कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, एक निमार्णाधीन परियोजना है और परिपत्र के मानक यहां भी लागू होते हैं। इतना ही नहीं, चारधाम परियोजना को शासन के मनचाहे तरीके से निर्मित कराने के लिए कमेटी अध्यक्ष हस्ताक्षरित रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय, कुछ सदस्यों द्वारा अलग से रिपोर्ट पेश कराने का खेल खेला गया।

## खास बात

### आइटी कंपनियों पर दबाव

**निकिता वशिष्ठ**

वैश्विक आईटी कंसल्टिंग फर्म एक्सेंचर द्वारा मार्च-मई तिमाही के मजबूत प्रदर्शन के बावजूद भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को 3 प्रतिशत तक की कमजोरी आई, क्योंकि विश्लेषक इस सेक्टर पर लगातार मध्यावधि समस्याएं छाए रहने का संकेत दे रहे हैं। निफ्टी आईटी सूचकांक शुक्रवार को 0.9 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी-50 सूचकांक में 0.9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

सिक्योरिटीज के विश्लेषकों के अनुसार, एक्सेंचर की तीसरी तिमाही के दौरान सालाना आधार पर विभिन्न वर्टिकलों और अमेरिकी क्षेत्रों में वृद्धि दर में नरमी दर्ज की गई, जिससे भविष्य में भारतीय आईटी सेवाओं के लिए राजस्व की रफ्तार धीमी पड़ने का संकेत दिख रहा है।ब्रोकरेज फर्म भारतीय आईटी सेवाओं पर 'अंडरवेट' बनी हुई है, क्योंकि जोखिम से मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है।डबलिन स्थित एक्सेंचर ने तीसरी तिमाही में 16.16 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो एक साल पहले दर्ज 13.26 अरब डॉलर के राजस्व की तुलना में 22 प्रतिशत की वृद्धि है। कंस्टेंट करेंसी (सीसी) संदर्भ में, वृद्धि 27 प्रतिशत थी और यह अनुमानित दायरे से ऊपर थी।राजस्व वृद्धि को संचार, मीडिया एवं प्रौद्योगिकी (सीएमटी) और उत्पाद वर्टिकलों (प्रत्येक की 31 प्रतिशत वृद्धि), और कंसल्टिंग (30 प्रतिशत) से मदद मिली।

साथ ही, जेफरीज का मानना है कि एक्सेंचर के वित्त वर्ष 2022 के संशोधित अनुमान (सीसी संदर्भ में सालाना आधार पर 24-26 प्रतिशत से बढ़ाकर 25.5-26.6 प्रतिशत) का मतलब है निचले स्तर पर 3 प्रतिशत की राजस्व गिरावट और तिमाही आधार पर ऊपरी स्तर पर सपाट राजस्व।

एक्सेंचर ने 17 अरब डॉलर के सौदों की बुकिंग दर्ज की, जो सालाना आधार पर 10 प्रतिशत तक अधिक है, लेकिन तिमाही आधार पर 13 प्रतिशत कम है। वहीं बुक-टु-बिल अनुपात कोविड-पूर्व स्तरों के आसपास पहुंच गया, जिसमें कंसल्टिंग बुकिंग 9.1 अरब डॉलर और आउटसोर्सिंग बुकिंग 7.8 अरब डॉलर पर रही।

# शिव तत्व

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**लिंग** पूजा का विधान शिव के साकार विग्रह की उपासना से भी अधिक प्राचीन है।शिवलिंग परमशिव का प्रथम व्यक्त प्रतीक है। जब संसार में कुछ नहीं था, तब निराकार ने स्वयं को लिंग रूप में प्रकट किया। अतः शिवलिंग संसार का प्रथम दैवीय प्रतीक, ईश्वरीय प्रतीक माना गया है। भूलना नहीं कि शिव और शिवा एक हैं, जैसे लकड़ी में अग्नि छुपी रहती है वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व छुपा है। जैसे जल में तरलता है, वैसे ही शिव तत्त्व में शिवा तत्त्व है। ये दोनों एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं। जैसे शरीर में बल है, लेकिन छुपा है, जब आवश्यकता होती है, तब शरीर में बल प्रकट होती है। उगर एक गिलास उठाना हो, तो गिलास उठाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, प्रकट होगी। अगर एक टेबल को उठाना हो तो टेबल उठाने के लिए शक्ति शरीर में, मांसपेशियों में प्रकट होगी। अगर अलमारी को हिलाना हो तो अलमारी हिलाने के लिए जितनी शक्ति चाहिए, उतनी प्रकट होगी। शक्ति हमेशा शरीर के भीतर सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहती है। उसी प्रकार शिव तत्त्व के भीतर शिवा तत्त्व सूक्ष्म रूप में हमेशा विद्यमान रहता है। यह शिवलिंग उसी शिव और शक्ति के स्वरूप का परिचायक है। लिंग जिस पर स्थापित है, उसे अर्घा या पीठ कहते हैं। वह अर्धा शक्ति का स्वरूप है। लिंग नाम क्यों दिया गया है? लिंग साक्षात परमशिव का प्रतीक है और लय का अधिष्ठान होने के कारण उसको लिंग कहते हैं। जब सारी सृष्टि विलीन हो जाता है, समाप्त हो जाती है।

**मनुष्य** का अहंकार उसके जीवन की प्रगति और आध्यात्मिक पथ में सबसे बड़ी बाधा है। इसलिए सरल, विनम्र और सदाचारी बनें। जीवन की सुंदरता सरलता और विनम्रता में निहित है।

– स्वामी अवधेशानंद गिरी

## आपके ट्वीट

केंद्र सरकार की 100% फंडिंग से संचालित विशेष केंद्रीय सहायता से ग्राम खरटी में लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम लगा है। जहां बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की गुंजाइश न हो, लिफ्ट एरिगेशन से सिंचाई की व्यवस्था उत्तम सोच है।

– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





**जिनके** दिल में राष्ट्रहित सर्वोपरि है, जिनमें लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता है, ऐसे युवाओं से मेरा आह्वान है कि वो आगे आएं और बीजेपी के माध्यम से देश की सेवा में जुट जायें।

–नरेन्द्र मोदी

# आपातकाल: लोकतंत्र पर जबरदस्त आघात

**सुरेश हिंदुस्थानी**

**सत्ता** की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है, इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इसे एक प्रकार से देश की आजादी को छीनने का दुस्साहसिक प्रयास भी माना जा सकता है। क्योंकि इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। इसे कांग्रेस का स्वभाव ही माना जा सकता है कि उसने देश को मजबूत करने वाली आवाज को मुखर नहीं होने दिया। इसी कारण नेशनल हेराल्ड में जब जांच की बात आती है तो कांग्रेस के नेता एकजुट होकर ऐसा प्रदर्शन करते हैं, जैसे वही सही हैं और बाकी सभी गलत। कांग्रेस पार्टी ने एक नहीं कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्र विरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस गाहे बगाहे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करती रही है, उसने ही 25 और 26 जून 1975 की रात को आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था।

## इतिहास

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा।

आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुए लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया और उनके मुकाबले हारे और श्रीमती गांधी के चिर प्रतिद्वंद्वी राजनारायण सिंह को चुनाव में विजयी घोषित कर दिया था। राजनारायण सिंह की दलील थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, तय सीमा से अधिक पैसा खर्च किया। न्यायालय ने इन आरोपों को सही ठहराया था। इसके बावजूद श्रीमती गांधी ने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देने से इनकार कर दिया और देश में आपातकाल घोषित कर दिया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के साथ ही गुजरात में चिमनभाई पटेल के विरुद्ध विपक्षी जनता मोर्चे को भारी विजय मिली। इस दोहरी चोट से इंदिरा गांधी बौखला गईं। इन्दिरा गांधी ने न्यायालय के इस निर्णय को मानने से इनकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की घोषणा की और 26 जून को आपातकाल लागू करने की घोषणा कर दी गई।

## कॉर्टून वर्ल्ड

महिलाओं के प्रति ......



## लेटर टू एडिटर

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। बिहार ही नहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता से लागू करें यह जरूरी है। –रोहित शर्मा, रांची

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। श्रावण माह आ रहा है ऐसे में मिलावट की आशंका बढ़ गयी है। –शिवकुमार, गढ़वा

# प्राण का तकिया कलाम और गेटअप

## सिनेमा

**अजय कुमार शर्मा**

**अपने** किरदारों को यादगार तथा फिल्म इंडस्ट्री में लंबे समय तक अपनी मांग और लोकप्रियता बनाए रखने के लिए प्राण ने अपने मेकअप ( रूप सज्जा ), गेटअप (वस्त्र सज्जा) और बोलने के ढंग (लहजे) पर विशेष मेहनत तो की ही, यह भी ध्यान रखा कि इनमें दोहराव न हो। बोलने के खास लहजे या ₹तकिया कलाम₹ की बात करें तो फिल्म 'पत्थर के सनम (1960) में उनके द्वारा इस्तेमाल किया गया तकिया कलाम था- क्यों? ठीक है ना ठीक ? यह तकिया कलाम उन्होंने लाहौर में फिल्में करते समय रूप के शौरी के मामाजी से लिया था जो उनके स्टूडियो की देखभाल किया करते थे। फिल्म दस लाख (1966) में उन्होंने अपनी हर बात को दुबारा गलत अंग्रेजी में बोलकर हास्य का पुट भरा तो फिल्म 'कश्मीर की कली' (1964) में 'स' को श बोलकर शताले, शताले शम्पा कभी तो मेरा शमय भी आएगा' ने भी दर्शकों को खूब हंसाया। फिल्म कसौटी (1974) में की गई नेपाली गोरखे की भूमिका में नेपाली लहजे में बोला गया तकिया कलाम हम बोलेगा तो बोलेंगे कि बोलता है ₹ भी काफी लोकप्रिय हुआ था।

अपनी खलनायकी को खूंखार और डरावना बनाने के लिए उन्होंने कई फिल्मों में सिगरेट या बीड़ी पीने तथा पान खाने के अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया। फिल्म मयार्दा (1971) में उन्होंने जलती हुई सिगरेट को जीभ द्वारा मुंह के अंदर ले जाकर जीभ या होठ जलाए बिना दोबारा उसी तरह होठों पर लाने का करिश्मा किया (आमिर बान ने इस तरीके की नकल फिल्म गुलाम में की)। फिल्म 'दिल तेरा दीवाना' (1962) फिल्म में वह अपने मुंह में दबाई बीड़ी को बोलते समय जीभ के निचले होठ से एक सिरे से दूसरे सिरे तक घुमाते रहते थे।

अपनी बेटी के डांस टीचर जो कि विकलांग थे और खास तरीके से चलते थे की नकल उन्होंने 'हीर-रांझा' (1970) में लंगड़े की भूमिका करते हुए की। फिल्म 'चोर के घर चोर (1978) में एक पागल के किरदार के लिए उन्होंने उस पागल का गेटअप लिया जिसे वे बांद्रा में अक्सर देखा करते थे और जो मिलिट्री की पोशाक और उस पर मेडल लगाकर सीटी बजाता रहता था।

उनके विग और गेटअप हमेशा कुछ अलग होते थे और दर्शकों को बेहद पसंद आते थे। विश्व प्रसिद्ध हस्तियों के प्रति विशेष आकर्षण के चलते उन्होंने खानदान (1966) फिल्म में हिटलर की तरह छोटी मूछें और बाल रखे। अमर अकबर एंथोनी में उनकी दाड़ी और कपड़े अब्राहम लिंकन जैसे थे। फिल्म जुगनू (1973) में प्रोफेसर की भूमिका के लिए उन्होंने शेख मुजीबुरहमान जैसा मेकअप और गेटअप किया था। यानी उन्हीं के जैसी कुर्ता, विग, मोटे फ्रेम का चश्मा और मूंछें। बाद की फिल्मों निगाहें (1989) में उन्होंने सैम पित्रोदा की तरह दाड़ी और फिल्म जोशीले (1973) में शशि कपूर के ससुर ज्योफ्री कैंडल की तरह दाढ़ी रखी। वेशभूषा की सत्यता के लिए प्राण जिस धर्म का किरदार निभा रहे होते तो उसी समुदाय के किसी भी व्यक्ति से सहयोग लेने में नहीं हिचकते थे। फिल्म 'कसौटी' में उन्होंने एक नेपाली गोरखे की भूमिका के लिए अपने मित्र से गोरखाओं जैसे कपड़े तो मंगाए ही साथ ही उनके द्वारा साथ रखी जाने वाली खुखरी तक मंगाई और उसे शूटिंग में भी ले गए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के 9 साल सेवा व सुशासन के रूप में मनायें : पटेल

## बिष्णुगढ़ में भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता




**विष्णुगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूरे होने पर टेकलाल महतो डिग्री कॉलेजविष्णुगढ़ में प्रबुद्ध सम्मेलन हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल हुए शामिल। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के 9 साल सेवा और सुशासन के रूप मे मनाएं। मौके पर कई सेवा निवृत प्रबुद्ध जनों को श्री विधायक ने बारी बारी से शॉल वो बुके दे कर सम्मानित किया गया।

वहीं उपस्थित प्रबुद्धजनों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्यायें गिनाई, जिसमे बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई विष्णुगढ़ शाखा के रवैईये से हों रहे परेशानी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बैंक खाते मे अपडेट नहीं होता,पास बुक प्रिंट नहीं होने से कई परेशानी हों रही है, वहीं बार कोड देकर मशीन नहीं होने की समस्या बताई। जिसमें विधायक ने त्वरित एक्शन लेते हुए सम्मेलन के दौरान हीं बैंक मैनेजर को फोन लगाया, और शाखा प्रबंधक को मामले पर गंभीर होने को कहा कि सिस्टम मे सुधार कीजिये ताकि प्रबुद्धजनों को बार-बार बैंक न आना पड़े, विधायक खुद अपने मोबाइल से प्रबुद्धजनों को बैंक मैनेजर के उपस्थित में हीं समस्याएं रखने को कहा और प्रबंधक से बात कर्रवाई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में जी-20 सम्मलेन किया गया, 370 जैसे कानून को बदला, लाखों हिन्दुओ का आस्था राम मंदिर बनवाया जैसे कई जनकल्याण कारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। वहीं लोगो सुशासन का बुकलेट भी वितरित की गई जिसमे मोदी जी के कल्याण कारी योजनायें लिखित है। सम्मेलन का संचालन प्रखंड महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने किया। मौके पर, सैकड़ो प्रबुद्ध जनों के गुरु साव महादेव महतो, केवी मंडल मधुसूदन प्रसाद, बासुदेव महतो , सुरेश राम, के अलावे बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

# स्पीड न्यूज

## करियर गाइडेंस सेमिनार आयोजित




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के कुरसे फोरलाइन स्थित चिलेक्स फुडयोटिका में रविवार को सद्भावना मंच और आस्क एकाडेमी के तत्वावधान में करियर गाईडेंस पर सेमिनार हुआ। इसमें मुख्य रूप से राणा विक्रम सिंह डायरेक्टर रांची उपस्थित थे। सेमिनार में आट्र्स, कॉमर्स और साईंस के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राणा विक्रम सिंह ने कहा कि आप तीनों संकाय के लिए करियर की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था छात्र-छात्राओं को बेहतर गाईडेंस देकर रोजगार के अवसर प्रदान करने का काम करती है। श्री सिंह ने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारना ही सद्भावना मंच और आस्क एकाडेमी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। सेमिनार में आट्र्स, कॉमर्स और साईंस तीनों संकाय के बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। मौके पर डॉ. एसजे अख्तर, निशा, स्वाति, फरहत, निखत, सुफियान, जिसान, सपाम सहित कई विद्यार्थी मौजूद थें।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान




**कुजू।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को दिगवार में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच जनसंपर्क किया गया।अभियान में मुख्य रूप से भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल हुए। इस बीच नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया। जनसंपर्क अभियान में रंजीत कुमार सिन्हा, हरि नारायण कुशवाहा, संजय शाह, कुलदीप कुशवाहा, अर्जुन यादव, डॉ रोहन लाल, विनोद प्रसाद, प्रमोद यादव, अनिल कुशवाहा, दिलेश्वर कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, संजय यादव, नारायण यादव, कैलाश कुशवाहा, बनू महतो आदि शामिल थे।

## गरीबों की सेवा करता रहेगा मंच





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, भाजपा उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। डब्लू सिंह सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 7 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्य में सब को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए।

## कमेटी गठन को ले जदयू की बैठक



**कुजू।** जनता दल यूनाइटेड की बैठक आरा उतरी पंचायत भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता देव कुमार महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव जगदीश महतो शामिल हुए। बैठक के दौरान आरा उतरी एवं दक्षिणी के पंचायत कमिटी गठन को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने विकास से संबंधित अपने बातों को रखा। प्रत्येक वार्ड में कमिटि प्रभारी बनाया गया। साथ ही 2 जुलाई को आरा उतरी पंचायत भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल शामिल होंगे। बैठक में जिला सचिव उमेश प्रसाद साहू, रोहन महतो, गोविंद महतो, प्रेम महतो, अजय महतो, कृष्णा महतो, रमाकांत पटेल, डॉ कपिल प्रसाद, प्रेम महतो, प्रदीप वर्मा, देव कुमार महतो, विशाल मल्हार आदि मौजूद थे।

## यज्ञ में हुए कई धार्मिक अनुष्ठान



**कुजू।** कुंदरिया बांध कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराये गये। इस दौरान यहां यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय की अगुवाई में सहयोगी शत्रुघ्न तिवारी, प्रवीण पांडेय, प्रकाश पांडेय, अंजय पांडेय, गौतम पांडेय, नवीन पांडेय प्रकाश, पांडेय, गौतम पांडेय, अमित तिवारी ने यजमान बने महेंद्र प्रसाद मेहता, चिंतामणि महतो, लखन प्रसाद, मनोज साव, बबलू गुप्ता सपत्नीक को मंडप प्रवेश सहित कई कार्य कराये गये। वहीं यज्ञशाला की परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भंडारे में लोगों की भीड़ लगी रही।

## भटके हुए लोग फिर से मोर्चा में शामिल

**चरही ।** रविवार को फुसरी के सालगा टोला स्कूल में रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा लोकल सेल को लेकर एक बैठक आहूत किया गया। बैठक में लोकल सेल को सुचारू रूप से कैसे चलाया जाए को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। साथ ही मोर्चा को और भी मजबूत करने पर चर्चा किया गया।तथा मोर्चा के कुछ सदस्यों के बीच पूर्व में असमंजस कि स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसको लेकर कुछ लोगों ने भटक कर मोर्चा को छोड़ के अन्य दूसरे गुट में शामिल हो गए थे। दूसरे गुट में मान- सम्मान नही मिलने के कारण रविवार को पुनः मोर्चा में शामिल हो गए। वापसी करने वालों में गुलाम रब्बानी,मो. साबिर अंसारी,सुरेश मुर्मू,अशोक उरांव, लालो मुर्मू,मोहन प्रजापति, नीलकंठ महतो,प्रकाश हंसदा, मोतीलाल हंसदा,मो.शरीफ,समेत दर्जनों लोगों है। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू, सचिव मन्नू टुडू,बाढ़ो मांझी,संजय मुर्मू,राजेश कुमार हंसदा,मनोज टुडू, बॉबी करीम,श्याम मरांडी,नरेश टुडू, बिनोद मुर्मू,सहित कई लोग उपस्थित थे।

# यादों के लम्हों में फूटा भावनाओं का ज्वार

- गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं का मिलन सह सम्मान समारोह
- भावुक हुए पुराने प्रशिक्षु, साथियों संग ताजा किये गुजारे पल

## ऐ वक्त रुक जा, थम जा ठहर जा, वापस जरा दौड़ पीछे...



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** ऐ वक्त रूक जा, थम जा ठहर जा, वापस जरा दौड़ पीछे। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में रविवार को आयोजित पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं के मिलन सह सम्मान समारोह में सचमुच पल कुछ थम सा गया था। पुराने प्रशिक्षु भावनाओं के ज्वार में बह रहे थे। कोई भगवान बुद्ध की प्रतिमा के पास यहां गुजारे पल की यादें ताजा कर रहा था, तो कोई दूसरे तल के बरामदे में बैठ ठंडी हवाओं के झोंके खाते स्मृतियों को जिंदा कर रहे थे। मंच पर भी प्रशिक्षुओं ने अपने वक्तव्य से यहां बताए लम्हों और प्रशिक्षण के दौरान सीखी बातों को सबके सामने साझा किया।

यहां बीते हरेक लम्हे को पूर्ववर्ती प्रशिक्षु जी लेना चाहते थे। पता नहीं फिर पुराने साथियों से कब मुलाकात हो। कभी साथ-साथ प्रशिक्षण लेते वक्त वह एनएसएस के बैनर तले गांवों की साफ-सफाई करना, तो कभी रैली निकालना, कभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देना, टिफिन में शोर-शराबा, तो शिक्षकों को देख क्लास रूम में घुस जाना। इस कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान क्या कुछ नहीं सीखा। आज शिक्षक बन वही प्रशिक्षण जीवन में काम आ रहा है। आज जिस स्कूल में पढ़ा रहे हैं, वहां नौनिहालों का भविष्य गढ़ने के दौरान यहां मिले प्रशिक्षण का महत्व समझ में आ रहा है।

इस कार्यक्रम में कोई कॉलेज को नैक में मिले बी ग्रेड की चर्चा कर रहा था, तो कोई विशाल विवेकानंद सभागार बन जाने की बात कह रहा था। वर्ष 2008 से 2022 तक के प्रशिक्षुओं की यादें यहां ताजा हो रही थीं।

उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि इस कॉलेज के कई पूर्ववर्ती प्रशिक्षु विभिन्न ओहदों पर कार्यरत हैं। वह वर्तमान प्रशिक्षुओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। वे कॉलेज से जुड़कर रहें ताकि जिन्हें नौकरी नहीं मिली है, उन्हें कैंपस के माध्यम से रोजगार का अवसर प्रदान कर सके( सचिव मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं की भूमिका समाज निर्माण में महत्वपूर्ण है। उनका विचार कॉलेज के विकास में अहम योगदान दे सकता है। सामूहिक प्रयास से ही मंजिल मिलती है। मौके पर पूर्वर्ती प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापिका डॉ वसुंधरा कुमारी और मंच संचालन कुमारी अंजलि ने किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कई पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने किया।

मौके पर पुष्पा कुमारी, दीपमाला, रचना कुमारी, अब्राहम धान, परमेश्वर यादव, कनकलता, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, गुलशन कुमार, दशरथ कुमार, एस एस मैती दिलीप कुमार सिंह, कश्यप कुणाल, संदीप कुमार खलखो, संदीप कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में रविवार को सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल पूरा होने पर महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत पटेलनगर पंचायत वासियों से घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पंचायतवासियों को दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गए उत्ष्ठ कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में अनेको विकास के कार्य हुए। उन्होंने महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने-अपने बूथ पर निवास करने वाले सभी भाजपाईयों से पीएम नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के विकास कार्यों को एक-एक घर जाकर आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में लगा फ्री हेल्थ कैंप



**बरही।** चकुराटांड स्थित रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल परिसर में एक मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। निःशुल्क जांच शिविर हेल्थ प्वाइंट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरियातू रांची के सहयोग से आयोजित किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में न्यूरो सर्जन डॉ. जतिन कुमार सेठी, ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. सैयद और जनरल फिजिशियन डॉ. पूजा झा और फिजियोथेरेपिस्ट गोपाल कुमार शामिल थे। 800 लोगों ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया। इसके अलावा स्कूली छात्रों की भी पूरी मौजूदगी रही। इसे सफल बनाने में विद्यालय के चेयरमैन ए.के. सिंह, समिति सदस्य ज्ञान मंजरी देवी, विद्यालय सचिव अभिषेक कुमार, प्राचार्य अनुप कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक आलोक कुमार, पंकज कुमार, संजय रविदास, शिव पाठक, प्रशांत कुमार, सुनील पांडे, पवन कुमार, शेरोन थॉमस, रीता कुमारी, उषा देवी, इंदु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मिस वंशिका चौरसिया, मिस रितिका चौरसिया, अंजू कुमारी, मिस प्रतिमा कुमारी और मि. सुभाशीष पाईन ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## झामुमो का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**बड़कागांव।** झामुमो का प्रखंड स्तरीय बैठक सोनी धर्मशाला बड़कागांव में हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड किशोर राणा एवं संचालन प्रखंड सचिव बासुदेव यादव ने किया।समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया है पंचायत कमेटी गठन करना है। बूथ स्तरीय कमेटी बनाना है। किशोर राणा ने कहा प्रत्येक पंचायत में सदस्यता अभियान चलाकर पंचायत में 200 करके नए सदस्य बनाया जाएगा अगले 2024 में विधानसभा के तैयारी करना है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, वरिष्ठ नेता रफीक अंसारी,विशेश्वर राम,रश्मि टूडू शांति देवी,संजय भुईया,नंद किशोर भुईया,मोहम्मद हुसैन ,सफीक हुसैन,अनिता कुमारी,सुनीता देवी, विनोद यादव,सुरेश यादव,अशोक गुप्ता,सचिन राम,सोमर राम,सोहेल असगर,बरजु राम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## केंद्र हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के साथ कर रहा सौतेला व्यवहार : मो वारिस



**बरही।** सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस नेता मो वारिस अंसारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के साथ अप्रत्यक्षरूप से सौतेला व्यवहार कर रही है।उन्होंने बताया कि हजारीबाग में हवाई जहाज का सेवा प्रारंभ करने की सभी अहताएं पूरी करने में सक्षम है।इस निमित वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव से पूर्व वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा द्वारा भूमि पूजन भी किया गया लेकिन अब तक कुछ नही हो पाया है। जबकि झारखंड के दो अन्य जिले बोकारो व दुमका में हवाई सेवा शुरू करने की अनुमति भारत सरकार द्वारा दी जा चुकी है। ऐसे में यह सवाल सभी के मन में चलने लगी है कि क्या भारत सरकार हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, अगर हां तो इसका गुनहगार कौन है, अगर नहीं तो सांसद के दो कार्यकाल गुजरने के करीब होने के बावजूद भी अब तक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल दिखाई क्यों नहीं दिया? इसका जवाब स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा को देना चाहिए।

# आनंद साई के स्थापना दिवस के दूसरे दिन हुई विशेष पूजा

## बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन रविवार को मंदिर परिसर में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ। पूजन एवं हवन अनुष्ठान में पुजारी राजेश पांडे ने यजमान अजीत जायसवाल, अमित सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता, विनोद सिन्हा, संतोष सिन्हा, सुबोध सिन्हा, मनोज सिन्हा सपत्नीक के हाथों विधिपूर्वक पूजन और हवन अनुष्ठान संपन्न करवाया। इस दौरान मंदिर परिसर साई बाबा के भजनों से गुंजायमान होता रहा। जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। पूजन एवं हवन अनुष्ठान संपन्न होने के उपरांत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**भंडारा आज :** स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिन सोमवार को 12:30 बजे से मंदिर परिसर में भंडारा होगा, जिसमें हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु पहुंचेंगे। ाद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने में किसी तरह की परेशानी नही हो, इसकी तैयारी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कर ली गई है। समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं के बीच व्यवस्थित तरीके से प्रसाद वितरण होगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नही हो।

### ये हुए शामिल

आनंद साई दरबार के स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन जितेंद्र प्रसाद डब्लू, मुन्ना सिन्हा,राजेश साव, विनोद साव, अरविंद अग्रवाल, आनंद प्रताप सिंह,अशोक कुमार, सन्नी सिन्हा, मोहन ठाकुर, विजय सिंह,गोलू कुमार, कौशल सिंह,प्रमोद सिंह, संतोष सिंह, उमेश सिंह,जीतू अग्रवाल, मोनू सिन्हा, अंकित सिन्हा, संजय दांगी, बादल, उत्तम, नवनीत, मनोज मंडल, अजय कुमार,बसंत कुमार, कैलाश चंद्र साह, आयुष कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद, धनंजय कुमार पुटूस,शीतल सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मल्लिका दत्ता , सतीश कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश सिन्हा, मिथिला रजक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# एक नजर में

## प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए जयंत सिन्हा




**रामगढ़।** मारवाड़ी धर्मशाला में भाजपा ने रविवार को प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,रंजीत सिन्हा,तिलकराज मंगलम,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,छोटन सिंह,कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो उपस्थित थे। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएं।

## इको सेंसेटिव जोन के खिलाफ होगा आंदोलन

**कटकमसांडी।** केंद्र सरकार द्वारा इको सेंसेटिव जोन घोषित किए जाने व कमिटी गठन को लेकर कंचनपुर पंचायत मुख्यालय में उप मुखिया प्रकाश कुमार कुशवाहा के अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई। बैठक में सम्पूर्ण पंचायत क्षेत्र को इको सेंसेटिव जोन घोषित किए जाने के विरुद्ध एक जन आंदोलन का रूप दिए जाने पर सहमति बनी। बैठक में इचाक व कटकमसांडी प्रखंड की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में इको सेंसेटिव जोन के मुख्य सलाहकार राजेश कुमार गुप्ता व सचिव राजेश कुमार मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार करते हुए इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति के पंचायत अध्यक्ष कृष्णा यादव, सचिव पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, उपाध्यक्ष भोला राणा, को मनोनीत किया गया, वही सदस्य के रूप में नरेश प्रसाद कुशवाहा राकेश कुमार ,गोविंद साहू, अशोक राणा, नारायण कुशवाहा, टेक नारायण कुशवाहा, रामचंद्र रविदास, अनिल पासवान, हेमराज साहू, बद्रीनारायण कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, सदस्य मनोनीत किए गए, वही बैठक में दर्जनों महिला पुरूष उपस्थित थे।

## यौन शोषण करने वाला युवक गिरफ्तार

**दारू।** दारू थाना पुलिस ने शनिवार को शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ छह माह से यौन शोषण करने वाला युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बारे में में भुक्त भोगी थाना क्षेत्र के पेटो निवासी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने 22 जून को थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई थी। थाना को दिए गए आवेदन में कहा कि चुरचू प्रखंड अंतर्गत बोदरा निवासी हुलास महतो पिता केदार महतो से उसका एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। छह माह पूर्व लड़का लड़की के घर गया था,उस दिन उसके माता पिता घर पर नही थे। इस का फायदा उठाते हुए उसने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसी वर्ष 8 अप्रैल को वह शादी करने का झांसा देकर उसे अपने साथ महाराष्ट्र के कोल्हापुर ले गया, जहां लड़के ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान लड़की द्वारा बार बार शादी करने का दबाब देने पर वह तु तू मैं मैं करने लगा और 22 जून के शाम को वह उसे उसके गावँ पेटो में छोड़कर खुद अपना घर बोदरा चला गया।

## रैबर पैक्स से किसानों को मिला धान का बीज

**कटकमसांडी।** रैबर पैक्स में अनुदानित दर पर मिलने वाला धान बीज का वितरण कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा और पंचायत प्रतिनिधियों व किसानों के उपस्थिति में रविवार से शुरू किया गया। मालूम हो कि किसानों के बीच प्रतिवर्ष सहकारिता विभाग के माध्यम से अनुदानित दर पर धान, अरहर, तिल व मक्के का बीज किसानों को दिया जाता है। मगर इस बार उत्तम क्वालिटी की धान का बीज दिया जा रहा है। उक्त पैक्स अध्यक्ष मुनेश्वर साव ने बताया कि मरे पास आई आर 64 , अराइज तेज गोल्ड,शोधित व डीआरआर एच टू हाई ब्रीड धान का बीज उपलब्ध है। उक्त बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को दिया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि किसानों को खुले बाजार से महंगे दर पर बीज खरीदने के बजाए सरकार द्वारा अनुदानित दर पर मिलने वाला बीज खरीद कर अपने उपज को डेढ़ से दो गुणा बढ़ा सकते हैं।बीज वितरण के अवसर पर पैक्स अध्यक्ष मुनेश्वर साव,पंचायत के मुखिया कलावती देवी ,मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव , उप मुखिया महादेव यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने नलजल योजना का किया शिलान्यास

**बरकट्ठा ।** विधायक अमित कुमार यादव ने हर घर नलजल योजना का शिलान्यास रविवार को किया। प्रखंड के चेचकपी, बेलकपी के बंडासिंघा और तुईयो में किया गया । विधायक ने कहा कि गर्मी में भूजलस्तर पाताल चला जाता है। ऐसे में नलजल लोंगो के लिए वरदान साबित होगा। कहा कि क्षेत्र में लोंगो के सहूलियत और विकास कार्य से हर गांव को जोड़ने का लक्ष्य है। शिलान्यास समारोह में प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया रीता देवी, मुखिया ललिता पांडेय, पंस सदस्य लालमुनी देवी, संवेदक बालाजी इंटरप्राइजेज के संचालक समेत आदि लोग मौजूद थे।

## बरकट्ठा : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**बरकट्ठा ।** थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द में एक ट्रक के चपेट में बाइक पर सवार दो युवक के आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में एक युवक के पैर से लेकर कमर तक गाड़ी चढ़ गया। जबकि दूसरा सड़क से दूर जा गिरने से घायल हो गया। दोनों रोड पर तड़पते रहे। पुलिस के पहुंचने पर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बरकट्ठा लाया गया। यहां आनन फानन में उसे रेफर किया गया। घायल युवकों में छोटू कुमार पिता दिनेश भुइयां, साकिन भूली सेक्टर दो, धनबाद और रोहन कुमार पिता संतोष भुइयां, धनबाद शामिल है।

## दारू : आधार बनाने को ले प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा है दिव्यांग बिरहोर



**दारू।** झारखंड सरकार में बिरहोर जाति को विशेष संरक्षण दिया गया है जिनके भलाई के लिए कई योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। इन सब योजनाओं से अनजान बड़वार विरहोर टोला निवासी 60 वर्षीय सोमर बिरहोर को कोई भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सोमर एक हांथ और एक पैर से बिकलांग है और वह लाठी के सहारे चलता है। सोमर का अबतक आधार कार्ड भी नहीं बना है। वह शनिवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचा जहां उसने आधार कार्ड बनाने का आग्रह संबंधित कर्मियों से किया। सोमर के साथ आये बिरहोर साथी ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ में पिछले कई वर्ष पूर्व लापता हो गया था बड़ी मुश्किल से वे लोग उसे खोज कर कुछ माह पूर्व बड़वार विरहोर टोला लेकर आये है। यहां इसे जीवन यापन करने में उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए वे लोग उसे लेकर प्रखंड मुख्यालय आये है ताकि उसका आधार कार्ड बन जाये जिससे उसे राशन और पेंशन का लाभ मिल सके। इस बारे में प्रखंड कर्मियों ने पहले उसका वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की ताकि इस कार्ड के आधार पर उसका आधार कार्ड जल्द से जल्द बनाया जा सके। जिंदगी से मायुष सोमर के साथ प्रखंड के कर्मियों ने काफी अच्छा व्यवहार कर उसका सहयोग किया अब उसे उम्मीद है कि जल्द ही उसका आधार कार्ड भी बन जायेगा।

स्पीड न्यूज

## मछली बेच रहे युवक पर हुआ जानलेवा हमला, रॉड से किया गया वार

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के मिशन चौक दाडुटोली निवासी 14 वर्षीय राजा कुमार साहु पर पांच युवकों ने रड से रविवार को जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में राजा बुरी तरह घायल हो गया। जिसे गश्ती कर रहे पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसके सर पर पंद्रह टांके लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार राजा कुमार साहु बेडो चानगनी टोली का रहने वाला है जो फिलहाल अपने जीजा रवि सिंह के दाडुटोली स्थित घर में रहता है। जीजा मिशन चौक में मछली बेचता है। रविवार को उसके जीजा के खाना खाने के लिए घर जाने के बाद राजा मछली बैठकर बेच रहा था। इसी दौरान आजाद बस्ती के पांच युवक हाथों में रड लेकर आये और बिना कुछ कहे ही उसपर रड से ताबडतोड़ हमला कर दिया। जिसे राजा का सर फट गया और लहुलुहान हालत में गश्ती कर रही पुलिस ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो थाना परिसर में शनिवार को बकरीद त्योहार मनाने को ले शांति समिति की बैठक का आयोजन बीडीओ पवन कुमार व सीओ कमलेश उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बकरीद का त्योहार सौहार्द वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने कहा कि त्योहार में किसी भी तरह का अफवाह नहीं फैलाएं। किसी भी त्योहार को आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा कि किसी प्रकार के अफवाह फैलाने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार में प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उप प्रमुख मधुलिका रानी द्वारा क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने की बात कही गई। बैठक में उप प्रमुख मधुलिका रानी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उरांव, इम्तियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

## शहीद के परिजनों व पूर्व सैनिकों को किया जा रहा है सम्मानित : भिखारी

**घाघरा।** घाघरा और आदर भाजपा मंडल के द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से चांदनी चौक घाघरा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में भाजपाइयों ने शहीद के परिजन, भूतपूर्व सैनिक ,सेवानिवृत शिक्षक, शिल्पकार, उग्रवादी हिंसा में मारे गये परिवार के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य भिखारी भगत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 30 जून से 30 जुलाई तक चल रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें शहीदों के परिवार, भूतपूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त शिक्षक, उग्रवादी हिंसा में मारे गए परिवार को सम्मान दिया जा रहा है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी,आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप, पप्पू गुप्ता, अखिलेश साहू,आशीष सिंह, अनिल साहू, अमित ठाकुर, भुनन्दन बड़ाईक, पंचायत समिति सादस्य सीमा देवी, सलावन्ति देवी, धनेश्वर मुंडा, राम कुमार भगत, सुखदेव भगत, हीरा चंद्र भगत,भीखा उराव,सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवनिर्मित अस्पताल का हुआ उद्घाटन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही में नवनिर्मित सरस्वती मेमोरियल अस्पताल का विधिवत फीता काट कर जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद एवं गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सरस्वती मेमोरियल अस्पताल के संचालक विज्ञान प्रसाद ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के जनता को मूलभूत सुविधाएं ससमय मुहैया कराने में सार्थक प्रयास कायम रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी के अनुसार आने वाले समय मे सुविधा भी उपलब्ध कराया जाएगा। अस्पताल उद्घाटन के पश्चात जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद ने कहा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में नया अस्पताल निर्माण से ग्रामीणों के लिए लाभदाय साबित होगा बताते हुए उन्होंने कहा छोटी से छोटी बीमारी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग जनकारी के अभाव में कर्ज में डूब रहें है। साथ ही उन्होंने कहा क्षेत्र के शिक्षित एवं स्वास्थ्य संबंधित सेवा भाव से अस्पताल का निर्माण किया गया है। उससे ग्रामीणों में जागरूकता भी लाया जाएगा। अस्पताल उद्घाटन समारोह में पुर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप अध्यक्ष रामलखन प्रसाद पूर्व पंचायत मुखिया सुखदेव उराँव,ग्राम प्रधान फूलदेव उराँव,झालजमीरा पंचायत के उपमुखिया सुषमा उराँव,अस्पताल संचालक विज्ञान प्रसाद के अलावे आनंद गुप्ता सुदर्शन प्रसाद,विश्वनाथ गुप्ता कल्पना देवी विगल प्रसाद किशोर प्रसाद साहू शक्ति कुमार श्रेष्ठ साहू सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मोनालिसा ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन

**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कैरो मिडिल स्कूल के समीप उप प्रमुख प्रतिनिधि सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य कैरो शरद कुमार विद्यार्थी के द्वारा मोनालिशा ब्यूटी पार्लर, सिंगार स्टोर एवं स्टेशनरी का उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार सुमन की पत्नी शिम्पी सुमन ने बताया कि हमारे यहां महिलाओं के लिए खास पार्लर में हेयर थ्रेडिंग, मेनीक्योर, पैडिक्योर, फेशियल ब्राइड, मेकअप, हेयर स्टाइल, हेयर कलर तथा दुल्हन सिंगार की तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। मौके पर आर०पी०मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार सुमन, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर ,महासचिव जुबैर अंसारी, उत्तका प्राथमिक स्कूल के शिक्षक हरिदेव महतो,नारायण कुमार आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मीकांत का भव्य स्वागत

**पलामू।** नीलाम्बर पीताम्बरपुर के बैरिया चौक पर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में डॉ, लक्ष्मीकांत वाजपेयी का भव्य स्वागत किया। इसके अलावे प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के ग्राम कोटखास में बुद्धिजीवी को फूल माला और शॉल देकर सम्मानित किया।

## मिशन समृद्धि ने किया भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्थान मिशन समृद्धि के सदस्यों ने शनिवार को शहर के अंबेडकर पार्क के सामने दोना व दातून बेचने वाले गरीबों के बीच निःशुल्क भोजन का वितरण किया। मौके पर गरीब रोटी व सब्जी पाकर काफी खुश दिखे। मिशन समृद्धि के सदस्यों ने कहा कि सेवा की भावना दिल से हो तो ईश्वर की कृपा मिलती है और तभी हम किसी की सेवा या बड़ा काम कर जाते हैं।

### राज्यपाल ने टुंडी प्रखंड के कमारडीह पंचायत में किया जनता से सीधा संवाद

# लोकतंत्र में जनता ही राजा : राज्यपाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन टुंडी प्रखंड स्थित कमारडीह पंचायत में जनता के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस क्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, डीएफओ विकास पालीवाल जिले के अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने माननीय राज्यपाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं माननीय महामहिम समेत जिले के वरीय पदाधिकारी एवं कमारडीह पंचायत के मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त संदीप सिंह ने राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन को जिले की भौगोलिक परिस्थिति एवं जिले में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। जहां उन्होंने बताया कि धनबाद जिला झारखंड के अन्य जिलों की तुलना में अलग है। साथ ही उन्होंने जिले में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति बताएं इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य योजनाओं का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जनता के साथ सीधा संवाद करते हुए माननीय राज्यपाल ने जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, उपस्थित ग्रामीणों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ही राजा होती है जहां जनता अपने अनुसार अपना नेता चुनती है। उन्होंने कहा कि लोगों को अब राजभवन आने की जरूरत नहीं है राजभवन ही अब गांव-गांव पहुंचेगा। उन्होंने कहा हमें पता है कि हम कितने पिछड़े हुए हैं और हमें किन-किन क्षेत्रों में किस रणनीति के तहत विकास करना है इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है।



### देश भर में खोले जा रहे हैं एकलव्य विद्यालय

राज्यपाल ने कहा कि हम सभी प्रतिबद्ध हैं कि समाज के वंचित वर्ग के लोगो के बच्चों को भी अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले और इसके लिए देशभर में काफी संख्या में एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। सबसे अधिक संख्या में यह विद्यालय झारखंड में खुल रहा है। टुंडी में भी एकलव्य विद्यालय खुल रहा है। यहां नामांकन के पश्चात नामांकन विहीन बच्चों की संख्या अधिक रहती है तो एक दूसरा एकलव्य विद्यालय भी खोला जाएगा।

## पड़वा में नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी खास गांव में पारिवारिक विवाद में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका शिवानी कुमारी विकास कुमार मेहता की पत्नी है। जानकारी मिलते ही पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर लिया। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार गया कि शिवानी की शादी एक साल पहले गाड़ी खास के विकास कुमार के साथ हुई थी। 15 दिन पहले शिवानी मायके से ससुराल आयी थी। मृतका के मोबाइल पर आई एक मैसेज को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद चल रहा था।

## बालू घाटों का निरीक्षण

**सतबरवा।** पलामू जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार तथा अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार साह ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली ओरंगा नदी के चिन्हित बालू घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के हलुमाड गांव के लोथरवा टोला और छेछानी गांव के बीच से बहने वाली औरंगा नदी घाट का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि वहां से ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से बालू उत्खनन कर ऊंचे कीमतों पर बेचा जा रहा है।

## कंप्यूटर सहित अन्य सामानों की चोरी की

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित कोराम्बे गोरा टोली में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण से कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़ कम्प्यूटर, मॉनिटर क्युबोर्ड सहित अन्य वस्तु की चोरी अज्ञात चोरों ने चुरा ले भाग चोरी घटना की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को मिलते ही सेन्हा थाना में अर्जी लगाते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा कानूनी कारवाई का मांग किया है। इससे पूर्व विद्यालय में चोरी होने की जानकारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष को देते से विद्यालय के आसपास के ग्रामीणों से भी पूछा गया परंतु कोई सुराग नही मिला।

# समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता

**कुडु।** स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम कि जानकारी ली। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से सड़क निर्माण, पेय जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, विधवा पेंशन, अंचल कार्यालय संबंधी, आवास योजना से संबंधित समस्याएं मंत्री के सामने रखी। जिस पर मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर समस्याओं के त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए एवं तत्काल कार्य पूर्ण होने का भरोसा दिलाया और कहा कि सभी आवेदनों पर कारवाई की जाएगी और ग्रामीणों तक पहुंच कर सभी समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। मैं जिले के सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं को पहुंचने का प्रयास कर रहा हूं। सभी प्रखंडों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की जा चुकी है और जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निदान किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, रोहित उरांव, इकबाल खान, संतोष महतो, इरशाद अंसारी, असलम खान, सुशील उरांव, सतीश पहन, रूपेश तिर्की, कपिल बैठा, माजिद अंसारी, जसीम अंसारी, जाकिर अंसारी, शाहजहा अंसारी, विजय उरांव,राजेश बैठा, नैयर अंसारी, सैमुद्दिन अंसारी,आदि उपस्थित थे।



जनसुनवाई में उपस्थित ग्रामीण।

## जीजा ने साली पर किया जानलेवा हमला गंभीर स्थिति में गुमला रेफर

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटांबी साप्ताहिक हाट में फोरी के अरिन टोली ग्राम निवासी सीताराम उरांव ने तुंजो सेमर टोली निवासी अपनी ही साली अंजिता कुमारी पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद गुमला रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अंजीता दतवन बेचने के लिए बाजार आई थी और घर के दिनचर्या का सामान लेने के लिए राशन दुकान के पास गई थी। इसी दौरान जीजा टांगी से अंजिता के सर पर वार कर दिया और फरार हो गया। हालांकि बाजार में लोगों ने दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया पर सीताराम भागने में सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि अंजिता की बहन जिसका शादी सीताराम से हुआ है वह पत्नी समेत बाल बच्चा सभी को हमेशा मारपीट करता है। जिस कारण वह पति के घर में ना रह कर सेमर टोली स्थित अपने पिताजी के घर में ही रहती है। ग्रामीण यह अंदेशा लगा रहे हैं की पत्नी व परिवार का गुस्सा साली पर सीताराम ने निकाला है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा घटना घटी है घाघरा में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को गुमला रेफर कराया गया है। जांच किया जा रहा है जल्द ही दोषी को पकड़ा जाएगा।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 54 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराते हुए इलाज कराया। मौके पर डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर काफी दूर-दूर से लोग आकर अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा रहे हैं। मौके पर अनिल वर्मा, अंजू देवी, अंजली सर्राफ, मीना देवी, मनमोहन प्रसाद, अतुल सर्राफ, मनोज कुशवाहा, चिंता देवी, कविता गुप्ता, उदय प्रसाद कास्यंकार, राम प्रसाद साहू, कृष्णा केसरी, भोला प्रसाद, बिरसा उरांव, मीना देवी, प्रमोद प्रजापति, राम कुमार, सुंदर देवी, मनीष अग्रवाल, देवंती देवी, विपुल कुमार प्रजापति,पंडित गोपाल पांडे,निशा कुमारी, हिमांशु पांडे आदि मौजूद थे।



# कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि ड्रोन का शुभारंभ

- अत्याधुनिक तकनीक से कृषि लगात कम होगी, बचेगा समय : पद्मश्री अशोक भगत
- पांच मिनट में कृषि ड्रोन से होगा ढाई एकड़ भूमि पर कीटनाशक व उर्वरक का छिड़काव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के कृषि ड्रोन प्रणाली का रविवार को पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने शुभारंभ किया। मौके पर डॉ भगत ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से कृषि लागत कम होगी और समय के बचत के साथ-साथ पानी की भी बचत होगी। डॉ भगत ने कहा कि आने वाले दिनों में जिस प्रकार अन्य कार्यों के लिए आर्टिफिशियल इंटलीजेंस का उपयोग बढ़ा है। उसी प्रकार आने वाले दिनों में कृषि के क्षेत्र में भी इसका उपयोग बढ़ेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ संजय कुमार ने बताया कि गुमला जिले को एक किसान ड्रोन मिला है। जिसे किसानों को आसानी से ड्रोन उपलब्ध होगा। इस कार्यक्रम में एनो राई ने बताया कि किसान ड्रोन के द्वारा फसलों में सही मात्रा में कीटनाशक और उर्वरकों का तेजी से छिड़काव किया जा सकता है। जिससे जमीन की शुद्धता भी बनी रहती है और रसायनों के अधिक प्रयोग पर भी रोक लगती है। ड्रोन मुश्किल से 15-20 मिनट में लगभग 2.5 एकड़ भूमि में कीटनाशकों व उर्वरकों का छिडकाव कर देता है। यदि सामान्य रूप से छिड़काव किया जाए तो इसके लिए दो-तीन मजदूरों की आवश्यकता होती है। जिसका खर्च 1500-2000 रुपए आ जाता है जबकि ड्रोन से छिड़काव में एक एकड़ पर अधिकतम 500 रुपये का खर्च होगा। इस कार्यक्रम में महेंद्र भगत, रंजना चौधरी, सुनील कुमार, डॉ नीरज वैश्य, डॉ निशा तिवारी, अटल बिहारी तिवारी ,एनो राई, डॉ विनोद कुमार, राजीव कुमार, मृत्यजय सिंह के साथ साथ 140 लोगों ने भाग लिया।



कृषि ड्रोन प्रणाली का शुभारंभ करते पद्मश्री अशोक भगत।

एक नजर में

## हुल आंदोलन के नायकों को दी जायेगी श्रद्धांजलि

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का लोहरदगा लोकसभा स्तरीय गुमला में होनेवाली कैडर कन्वेंशन में 30 जून को हुल आंदोलन के नायक शहीद सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव और उनकी बहन फूलो-झानो को श्रद्धांजलि दी जाएगी । विदित हो कि लोहरदगा लोकसभा स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन आगामी संसदीय चुनाव में जनदावेदारी की मजबूती तथा महंगाई,भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन, मानव तस्करी पर रोक और गुमला को रेल लाइन से जोड़ने ,रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण करा कर बेरोजगारों को रोजगार देने, कृषि आधारित रोजगार सृजन जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाना है। भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कन्वेंशन में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को तेज करने और राज्य के किसानों के हक के लिए किसान सभा को मजबूत बनाने, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी चर्चा होगी तथा आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

## गांव को मानव तस्करों से सुरक्षित रखें ग्रामीण : मनोरमा एक्का

**लोहरदगा।** जिला में लगातार चलाये जा रहे सुरक्षित गाँव कार्यक्रम (रश्ढ) हेतू होप एवं माई चॉइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के खरकी गांव स्थिति आंगनबाडी में होप और ओरा के संयुक्त भागीदारी से किशोर - किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन , बच्चों को मानव दुर्व्यवपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यापार,सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से और विभिन्न टॉल फ्री नंबर के बारे में विस्तार से बताया ,उपस्थित प्रतिभागियों ने इन विषयों पर अपनी समझ बनाई। मानव तस्करी के बारे में उनको कैसे हम पहचान सकते हैं कैसे उससे हम अपने एव गाँव को सुरक्षित रख सकते है के बारे में विस्तार से अरविन्द वर्मा ने बतलाया । कार्यक्रम को और प्रभावी एवम सुलभ रूप से समझ विकसित हो इसके लिए सुरक्षित गांव कार्यक्रम का पुस्तक वितरित किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अरविंद वर्मा, सरस्वती गोप और खरकी गांव के 40 से 50 ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।



## मेगा हेल्थ कैंप में 165 मरीजों का किया गया इलाज

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड स्थित कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं विकास भारती बिशुनपुर संस्था के द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पतराटोली लोहरदगा के सहयोग से मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर विवेक मधुर हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा ज्योति मधुर जनरल सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ कल्याण अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर सरिता टोप्पो स्त्री रोग विशेषज्ञ,डा० प्रेम प्रकाश सिन्हा और डॉ चंदन कुमार के द्वारा ग्रामीण मरीजों का निशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया गया। अस्पताल में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप में रांची लोहरदगा एवं लातेहार जिले के तकरीबन 50 गांव के 165 रोगियो निशुल्क चिकित्सा परामर्श पैथोलॉजी जांच एक्सरे एवं औषधि के द्वारा इलाज किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप को सफल बनाने में अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन सिंह, मुकेश साहू, अरुण राम, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, फार्मासिस्ट कंचन कुमारी, वरुण सिंह, दिलेश्वर लोहरा आदि ने भूमिका निभाई।



कैंप में जांच कराते मरीज।

**जांच शिविर**

फ्रैक्चर घुटने एवं कंधे के दर्द, जन्मजात हड्डी के टेढेपन, गठिया, साइटिका, ओस्टियोपोरोसिस नस से संबंधित रोग महिलाओं से संबंधित रोग, गर्भवती महिलाओं का इलाज किया गया।

## डुमरी पुलिस ने 8 गोवंशीय पशु को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया, ग्रामीणों के बीच बांटा

**डुमरी।** गुमला जिले के डुमरी थाने पुलिस ने रविवार को डुमरी थाना क्षेत्र के टांगीनाथ मोड़ के पास से एक पिकअप लदे 8 गोवंशीय पशु को गौ तस्करों के चंगुल से छुड़ाकर स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मे में सौंपा दिया। बता दें कि 22 नवंबर 2005 को झारखंड में गोवंश हत्या प्रतिषेध अधिनियम को मंजूरी दी गई। इस अधिनियम के तहत गाय-बैल को राज्य से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध है। लेकिन नियम बनने के 18 साल बाद भी गौवंश पशुओं की तस्करी जारी है। छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे होने के कारण पशु तस्कर इसका पूरा फायदा उठाते हैं। यह क्षेत्र पशु तस्करों के लिए सेफ जोन है। इन इलाकों में समय-समय पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सफलता भी हासिल की है। फिर भी पशु तस्करों में कमी नहीं आ रही है। रविवार को पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन को रोका। जिसमें जांच के दौरान पशु लादे पाये गये।



## लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते जायें : सुखदेव भगत

**लोहरदगा।** झारखंड फुटबॉल संघ के निदेर्शानुसार रेफरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के तत्वाधान में रविवार को झारखंड के विभिन्न जिलों से आए पचासी फुटबॉल रेफरी का फिटनेस टेस्ट एवं लिखित परीक्षा संपन्न हुआ । फिटनेस टेस्ट में महिला 29 एवं 14 पुरुष रेफरी सफल हुए ,सफल हुए प्रतिभागियों का लिखित परीक्षा लिया गया। लिखित परीक्षा का परिणाम में जो सफल होंगे उनका रिजल्ट ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन को हेड ऑफ द रेफरी जेएफए द्वारा भेजा जाएगा। तदोपरांत एआईएफएफ के अनुमोदन के बाद सभी जिला फुटबॉल संघ को अवगत करा दिया जाएगा। उसके बाद झारखंड रेफरी बोर्ड द्वारा रेडियो का प्रैक्टिकल और मौखिक परीक्षा लिया जाएगा । ज्ञात हो कि 24 जून को सभी रेफरी और ऑब्जर्वर लोहरदगा पहुंच चुके थे। जहां खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिन्हें झारखंड ऑफिस बोर्ड के चेयरमैन द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि फुटबॉल आज पूरे दुनिया में सबसे ज्यादा लोकप्रिय गेम है , और इस लोकप्रिय गेम का संचालन रेफरी के द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल का संचालन में जिन रेफरी की भूमिका रहती है विश्व के पटल पर उनका नाम होता है।



# डायन-बिसाही मामले में जानलेवा हमला, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के नगर चडरी टोली गांव में डायन बिसाही व अंधविश्वास को लेकर एक परिवार के उपर गांव के ही कुछ ग्रामीणों ने मिलकर लाठी डंडे व टांगी से शनिवार की रात लगभग दस बजे हमला कर दिया। इस घटना में 55 वर्षीय सालो देवी की मौत हो गई। जबकि मृतका के पति आह्लाद लोहरा (60), बहन सबिता कुमारी (50) व ननद लक्ष्मी कुमारी (42) ग्रामीणों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर सिसई पुलिस की सूझबुझ से परिवार के अन्य सदस्यों की जान बच पायी। क्योंकि पुलिस ने समाजसेवी दामोदर सिंह को सूचना देकर घटनास्थल भेज दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को लेकर सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचायी। वहीं रात्रि में ही पुलिस शव को अपने कब्जे में कर थाना ले आयी। मिली जानकारी के अनुसार चडरी टोली निवासी निरंजन उर्फ रंजन उरांव की डेढ़ वर्षीय बेटी आंचल कुमारी का तबीयत कुछ खराब रहने लगा था। निरंजन को शक था कि मृतका डायन बिसाही व जादू टोना कर उसकी बेटी आंचल को बीमार कर दी है। जिसे लेकर शनिवार की रात्रि करीब नौ बजे निरंजन की माँ सुकरो देवी मृतिका के घर जाकर डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए गाली गलौज कर अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए घर चली गई। जिसके बाद निरंजन अपने करीबियों को अपने घर बुलाकर शराब पिलाया और सालों देवी व उसके परिवार वालों की हत्या करने को लेकर उन्हें उकसाते हुए लाठी डंडे व टांगी से लैस होकर रात्रि करीब 10 बजे सभी के साथ मिलकर सालो देवी के घर हमला कर दिया। सालो देवी के घर पहुंचते ही मृतका सालो देवी और बेटे पर लाठी डंडे व टांगी से हमला कर दिया। जिसे सालो देवी घायल हो गई। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसने दम तोड़ दिया। वहीं बीच बचाव करने आये आह्लाद लोहरा, सबिता कुमारी व लक्ष्मी कुमारी पर भी जान लेवा हमला किया गया। जिसमें वे घायल हो गयें। वहीं मारपीट कर रहे लोगों ने घायल लोगों को भी जान से मारने की धमकी दी।

# बिहार में बारिश से मिली राहत

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** सूबे की राजधानी पटना सहित आसपास के जिलों में कल यानी रविवार को हल्की बारिश देखने को मिली। रुक-रुक कर तकरीबन 10 मिनट तक हुई इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली। हालांकि, राज्य में हीट वेव का प्रभाव अभी भी जारी है। आज यानी सोमवार को बिहार के 27 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। इस संबंध में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। बिहार में बीते कुछ दिनों से सुस्त पड़ा मानसून धीरे-धीरे एक्टिव हो रहा है। हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के 3 जिलों में अभी भी गंभीर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी अलर्ट में बक्सर, कैमूर समेत 10 जिले ऐसे हैं जहां तपती गर्मी और लू का असर देखने को मिल सकता है।



पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक राकेश कुमार की मानें तो पुरवा हवा का प्रभाव होने से वातावरण में नमी का संचरण हो रहा है। इस कारण बादल फॉर्म होने लगे हैं। इसमें जहां पटना, गया, नालंदा, नवादा, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज समेत कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं।

वहीं सासाराम, भभुआ और बक्सर समेत कई इलाकों में हीट वेव का असर दिखेगा। हल्की बारिश के बावजूद बीते 24 घंटों के दौरान 14 जिलों में भीषण गर्मी का प्रभाव देखा गया। इस दौरान गया और रोहतास में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री, शेखपुरा में 44.4 डिग्री, औरंगाबाद में 45 डिग्री, और नवादा में 44 डिग्री तापमान रहा। वहीं नालंदा में 43.4 डिग्री, जमुई में 43.7 डिग्री, पश्चिम चंपारण में 42 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि राजधानी पटना में पारा 42.5 डिग्री और सिवान में 42.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## स्पीड न्यूज

### ट्विटर पर अग्रवाल के 1.71 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स

**पटना।** दिग्गज मेटल कंपनी वेदांता के फाउंडर और चेयरमैन अनिल अग्रवाल आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ से जुड़े किस्से शेयर करते रहते हैं। ट्विटर पर अग्रवाल के 1.71 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह अपने अकाउंट पर मोटिवेशनल पोस्ट शेयर करते हैं। इस बार उन्होंने पिछले सप्ताह कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में खींची फोटो शेयर कर बड़ी बात कही है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी जाने के अपने अनुभव के बारे में अनिल अग्रवाल ने लिखा कि यह किसी सपने से कम नहीं था। बिहार से निकलकर दुनिया के कई देशों में माइनिंग और मेटल बिजनेस का साम्राज्य खड़ा करने वाले अनिल अग्रवाल के मुताबिक, जो कभी कॉलेज नहीं गया, उसे कैंब्रिज यूनिवर्सिटी बुलाया जाए और छात्रों के साथ बातचीत का मौका मिले, यह किसी सपने से कम नहीं है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मसलिया।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के आश्रम मोड के पीछे स्थित डुमरी पाहड़ी में रविवार को एक युवक का शव रस्सी के सहारे पेड़ पर लटका हुआ होने की खबर सनसनी फैल गई। शव की पहचान थाना क्षेत्र के चापोडिया गांव के ही डाहरडीह टोला निवासी स्व सनातन सोरेन के 22 वर्षीय पुत्र पानसर सोरेन के रूप में हुई। वह एक सप्ताह पहले गुजरात से काम कर के घर लौटा था। विगत बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे परिजनों को बिना बताए घर से निकल गया था। इधर एक दिन बित जाने के बाद भी जब पानसर घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने सगा संबंधी आदि जगहों में काफी खोजबीन किया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह को चरवाहे ने डुमरी पहाड़ी मे पेड़ पर लटके एक शव होने की जानकारी ग्रामीणों को दिया। जिसके बाद शव को देखने कि होड़ लग गई। मृतक के बड़े भाई देबी सोरेन ने जब शव को देखा तो बिलख बिलख कर रोने लगे। उक्त घटना कि जानकारी मिलते ही मसलिया पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप यूडी केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### एसकेएमयू के बीबीए-बीसीए का परीक्षा परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बीबीए व बीसीए का परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुई। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि बीबीए व बीसीए के सेमेस्टर 2 एवं सेमेस्टर 4 का परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम जारी हो गया है। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत हुए। बीबीए सेमेस्टर 2 में 99.27 एवं सेमेस्टर 4 में 98.98 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए।

### भोगनाडीह जाने वाले हूल जत्था का आज स्वागत करेगी एसकेएमयू प्रशासन

**दुमका।** संताल हूल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने प्रतिवर्ष सैकड़ों पदयात्री भोगनाडीह जाते हैं। उन सभी पैदल यात्रियों का सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्वागत संताल रिति-रिवाज के अनुसार परंपरागत लोटा-पानी से होगा। ज्ञात हो इस बार विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय हूल मनाये जाने की तैयारी कुलपति प्रो डॉ. विमल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। 26 जून को होने वाला पैदल यात्रियों का हूल जत्था का स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वविद्यालय कुलपति डा विमल प्रसाद सिंह करेंगे। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय कुलसचिव ने एक समिति गठित किया है। गठित समिति का अध्यक्ष स्नातकोतर सामाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुजीत सोरेन, डॉ शमीर्ला सोरेन, डॉ सुशील टुडू, डॉ स्नेहलता मुर्मू, प्रो अमिता कुमारी, डॉ बिनोद मुर्मू, एवं स्नातकोतर विभाग के विभागाध्यक्ष समिति सदस्य होंगे। हूल दिवस का सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार बैठक कर तैयारियों पर चर्चा कर रही है। बैठक में सभी समितियों के समन्वयकों और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में होने वाले व्ययों का अनुमानित बजट की स्वीकृति दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड बिहार बॉर्डर के समीप गया से देवघर मुख्य पथ पर असनाकोणी गांव के समीप खड़ी बाइक को स्कॉर्पियो ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी दी। जिससे बाइक पर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं बताया जाता है की ढाब निवासी राजू यादव पिता सोनू महतो जो अपने मोटरसाइकिल स्प्लेंडर जेएच11डब्लू/3042 अपने गांव से गोविंदपुर जा रहा था एवं सड़क किनारे गाड़ी रोक कर मोबाइल से बात कर रहा था। तभी बासोडिह की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बीआर01पीएम/3703 ने जोरदार टक्कर मारी दी। जिससे उस व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। ज्ञात हो कि स्कॉर्पियो गाड़ी टक्कर मारकर भागने के चक्कर में बिहार स्थित दर्शन गांव के समीप पेट्रोल पंप के पास पलटी खा गयी। वहीं वाहन को चालक सहित एक और व्यक्ति गोविंदपुर थाना निवासी को गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि स्कॉर्पियो के आगे जिला प्रशासन नालंदा का बोर्ड लगा हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा मृतक शरीर को बीच सड़क पर रखकर सड़क को जाम कर दिया। सैकड़ों लोगों की हुजूम सड़क को जाम कर प्रशासन से अपनी मांग पर अड़े हैं जबकि दुर्घटना स्थल पर बीडीओ वैद्यनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दल बल के साथ लोगों से बात किया। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग किया की वैध्यदीह स्थित शराब दुकान एवं सड़क किनारे होटल जो दिनदहाड़े शराब को परोसते हैं उन्हे अविलंब बंद किया जाय।

जहां लोग शराब पीकर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते है, जिससे रोज दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है और दुर्घटना हो भी रही है। समाचार लिखे जाने तक सड़क पूरी तरह से जाम लगा हुआ है जबकि प्रशासन मृतक के परिजनों से बात कर रहे हैं।

## आपातकाल की बरसी पर विचार गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** देश में आपातकाल की बरसी के रूप में भाजपा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत दुमका विधानसभा में पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी की अध्यक्षता में आपातकाल पर विचार गोष्ठी हुई। विचार गोष्ठी विधानसभा के हरिपुर पंचायत के फसियाडंगाल गांव में हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, विजय सोनी, प्रेम केसरी प्रो धनंजय मिश्रा, प्रो संजय सिंह एवं प्रो अनहद लाल ने आपातकाल पर अपने-अपने विचार रखे। ज्ञात हो की राधेश्याम वर्मा, विजय सोनी एवं प्रेम केसरी आपातकाल के भुक्तभोगी रहे हैं। श्री वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि किस प्रकार उस समय कांग्रेस की दमनकारी नीतियों के कारण लोग घरों के अंदर दुबक जाने के लिए विवश थे। लोगों को जबरन पकड़-पकड़ कर उनकी नसबंदी कराई जा रही थी। प्रेम केसरी ने कहा कि उस समय कहीं खुलेआम घूमने की आजादी नहीं थी। तीन से ज्यादा लोग कहीं पकड़े जाने पर उन्हें तुरंत उठाकर जेल में भर दिया जाता था।




विचार गोष्ठी में पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी व अन्य।

सरकार पूर्ण रूप से दमनकारी नीति पर चल रही थी। विजय सोनी ने कहा कि किस प्रकार आपातकाल में सभी विरोधी दल के नेताओं को जेल में बंद करने का प्रयास किया गया। सरकार के विरोध में बोलने की किसी को इजाजत नहीं थी। कई नेता अंडर ग्राउंड हो गए। प्रो अनहद लाल ने कहा कि आपातकाल के बाद के 21 महीने देश की जनता के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं कठोर रहे। उन्होंने आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों पर भी प्रकाश डाला। प्रो धनंजय मिश्रा एवं प्रो संजय सिंह द्वारा भी आपातकाल के दौरान जनता के साथ हुई ज्यादती को विस्तार से रखने का काम किया। उन्होंने बताया की ऐसी कोई परिस्थिति तत्काल उस समय नहीं थी कि इस प्रकार आपातकाल लगाया जाना आवश्यक था। ऐसी कई परिस्थितियां उसके बाद के कार्यकाल में भी कई सरकारों के समक्ष आई है। लेकिन कभी किसी सरकार ने इस प्रकार का आपातकाल घोषित करने का काम नहीं किया। मौके पर महाजनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज कुमार शाह ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंटू शाह जी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीतू झा ,रामावतार भलोटिया, किशोरेंद्र कुमार दास, मुकेश अग्रवाल, मृणाल मिश्रा, ओम केशरी, अजय गुप्ता, अजय पाठक, अमित रक्षित, दीपेन झा, राजीव मिश्रा, प्रिया रक्षित, रंजना उपाध्याय, रवि मंडल, नवल किस्कू, जतिन कुमार, किशु झा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आपातकाल एक काला अध्याय : डॉ नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा आपातकाल 25 जून 1975 को लगाया था। भाजपा इस दिन को काला अध्याय के रूप में मनाती आ रही है। वहीं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी के आवास पर आपातकाल को लेकर प्रबुद्ध जनों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन कार्यक्रम संयोजक शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव एवं प्रभारी टुन्नु गोप उपस्थित हुए। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आपातकाल एक काला अध्याय था। आज सबसे आश्चर्य की बात है कि आपातकाल लगाने वाले और आपातकाल में लाठी खाने वाले आजकल एक दूसरे के गले मिलकर भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रहे हैं। वहीं टुन्नु गोप ने कहा कि आपातकाल के समय हमारे यहां की रानी डे जेल में आंदोलनकारियों को भोजन पहुंचाया करती थी और स्वरूप चंद जैन आज भी उस समय का दर्द बयान करते हैं। वहीं नीतेश चंद्रवंशी ने कहा कि आंदोलनकारियों के बारे में जितना हम सुनते हैं रोंगटा खड़ा हो जाता है कि सत्ता के जुल्म को इन लोगों ने कितना सहा। कांग्रेस ने विपक्षी नेता एवं मीडिया सभी को नजरबंद कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। मौके पर अनूप जोशी, विष्णु बर्णवाल, विजय सिन्हा, अनवारुल हक, रामप्रकाश बर्णवाल, सुभाष जैन, नंदकिशोर भारती, बाबूलाल पांडेय, नंदलाल मोदी, विश्वनाथ सिंह, देवनारायण मोदी, चंद्रशेखर जोशी, सूरज प्रताप मेहता, गोपाल कुमार गुतुल, नरेंद्र पाल, विजय यादव, राजेश सिन्हा, संजय शर्मा, सविता देवी, राजेश कुमार सिंह, सुदर्शन यादव, राजकुमार यादव, रविंद्र यादव, महेंद्र राणा, संजय वर्मा, सुभाष राणा, भोला यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।




### पटना जंक्शन पर नहीं रुकेंगी ये दो स्पेशल ट्रेन

**पटना।** ट्रेन के यात्रीगण कृपया ध्यान दें बरौनी से यशवंतपुर और उधना को जाने वाली स्पेशल ट्रेन का ठहराव अब पटना, मोकामा और बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर नहीं होगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इन दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के मार्ग में बदलाव हुआ है। अब इन ट्रेनों का परिचालन मोकामा-पटना-आरा के बजाय परिवर्तित मार्ग हाजीपुर-पाटलिपुत्र-आरा के रास्ते किया जाएगा. इसके अलावा 4 जुलाई तक गाड़ी संख्या 03218/03217 दानापुर-बरौनी-दानापुर पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन और प्रारंभ मोकामा से किया जाएगा।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते पुलिस पदाधिकारी एवं सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सौदाहर्यपूर्ण महौल में बकरीद पर्व मनाने को लेकर मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा ने की। बैठक में बकरीद पर्व आपसी सौहादर्य से मनाने को लेकर सदस्यों को चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्तफा ने प्रेम और सौहादर्य का प्रतिक के रूप में बकरीद को मनाने का अपील लोगों से किया। उन्होंने सदस्यों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने भाईचारगी से पर्व को मनाने का अपील लोगों से किया। उन्होंने सदस्यों से किसी भी असमाजिक तत्वों की हरकत की सूचना पुलिस पदाधिकारियों को देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर होगी।

### बिहार शिक्षक भर्ती में अब बीएड और डीएलएड वालों को भी मौका, बीपीएससी ने किया संशोधन

**पटना।** बिहार में बीपीएससी द्वारा हो रही शिक्षक भर्ती में ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को मौका मिल सके, इसके लिए लगातार संशोधन किए जा रहे हैं। पिछले दिनों सीटीइटी-2023 की परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों को मौका दिया गया तो वहीं अब एक और संशोधन किया गया है। बीएड और डीएलएड की परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को भी इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के मकसद से संशोधन किया गया है। बीपीएससी अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने स्पष्ट किया कि बीएड और सीटेट की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को मौका देने का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करना है।

## प्रतिभागी बच्चों को मिला ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग



ग्रेडिंग पाने वाले बच्चे एवं प्रशिक्षक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो सचिव स्मिता आनंद की अध्यक्षता में ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया था जिसमें 37 बच्चों ने भाग लिया था,जिसमे वाइट टू येल्लो बेल्ट का परीक्षा देने वाले बच्चे का नाम सौम्या, शौर्य संजीव, अर्पिता कुमारी, अर्णव सिंह, आराध्या सिंह, नव्यव आदर्श, आयुषी सिंघल,शनवी राणा अहाना सिंह, अविक मरांडी येल्लो से ग्रीन बेल्ट के लिये परीक्षा देने वाले बच्चे सोहम कुमार मंडल, अक्षरा सिंह, समीरा खान, यश राज, स्वेता मुर्मू, फरहान अख्तर, लक्ष्मी प्रियदर्शनी, सोनू कुमार गुप्ता, पीहू कुमारी, अभिषेक सोरेन, इशानवी निवरीति, संकेत सोरेन व ग्रीन से ग्रीन वन में परीक्षा देने वाले बच्चे नीलम टुडू,श्रेया जायसवाल, श्रीकांत प्रियदर्शी, मोहम्मद नयाब आलम,प्रकाश कुमार,आकाश कुमार व ग्रीन वन से ब्लू के परीक्षा देने वाले बच्चे एनी मुर्मू व ब्लू से ब्लू वन के परीक्षा देने वाले बच्चे जोयसी मुर्मू, तन्वी सोंथालिया, दक्ष सोंथालिया व ब्लू वन से रेड बेल्ट के लिए परीक्षा देने वाले बच्चे अथर्व कश्यप, नितिन कुमार व रेड से रेड वन में परीक्षा देने वाले बच्चे आबिद हेम्ब्रम, शौर्या कश्यप, एंजेल अनुग्रहिता हांसदा , झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो संघ की सचिव स्मिता आनंद ने सूचना दी कि इन सभी बच्चों का ताइक्वांडो परीक्षाफल का परिणाम रविवार को घोषित कर दिया गया। जो बच्चों ने बेल्ट ग्रेडिंग के समय उम्दा प्रदर्शन किया उन बच्चों को झारखंड राज्य महिला ताईक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताईक्वांडो संघ की सचिव स्मिता आनंद व अभिभावक द्वारा बच्चों को फर्स्ट,सेकेण्ड,थर्ड का मोमेंटो सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। फर्स्ट, सेकंड,थर्ड आने वाले बच्चे वाइट टू येलो में अर्णव,सौम्या, अविक मरांडी, येलो टू ग्रीन में अभिषेक सोरेन, संकेत सोरेन,समायरा खान, ग्रीन टू ग्रीन वन में श्रीकांत प्रियदर्शी, प्रकाश,श्रेया जायसवाल, ग्रीन वन टू ब्लू एनी मुर्मू, स्वीटी बेसरा, चिसा भगत,ब्लू टू ब्लू वन में जोयसी मुर्मू,तन्वी संथालिया,दक्ष संथालिया, ब्लू वन टू रेड में नितिन वर्मा,अथर्व कश्यप, रेड टू रेड वन में एंजेल हांसदा, आबिद हेम्ब्रम, शौर्या कश्यप,बाकी सभी बच्चों को उनका सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ताइक्वांडो प्रशिक्षक में शिखा आनंद, चंदन सोनकर, ट्विंकल कुमारी व अभिभावक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रबुद्ध सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने गिनायीं उपलब्धियां



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिमरिया विधानसभा स्तरीय प्रबुद्ध सम्मेलन ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर गिद्धौर में हुआ। जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद हजारीबाग यदुनाथ पांडे, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशन कुमार दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा कार्यक्रम प्रभारी विजय चौबे ने लोगों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिए। जैसे मैं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन वितरण। प्रधानमंत्री आवास योजना। किसानों को किसान सम्मान निधि योजना।

एलपीजी गैस कनेक्शन योजना तथा कई प्रकार के योजनाएं चलाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विनोद दांगी, दयानिधि सिंह, गोविंद तिवारी, जानकी राम, दांगी नागेश्वर, राम दांगी, काशीराम दांगी, भुनेश्वर राम दांगी समेत विधानसभा के सभी प्रखंड से प्रबुद्ध गण उपस्थित मौजूद थे।

### चार लोगों पर दहेज मांगने व डायन कहकर प्रताड़ित करने का मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह निवासी मालती देवी ने थाने में आवेदन देकर अपने पति व सास सहित चार लोगों पर दहेज मांगने व डायन बिसाही कह कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। जिन्हें आरोपी बनाया गया है उनमें पति भुनेश्वर साव, सास फुदनी देवी, मामा ससुर मथुरा साव व मौसी सास के नामघ शामिल हैं। आवेदन में कहा गया हैघ कि दो वर्ष पूर्व उसकी शादी हुईघ थी, जिसमें उसके पिता ने जेवरात सहित लगभग सात लाख सेघ अधिक का सामान दिया था। शादी के लगभग एक साल बाद उसे एक पुत्री हुई, उसके बाद ससुराल वाले उससे अतिरिक्त दो लाख रुपए व एक मोटरसाइकिल कि मांग करने लगे। जब उसने अपने पिता से दहेज में पुनः पैसे व मोटरसाइकिल मांगने से इंकार कर दिया, तो वे लोग उसे डायन बिसाही कह कर प्रताड़ित करने लगे और बात बात पर गाली गलौज व मारपीट करने लगे। साथ ही पति द्वारा दूसरी शादी कि धमकी दी जाने लगी। उसका पति एक दूसरी लड़की से फोन पर बात करते थे जब उसे ये बात पताघ चली तो उसने अपने पति को मना किया तो उसके पति ने 12 जून की रात जब वो सोई हुई थी तोघ रस्सी से उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया।

नींद टूट तो वह किसी तरह बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। 13 जून को उसके पति ने एक नाबालिग लड़की को भगाकर शादी भी कर लिया है, जिसे लेकर नाबालिग के पिता ने नवलशाही थाना में अपहरण का केस भी दर्ज कराया है। जिसमें उसके पति कोघ गिरफ्तारी किया गया है। बाद में उनलोगों का मौखिक समझौता हो गया। महिला ने पुलिस से ससुराल वालों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए इंसाफ दिलाने कि गुहार लगाई है।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के अलग-अलग मसलिया और रामगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को हुए हादसों में दो बाइक सवार की मौत हो गई। मसलिया में बाइक के पेड़ से टकरा जाने के कारण नाला के डाढ़ो गांव के 30 वर्षीय प्रदीप हांसदा एवं रामगढ़ के ढोलपाथर गांव के समीप पत्थर लदे ट्रक की चपेट में बाइक सवार मुन्ना केवट की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़-दुमका मुख्य मार्ग पर ढोलपाथर गांव के पास दोपहर ट्रक एवं बाइक की सीधी टक्कर में काठीकुंड प्रखंड अंतर्गत दलदली गांव के मुन्ना केवट की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने किसी तरह से शव को बाहर निकालकर मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुन्ना केवट बाइक से गुहियाजोड़ी के रास्ते रामगढ़ की ओर आ रहा था। गिट्टी लदा एक ट्रक रामगढ़ से गुहियाजोड़ी की ओर वापस जा रहा था। गांव के पास ट्रक ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मुन्ना ट्रक के नीचे गिर गया एवं ट्रक का पहिया चढ़ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों को लगा कि वह जीवित है, इसीलिए अस्पताल भेज दिया। रविवार को रामगढ़ बाजार में हाट लगने के कारण दोपहर दो से संध्या सात तक नो एंट्री रहती है। भारी वाहनों को पेट्रोल पंप के पास ही रोक दिया जाता है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक एवं खलासी ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ट्रक को जब्त कर लिया है।

### सुपर 30 आवासीय कोचिंग की छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन




खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत शिवसागर निकट स्थित रूपनडीह में संचालित सुपर 30 आवासीय कोचिंग की छात्रा सदफ प्रवीण का चयन सफलतापूर्वक जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। सदफ की सफलता पर उसके माता-पिता सहित कोचिंग संस्थान के संचालक एंव कोचिंग से जुड़े सभी शिक्षकों में काफी खुशी का महौल है। वहीं छात्रा सदफ प्रवीण को शुभकानाएं देने के साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना के अलावे अन्य छात्रों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व मुख्य रूप से नावाडीह पंचायत की मुखिया ममता देवी, पंसस देवंती देवी मौजूद रही। सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर व पुष्प का माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष सिन्हा ने किया। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह सुपर 30 आवासीय कोचिंग छात्रों के उज्ज्वल भविष्य गढ़ने में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। मौके पर मीना देवी, पूजा सिन्हा, गुलशन सिन्हा, मिनहाज, राजेश कुमार, बिट्टू कुमार, विनीत राज, बीरेंद्र सिन्हा, हेमू सिन्हा, गोलू सिन्हा, पिंकू मेहता, जीतू दास, दीपू साव, रामानंद मेहता आदि मौजूद थे।

# पूर्वी राज्य में अलगाववादी सक्रिय




## राजनीति : मणिपुर में तनाव के रास्ते

# मणिपुर राज्य बेहाल

मणिपुर में रहने वाली नगा जनजातियां ईसाई धर्म को मानती हैं तो घाटी में रहने वाले ज्यादातर लोग हिंदू हैं जो मैतेयी समुदाय के हैं। तनाव व टकराव की जड़ दोनों समुदायों के बीच लंबे अविश्वास में छिपी है। केंद्र को भी और मणिपुर सरकार को भी यह समझना होगा कि ऐसे ही हालात मणिपुर में बने रहे तो आर्थिक रूप से राज्य की कमर टूट जाएगी। मणिपुर की समस्या का समाधान अतिरिक्त केंद्रीय बल भेज कर नहीं किया जा सकता। अशांत मणिपुर में केंद्रीय बल की टुकड़ियां भेजने से मणिपुर के मैतेयी और नगा समुदायों के बीच बढ़ रही खाई को किसी भी हाल में कम नहीं किया जा सकता है। इन दोनों समुदायों के बीच आपसी भरोसा पैदा करके ही मणिपुर की अशांत वादियों को शांत करने में कामयाबी मिल सकती है। मणिपुर में वर्तमान तनाव एकाएक नहीं फैला है। आर्थिक नाकेबंदी डेढ़ महीने से ज्यादा समय से वहां चल रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास खुफिया रिपोर्ट काफी पहले ही आ चुकी थी। मणिपुर सरकार के पास भी निश्चित रूप से रही होगी। लेकिन समय रहते ही न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने मणिपुर को आसन्न संकट से बचाने के लिए कोई गंभीर पहल की। परिणाम यह हुआ है कि यह छोटा-सा खूबसूरत राज्य एक बार फिर तनाव और टकराव की गिरफ्त में है। यदि वाकई केंद्र और मणिपुर की सरकारें मणिपुर का विकास चाहती हैं तो दोनों को मिलकर मणिपुर के विकास के लिए कार्य करना होगा। वहां की शिक्षा व्यवस्था और दम तोड़ती अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करनी होगी। दूरदराज क्षेत्र में बसे होने के कारण मणिपुर की वास्तविक स्थिति से शेष भारत के लोग प्रायः अनभिज्ञ रहते हैं।

लेकिन देश के खुफिया तंत्र के पास पुख्ता सूचनाएं रहती हैं। नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (इसाक-मुइवा) यानी एनएससीएन (आईएम) और केंद्र सरकार के बीच अब पहले की तरह कड़वाहट नहीं है। ऐसे में केंद्र, मणिपुर में शांति बहाली के लिए एनएससीएन (आईएम) का इस्तेमाल कर सकता है। मणिपुर की 'आयरन लेडी' इरोम शिमिला को भी मणिपुर में तेजी के साथ फैल रही हिंसा को रोकने की दिशा में सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफस्पा) को लेकर एक दशक से ज्यादा समय तक अनशन पर रहीं इरोम अब मणिपुर में राजनीतिक हालात को बखूबी समझ चुकी हैं। मणिपुर में आर्थिक नाकेबंदी कोई नई बात तो नहीं है लेकिन जिस तरह से इस बार राज्य के मैतेयी और नगा समुदायों के बीच टकराव चरम पर है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। मणिपुर में कांग्रेस की सरकार है और वहां के मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह के ताजा फैसले के फलस्वरूप, जिसमें उन्होंने सात नए जिले बनाने की घोषणा कर दी, वहां के हालात बिगड़ गए हैं। दैनिक उपभोग की वस्तुओं की भी किल्लत है। दरअसल, मुख्यमंत्री इबोबी सिंह मणिपुर के गैर-नगा क्षेत्र में अपनी पकड़ ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना चाहते हैं क्योंकि राज्य में करीब दो माह बाद ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। नगा क्षेत्र में कांग्रेस पहले की तरह अब मजबूत स्थिति में नहीं है। एनएससीएन (आईएम) ने साफ तौर पर वहां कांग्रेस के खिलाफ वोट डालने का फरमान जारी कर दिया है।

### मैतेयी और नगा समुदायों के बीच टकराव का संकट

मैतेयी और नगा समुदायों के बीच टकराव से प्राकृतिक व सांस्कृतिक रूप से संपन्न मणिपुर आने वाले दिनों में और ज्यादा कमजोर होने के साथ ही आर्थिक रूप से बिखर जाएगा। तनाव बढ़ने के बाद मणिपुर में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू है। चर्च पर कथित हमले की अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। लेकिन इससे वहां पर शांति बहाल नहीं की जा सकती। मणिपुर आर्थिक नाकेबंदी से जूझ रहा है। मणिपुर में सात नए जिले बनाने के सरकार के फैसले के खिलाफ यह आर्थिक नाकेबंदी पहले नगा गुटों ने शुरू की और उसके जवाब में कुकी और मैतेई समुदायों ने की है। यूनाइटेड नगा काउंसिल राज्य में सात नए जिले बनाने का विरोध कर रही है। इनमें से चार जिलों का तो उद्घाटन भी हो चुका है। 'इनर लाइन परमिट' भी मणिपुर की एक अन्य गंभीर समस्या है। अब सात नए जिलों के अतिरिक्त इनर लाइन परमिट का मुद्दा भी गरमा गया है। मणिपुर में बाहरी लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है। इससे मैतेयी समुदाय को




अपना वजूद खतरे में नजर आ रहा है। राज्य में इनर लाइन परमिट की मांग बहुत पुरानी है। लेकिन पहली बार जुलाई 2012 में इसका प्रस्ताव विधानसभा में पेश किया गया। उसी साल अगस्त में राज्य सरकार ने इस बारे में केंद्र को एक पत्र भी भेजा था, लेकिन केंद्र ने मणिपुर में आईएलपी लागू करने का प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

### मणिपुर 1949 में भारत का हिस्सा बना




मणिपुर वर्ष 1949 में भारत का हिस्सा बना और 1972 में इसे पूर्ण राज्य का दर्जा मिला। यहां राजाओं के शासनकाल के दौरान आईएलपी जैसी एक प्रणाली लागू थी, जिसके तहत कोई बाहरी व्यक्ति राज्य में न तो स्थायी नागरिक बन सकता था और न ही यहां जमीन या कोई दूसरी संपत्ति खरीद सकता था। लेकिन केंद्र ने वह प्रणाली खत्म कर दी थी। अब समय-समय पर उसी को लागू करने की मांग उठती रही है। आईएलपी की मांग को लेकर सबसे पहला बड़ा आंदोलन वर्ष 1980 में छात्रों ने शुरू किया था। मणिपुर में पर्वतीय क्षेत्र और घाटी में रहने वाले लोगों के बीच तनाव का एक लंबा इतिहास है। मणिपुर के पहाड़ी हिस्से में ज्यादातर नगा आबादी रहती है, जिसके प्रशासन के लिए स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) है। राज्य सरकार इस परिषद की सहमति के बिना पहाड़ी इलाके के लिए कोई कानून नहीं बना सकती है। घाटी में रहने वाली आबादी पहाड़ी आबादी की तुलना में ज्यादा है। नगा जनजातियां ईसाई धर्म को मानती हैं तो घाटी में रहने वाले ज्यादातर लोग हिदू हैं जो मैतेयी समुदाय के हैं। माना जाता है कि तनाव व टकराव की जड़ दोनों समुदायों के बीच लंबे अविश्वास में छिपी है। सरकार, पुलिस और नौकरशाही में घाटी के हिदुओं का बहुमत है। पहाड़ों पर रहने वाली नगा और दूसरी जनजातियों को लगता है कि सरकार उनकी जमीन पर कब्जा न कर ले या कोई ऐसा कानून न ले आए, जिससे उनकी स्वायत्तता और जीवन शैली पर संकट आ जाए। इसी आशंका से उपजा अविश्वास कई बार हिंसा का रूप ले चुका है।

जबकि सीमा पार भारत विरोधी षड्यंत्रकारी पाक और चीन मौके की तलाश में रहते हैं, सीमावर्ती राज्यों के प्रति हमारी उदासीनता आत्मघाती साबित हो सकती है। भारत के बढ़ते वैश्विक दबदबे के दावों के बावजूद जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब तक विघ्नसंतोषी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने में कामयाब हो ही जाते हैं। मणिपुर सरीखा संवेदनशील राज्य पिछले डेढ़ महीने से जिस तरह जल रहा है, वह राजनीतिक नेतृत्व और सरकारी तंत्र, पर बड़ा सवालिया निशान है। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्वोत्तर के प्रति हमारे राजनेताओं का प्रेम उमड़-घुमड़ कर बरस रहा था, लेकिन 3 मई को मणिपुर में ड्ढूषहसा भड़कने के बाद उन्होंने वैसी संवेदनशीलता नहीं दिखाई। ऐसे हालात में जरूरी सरकारी प्रतिक्रिया में भी लंबा समय लग गया, क्योंकि तब दक्षिण भारत के एक प्रमुख राज्य कर्नाटक में विधानसभा चुनाव चल रहा था, जहां 10 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होनी थी। जाहिर है, मणिपुर में सत्ता का फैसला हो चुका था, जबकि कर्नाटक में सत्ता का खेल जारी था। तब क्या, सबसे बेहतर मानी जाने वाली लोकतांत्रिक शासन



प्रणाली में भी सत्ता का खेल सर्वोपरि है? शासन की सुध उसके बाद ही ली जाती है? मणिपुर के आईने में सत्ता राजनीति का कड़वा सच यही है। मणिपुर के मतदाताओं ने जिन राजनीतिक दलों-नेताओं के वायदों-इरादों पर विश्वास जताया, वे संकटकाल में भी उनकी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे। अतीत का अनुभव बताता है कि मणिपुर में 3 मई को हिंसा अचानक नहीं भड़की होगी। षचगारी पहले से सुलग रही होगी, जिसके लिए सत्ता से वंचित दल-नेता पिछले विधानसभा चुनाव में मतों के ध्रुवीकरण के खतरनाक खेल की ओर इशारा करते



हैं। इशारे दूसरी ओर से भी किए जा सकते हैं। आखिर में हम जम्मू कश्मीर तथा पंजाब पर नजर डालते हैं। सन 1990 में जब विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री थे तब कुछ महीनों के लिए केंद्र और राज्य दोनों ने इस हिस्से पर नियंत्रण गंवा दिया था।

## अनिश्चितकालिन नाकेबंदी से विकास प्रभावित

मणिपुर के दो राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूनाइटेड नगा काउंसिल की ओर से अघोषित नाकेबंदी जारी है। राज्य में रोजमर्रा की जरूरी चीजों की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। पेट्रोल, डीजल, केरोसिन और एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। जरूरी सामानों की कीमतें आसमान छू रही हैं। पुराने पांच सौ और हजार रुपए के नोटों पर पाबंदी से समस्या और बढ़ गई है। नाकेबंदी और उसके बाद नोटबंदी की मार से राज्य के सीमावर्ती शहर मोरे से होकर म्यांमार के साथ होने वाला सीमा-व्यापार भी ठप है। इससे म्यांमार की मुद्रा कयात के मुकाबले भारतीय मुद्रा की कीमत गिरी है। पहले जहां एक सौ भारतीय रुपए की कीमत उन्नीस सौ कयात थी वहीं अब यह आठ सौ कयात रह गई है। केंद्र को भी और मणिपुर सरकार को भी यह समझना होगा कि ऐसे ही हालात मणिपुर में बने रहे तो आर्थिक रूप से राज्य की कमर टूट जाएगी। टकराव कम करने की दिशा में तत्काल प्रभाव से कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि फिर से मणिपुर में शांति कायम हो सके।

मणिपुर में तनाव पिछले डेढ़ महीने से मणिपुर में तनाव और आर्थिक नाकेबंदी चल रही है। गौरतलब है कि विश्व की अधिकांश पिछड़ी जाति या आदिवासी समुदाय के लोग पहाड़ी भूमि पर निवास करते हैं। जाहिर तौर पर समतल भू-भाग में निवास करने वालों की तुलना में इन पहाड़ी इलाकों की आबादी पिछड़ी रह जाती है। मणिपुर की समस्या का भी मुख्य कारण यही है।

**तनाव का लंबा इतिहास :** मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में नगा समुदाय और मैदानी भागों में मैतेयी समुदाय निवास करता है। मैतेयी समुदाय अधिक विकसित है, और राजनीतिक धरातल पर भी उसकी पकड़ अच्छी है। मणिपुर में इन दोनों समुदायों के लोगों के बीच तनाव का लंबा इतिहास रहा है। मणिपुर के पहाड़ी हिस्से में ज्यादातर नगा आबादी रहती है, जिसके प्रशासन के लिए स्वायत्त जिला परिषद् है। राज्य सरकार इस परिषद् की सहमति के बिना पहाड़ी क्षेत्र के लिए कोई कानून नहीं बना सकती है। घाटी में रहने वाली आबादी पहाड़ी आबादी की तुलना में अधिक है। नगा जनजाति ईसाई धर्म को मानती है, तो घाटी में रहने वाले अधिकांश लोग हिदू धर्म के अनुयायी हैं। पहाड़ों पर रहने वाली नगा और अन्य जनजातियों को लगता है कि सरकार उनकी जमीन पर कब्जा न कर ले या ऐसा कोई कानून न ले आए, जिससे उनकी स्वायत्तता या जीवन शैली पर संकट आ जाए। इसी आशंका के चलते उपजा अविश्वास कई बार हिंसा का रूप ले चुका है। 'इनर लाइन परिमट' भी मणिपुर की एक अनय गंभीर समस्या है। यह वह प्रणाली है, जिसे राजाओं के शासनकाल के दौरान लागू किया जाता था। इसके तहत कोई बाहरी व्यक्ति राज्य में न तो स्थायी नागरिक बन सकता था और न ही यहां जमीन या कोई अन्य संपत्ति खरीद सकता था। लेकिन केंद्र ने इसे खत्म कर दिया है। मणिपुर में बाहरी लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है। इससे मैतेयी समुदाय को अपना वजूद खतरे में नजर आ रहा है। इसके चलते आईएलपी की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

## मणिपुर का संकट

-राज कुमार सिंह

**सत्ता तंत्र** की तंद्रा तब भी पूरी तरह नहीं टूटी। सेना, सी.आर.पी.एफ., असम राइफल्स और राज्य पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स तैनात करने जैसे कदम तो 4 मई से उठाने शुरू कर दिए गए, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति और पहल के अभाव में हिंसा पर उनका असर नजर नहीं आया। जमीनी हालात कितने खराब रहे, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि पुलिस से ही 4000 से भी ज्यादा हथियार दंगाइयों ने लूट लिए।

देश के गृहमंत्री अमित शाह की अपील के बावजूद उनमें से 1100 हथियार ही अभी तक वापस किए गए हैं। मणिपुर सरीखे संवेदनशील राज्यों में राज्य सरकार की अपनी सीमाएं रहती हैं। इसलिए केंद्र सरकार की सजगता और सक्रियता हमेशा से जरूरी है। जलते हुए मणिपुर में शांति के लिए ऐसा 14 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के नेतृत्व में राज्य के मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल की नई दिल्ली में मुलाकात के बाद ही हो पाया। अधिकारियों के तबादले के अलावा कुछ के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई, लेकिन हालात सुधरे नहीं। अमित शाह 28 मई से 1 जून तक मणिपुर के दौरे पर भी रहे, सरकारी बैठकें कीं, राहत शिविरों के दौरे किए, पर उस सबका वांछित प्रभाव-परिणाम अभी तक नजर नहीं आया। केंद्र ने राज्यपाल की अगुवाई में शांति समिति भी बनाई है। फिर भी हालात कितने भयावह हैं।

इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि हिंसा में 115 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, 400 से ज्यादा घायल हैं, 47,000 से भी ज्यादा राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं और 11 जिलों में कर्फ्यू है-पर ड्ढूषहसा नहीं थम रही। 16 जून को केंद्रीय राज्यमंत्री आर.के. रंजन सिंह के घर को भी आग लगा दी गई।

मणिपुर हिंसा का घटनाक्रम भी सत्ता तंत्र को कटघरे में खड़ा करता है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को चुराचांदपुर में जिस जिम का उद्घाटन करना था, उसमें 27 अप्रैल को आग लगा दी गई, जिसकी भनक तक खुफिया तंत्र को नहीं लग पाई। ऐहतियाती कदम उठाते हुए अगले दिन चुराचांदपुर समेत 5 जिलों में इंटरनैट बंद कर धारा-144 लगाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों में हुई झड़पों से अगर सही सबक सीखा गया होता तो शायद 3 मई को इंफाल में ऑल ट्राइबल स्टूडैंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर की रैली और उसके दौरान तोरबंग क्षेत्र में हुई हिंसा से बचा जा सकता था।

**मणिपुर संकट को लेकर क्या हो प्रतिक्रिया ?**

सन 1950 (नगालैंड), 1960 (मिजोरम) और सन 1980 के दशक (पंजाब और असम) में उत्पन्न चुनौतियां अलग थीं लेकिन सन 2023 में केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी ने जिस प्रकार का राजनीतिक नियंत्रण बना रखा है और जिस तरह का संचार, लॉजिस्टिक्स, सैन्य और अर्द्धसैनिक शक्ति उपलब्ध है तब यह सब क्यों?

अतीत वर्तमान को दिशा दिखाने वाला नहीं होता है, खासकर तब जबकि बात राज्य की शक्ति के प्रयोग की हो। बुनियादी बात यह है कि सन 1980 के दशक के आरंभिक वर्षों में जब वहां नगा, मिजो और मणिपुरी विद्रोह सक्रिय थे और असम में अराजकता का माहौल था, तब एक पत्रकार के रूप में मैंने नगालैंड में मोकॉकचंग में टेलीग्राफ के कार्यालय में मोर्स मशीन से दो रिपोर्ट भेजी थीं। उस समय संचार बहुत कमजोर या लगभग अनुपस्थित था और इस बात ने इस अशांत क्षेत्र में सरकार के काम को काफी कठिन बना दिया था।

पत्रकारों के लिए तो काम करना लगभग असंभव था। आज ऐसी कोई वजह नहीं है। क्या मणिपुर के आज के हालात की तुलना अतीत के किसी समय से हो सकती है? हम कुछ घटनाओं पर नजर डालकर यह परीक्षण कर सकते हैं कि सरकार ने उस वक्त कैसे प्रतिक्रिया दी थी। पूर्वोत्तर में तथा देश के अन्य हिस्सों में ऐसी घटनाएं पहले भी हुई हैं जहां एक समुदाय ने दूसरे समुदाय को निशाना बनाया हो।

असम में बांग्ला भाषियों और ज्यादा विशिष्ट होकर बात करें तो बांग्ला भाषी मुस्लिमों को बहुत हिंसात्मक अंदाज में निशाना बनाया गया। परंतु सरकार ने तत्परता से कार्रवाई की और कड़े कदम उठाकर अपनी प्रभुता स्थापित की।

त्रिपुरा में हमने देखा कि आदिवासी अल्पसंख्यकों (आबादी के 25 फीसदी से भी कम) ने बहुसंख्यक बंगालियों की चुन-चुनकर हत्याएं कीं। इनमें सबसे पहली और सबसे कुख्यात घटना थी 8 जून, 1980 को अगरतला के निकट मंडाई नरसंहार जिसमें 400 से 600 के बीच ग्रामीण मारे गए थे। उससे भी बहुत तेजी से निपटा गया था।

पूर्वोत्तर में शायद सबसे गंभीर खतरा तब उत्पन्न हुआ था जब इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बने कुछ ही सप्ताह बीते थे। तब उन्हें ताकतवर नहीं माना जाता था। भारत केवल 19 महीनों के अंतराल में पंडित नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के रूप में दो प्रधानमंत्रियों की मौत देख चुका था।

मिजो विद्रोहियों ने संप्रभु मिजोरम की घोषणा कर दी थी जबकि उस वक्त वह असम का एक जिला था जिसका नाम लुशाई हिल्स था।

# टीम इंडिया को बड़ा झटका, एशिया कप से बाहर हो सकतें हैं केएल राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओपनरटीम इंडिया के कई खिलाड़ी इस समय चोटिल हैं और वह अपनी चोटों से उबर रहे हैं। इन्हीं में दो प्रमुख खिलाड़ी भारतीय टीम के स्टार ओपनर केएल राहुल और श्रेयस अय्यर भी शामिल हैं। केएल राहुल आईपीएल 2023 के दौरान जांघ में चोट लगी थी। राहुल अपनी सर्जरी के बाद अब नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एशिया कप तक उनकी टीम इंडिया में वापसी बेहद मुश्किल है। ऐसा ही बातें श्रेयस अय्यर को लेकर भी सामने आ रही हैं, जो चोट की वजह से इंडियन प्रीमियर लीग का सीजन भी नहीं खेल सके थे।

दरअसल, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर दोनों ने ही अपनी-अपनी चोट की सर्जरी कराई है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि ये दोनों ही खिलाड़ी एशिया कप 2023 से मैदान पर वापसी कर सकते हैं, लेकिन अब यह सामने आ रहा है कि दोनों को पूरी तरह फिट होने में अधिक समय लगने वाला है। राहुल अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं तो अय्यर भी रिकवरी पर ध्यान दे रहे हैं।



**बुमराह की फिटनेस पर आया अपडेट**

वहीं, करीब एक साल से चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे जसप्रीत बुमराह को लेकर भी अपडेट आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह तेजी से फिट हो रहे हैं और वह 70 फीसदी तक फिट भी हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के दौरे पर टीम इंडिया से जुड़ सकते हैं। आयरलैंड के दौरे पर भारतीय टीम अगस्त में रवाना होगी।

### वल्ड कप के लिए एशिया कप महत्वपूण

एशिया कप 31 अगस्त से 17 सितंबर तक हाईब्रिड मॉडल के आधार पर आयोजित किया जाएगा। हाइब्रिड मॉडल के तहत पहले चार मैच पाकिस्तान और बाकी मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों को लेकर एशिया कप बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्ल्ड कप के लिए मुख्य टीम की घोषणा के लिए आईसीसी ने 29 अगस्त की डेडलाइन निर्धारित की है।

## झारखंड पेंचक सिलाट प्रशिक्षण शिविर 2023 का आयोजन



**रांची।** करमटोली चौक स्थित धुमकुड़िया भवन में हुआ। ज्ञात हो कि पहला झारखंड पेंचक सिलाट प्रशिक्षण शिविर 2023 का आयोजन दिनांक 24 व 25 जून 2023 को संपन्न हुआ। जिसमें राज्य के 8 जिलों से 50 खिलाड़ी भाग लिया। पेंचक सिलाट क्या है और कैसे किया जाता है और इस खेल से क्या-क्या लाभ है से लेकर लंका (1), लंका (2), स्टेप फॉरवर्ड पसान, स्टेंडिंग पसान, सीका पसान, टुंगल तथा फाइट टेक्निक का प्रशिक्षण अंतर्राष्ट्रीय रेफरी व राष्ट्रीय कोच गुरु प्रेम सिंह थापा के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन झारखंड पेंचक सिलाट संघ के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में संघ कि अध्यक्ष दीपा कुमारी, सचिव मिस डौली कुमारी सिंह, आयोजक सचिव मोहम्मद इबरार कुरैशी, चीफ टेक्निकल डायरेक्टर बि. के. लिम्बु सहित अन्य सभी सदस्यों ने पेंचक सिलाट के सभी खिलाड़ियो को प्रशिक्षण अच्छे से पुरा करने पर शुभकामनाएं दी और सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना कि । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डा. राजेश गुप्ता उर्फ छोटू जी पूर्व पार्षद, विशिष्ठ अतिथि पिया बर्मन समाज सेवी सह अध्यक्ष भगवा नारी सेना और अर्चना मिधा समाज सेवी मौजूद थें सभी अतिथि ने झारखंड पेंचक सिलाट टीम और खिलाडियों को बधाई दी और आने वाले समय में इस खेल को सपोर्ट करने का वादा किया है। यह जानकारी मिस डौली कुमारी सिंह ने दी।

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद से युवा खिलाड़ियों को मिल रही प्रेरणा

**नयी दिल्ली।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन से आज भी युवा हाकी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल रही है। इस महान खिलाड़ी को आज पूरे विश्व में याद किया जा रहा है। इस खिलाड़ी ने अपना सारा जीवन हाकी गेम को समर्पित करने का काम किया। इस महान खिलाड़ी को पूरा विश्व हॉकी के जादूगर के रूप में जानता है। ये कहना है समाजसेवी विनोद गर्ग का। हाकी कुरुक्षेत्र एसोसिएशन की तरफ से मेजर ध्यानचंद के जीवन को ओलंपिक दिवस के रूप में मनाया गया। इस ओलंपिक डे पर द्रोणाचार्य स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी विनोद गर्ग ने किया। इससे पहले समाजसेवी विनोद गर्ग, सेवानिवृत्त जिला खेलकूद अधिकारी यशवीर सिंह, साई के प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच, हॉकी कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विकास दीप संधू, हॉकी कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सेवानिवृत्त हाकी चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, ओलंपियन एवं भारतीय हाकी टीम के सदस्य सुरेंद्र कुमार पालड़, एम. सत्यनारायण, राहुल सांगवान, चांदराम, नरेंद्र ठाकुर, राकेश चैम्पियन करनाल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनीष राणा लक्की, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुखमणी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। ओलंपियन सुरेंद्र कुमार पालड़ ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को मेहनत करनी चाहिए।

## कोल इंडिया के कार्यकारी अधिकारियों ने वेतन विवाद पर हड़ताल की चेतावनी दी

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी अधिकारियों के एक संगठन ने रविवार को गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के साथ उनके वेतन विवाद का समाधान नहीं होने तक हड़ताल पर जाने की धमकी दी। इससे पहले कोयला मंत्रालय ने कहा था कि उसने गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के मजदूर संगठनों के साथ हुए वेतन संशोधन समझौते को मंजूरी दे दी है।

## पूंजीगत व्यय में आंध्र प्रदेश सबसे पीछे, कर्नाटक-बिहार का प्रदर्शन तय लक्ष्य से बेहतर

**मुंबई।** बीते वित्त वर्ष 2022-23 में ज्यादातर बड़े राज्य पूंजीगत व्यय के अपने लक्ष्यों से बड़े अंतर से पिछड़ गए। एक विश्लेषण के अनुसार 2022-23 में कुल पूंजीगत व्यय 7.4 लाख करोड़ रुपये आंका गया था, लेकिन वास्तव में इसके मुकाबले सिर्फ 76.2 प्रतिशत या 5.71 लाख करोड़ रुपये ही खर्च हो सके। बैंक ऑफ बड़ौदा के अर्थशास्त्रियों की ओर से कराए गए विश्लेषण के अनुसार, सिर्फ चार राज्यों- कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और बिहार का पूंजीगत व्यय उनके लक्ष्यों से ज्यादा रहा। इसके अलावा झारखंड और मध्य प्रदेश का पूंजीगत व्यय लक्ष्य के मुकाबले 98-98 प्रतिशत रहा। देश के 11 राज्यों ने 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर बेहतर प्रदर्शन किया।

## योगेश ढांडा का कजाकिस्तान जूनियर एशिया चैंपियनशिप में चयन

**नयी दिल्ली।** रोहतक में 20 से 24 जून तक राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सिंग कैंप में हुए ट्रायल में कैथल से योगेश ढांडा का चयन कजाकिस्तान में होने वाली जूनियर एशिया चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कोच राजिंदर सिंह, विक्रम ढुल और गुरमीत सिंह ने बताया कि योगेश ढांडा एक बेहतरीन और कठिन परिश्रमी खिलाड़ी है] जिसकी मेहनत आज रंग लाई है। नेशनल चैंपियनशिप में भी योगेश ढांडा को बेस्ट प्लेयर चुना गया था। कैथल पहुंचने पर योगेश ढांडा का आरकेएसडी संस्था में चल रहे बॉक्सिंग सेंटर पर स्वागत किया गया। योगेश ढांडा के पिता रणधीर ढांडा शिक्षा विभाग में पीटीआई के पद पर कार्यरत हैं और एथलेटिक के खिलाड़ी रहे हैं।

## झारखंड जीत कुने डो के कलर बेल्ट ग्रेडिंग सम्पन्न



**रांची।** 25 जून झारखंड जीत कुने डो के तत्वावधान में कलर बेल्ट ग्रेडिंग सम्पन्न हुआ। यह ग्रेडिंग हटिया स्थित निफ़्ट में आयोजित की गई है जो जीत कुने डो कि प्रशिक्षण का मुख्य स्थल है। इस कार्यक्रम में 103 बच्चों का बेल्ट टेस्ट संघ के अध्यक्ष गुलाम अब्दुल कादिर तथा महासचिव सिफु बिस्वजीत कर्माकर द्वारा लिया गया। इस मौके पर संस्था के अन्य पदाधिकारी एस के मित्रा तथा सहायक प्रशिक्षक के तौर पर नितेश कुमार, लखन उरांव, अश्फाक रविराज,आकाश कुमार मधु किसपोप्ता आदि उपस्थित थे।

# झारखंड राज्यस्तरीय फुटबॉल रेफरियों की फिटनेस एवं लिखित परीक्षा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड फुटबॉल संघ के निदेर्शानुसार रेफरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के तत्वाधान में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 85 फुटबॉल रेफरी का फिटनेस टेस्ट एवं लिखित परीक्षा संपन्न हुआ। फिटनेस टेस्ट में महिला की 29 एवं 14 पुरुष रेफरी सफल हुए। सफल हुए प्रतिभागियों का लिखित परीक्षा लिया गया। लिखित परीक्षा के परिणाम मैं जो सफल आएंगे उनका रिजल्ट ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के हेड ऑफ द रेफरी द्वारा भेजा जाएगा। तदोपरांत एआईएफएफ के अनुमोदन के बाद सभी जिला फुटबॉल संघ को अवगत करा दिया जाएगा। उसके बाद झारखंड रेफरी बोर्ड द्वारा रेडियो का प्रैक्टिकल और मौखिक परीक्षा लिया जाएगा। ज्ञात हो कि 24/06/2023 को सभी रेफरी और ऑब्जर्वर लोहरदगा पहुंच चुके थे जहां खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। रजिस्ट्रेशन के उपरांत परीक्षा से संबंधित हर पहलुओं पर परीक्षार्थी को अवगत कराया गया इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे जिन्हें झारखंड ऑफिस बोर्ड के चेयरमैन द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। श्री सुखदेव भगत ने अपने संबोधन में कहा कि फुटबॉल आज पूरे दुनिया में सबसे ज्यादा लोकप्रिय गेम है। लोकप्रिय गेम का संचालन रेफरी के द्वारा किया जाता है राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल का संचालन में जिन रेफरी की भूमिका रहती है विश्व के पटल पर उनका नाम होता है आप फिटनेस टेस्ट लिखित परीक्षा और आगे आने वाली सभी परीक्षाओं मैं सफल हो ,जिसके लिए आप अभी से अपने लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते जाएं। इस अवसर पर झारखंडफुटबॉल रेफरी बोर्ड के चेयरमैन सुरेंद्र बहादुर सिंह , एच ओ आर नवीन जयदीप सुंडी ,उदय मिश्रा ,जॉन वेसली, शूजाउद्दीन राजा ,साजिद अहमद, मिलर रावत, अभिनव सिद्धार्थ , विजय महतो, परमेश्वर , आकाश भगत , रोशन मुंडा फूलदेव उरांव ,वीरेंद्र यादव ,संजय भगत , आरिफ,संदीप उरांव, तबारक, करण उरांव आदि ने सफल आयोजन में अपना विशेष योगदान दिया।



## गोयल ने भारत के 50 से अधिक शीर्ष यूट्यूबर से बातचीत की

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के 50 से अधिक शीर्ष यूट्यूबर से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान हस्तकला को लोकप्रिय बनाने, मोटे अनाज (श्री अन्न) के लाभ और उपभोक्ता जागरूकता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बातचीत 23 जून को हुई।

## उपग्रह स्पेक्ट्रम के लिए मस्क, टाटा, मित्तल और अमेजन एक तरफ, अंबानी दूसरी तरफ

**नयी दिल्ली।** एलन मस्क चाहते हैं कि उनका स्टारलिंक पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहों से भारत में वायरलेस इंटरनेट को प्रसारित करे। हालांकि, उनका समूह जिस लाइंसेस व्यवस्था का समर्थन कर रहा है, उसके चलते उन्हें मुकेश अंबानी की रिलायंस के साथ मुकाबला करना पड़ सकता है। पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मस्क ने 21 जून को कहा कि वह भारत में स्टारलिंक की शुरूआत करना चाहते हैं। इस सेवा की मदद से बुनियादी ढांचे की कमी वाले दूरदराज के गांवों में इंटरनेट को पहुंचाया जा सकता है।

## फोनपे ने मर्चेंट लेंडिंग के लिए प्लेटफार्म लॉन्च किया

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने अपने मर्चेंट लेंडिंग प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की, जिससे बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को फोनपे के 3.5 करोड़ से अधिक व्यापारियों के मर्चेंट बेस को पूरी तरह से डिजिटल और सहज तरीके से क्रेडिट तक पहुंच प्रदान करने की अनुमति मिली। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए फोनपे की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। भारत में एसएमई को लंबे समय से संगठित ऋण तक एक्सेस करने, उनके वृद्धि को बाधित और उनकी क्षमता को बाधित करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस अधूरी जरूरत को समझते हुए, फोनपे ने बिजनेस ऐप के लिए फोनपे पर एक सहज एन्ड-तो-एन्ड तरीके को डिजाइन की है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उधार देने वाले भागीदारों द्वारा कुछ ही मिनटों में ऋण स्वीकृत हो जाए। फोनपे अपने मजबूत वितरण नेटवर्क और बेहतर तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाता है, जबकि उधार देने वाले भागीदार अंडरराइटिंग, संवितरण और ऋण संग्रह में अपनी विशेषज्ञता लाते हैं।

## महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमडेगा।** 02 जून से 11 जून 2023 तक जापान के काकामिगहारा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम पहली बार चैम्पियन बनी। चैम्पियन 18 सदस्यीय जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में सिमडेगा जिले की तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी भी शामिल थी। इन तीनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। ये जब सिमडेगा लौटीं तो इनका शानदार स्वागत किया गया।

जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता जीतने के बाद टीम में शामिल दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी बेंगलुरु से राउरकेला होते हुए बस से सिमडेगा पहुंची। वे जैसे ही अपने गृह जिले में पहुंची उनके स्वागत में खड़े हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी और हॉकी खिलाड़ियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद इन खिलाड़ियों का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया.पूर्व निर्धारित समयानुसार इन तीनों खिलाड़ियों को सुबह 5:00 बजे सिमडेगा पहुंचना था, लेकिन ट्रेन लेट होने के कारण वे देर से राउरकेला पहुंची, जहां से बस से सिमडेगा पहुंचने में उन्हें देरी हुई। हालांकि उनके स्वागत में दर्जनों हॉकी खिलाड़ी सुबह 5:00 बजे से ही बस स्टैंड में उनका इंतजार कर रहे थे। तीनों चैंपियन बेटियां स्वागत से अभिभूत दिखीं। उन्होंने सभी बच्चों को धन्यवाद दिया और अपने खेल के अनुभव शेयर.हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि चैंपियन भारतीय टीम में भारत से 18 खिलाड़ी थे, जिनमें से हमारे सिमडेगा जिला के तीन खिलाड़ी थे और उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया जिससे टीम चैंपियन बनी। 2016 में भी जूनियर एशिया महिला हॉकी कप में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम में सिमडेगा के तीन खिलाड़ी थे। मनोज का कहना है कि जब भी राष्ट्रीय टीम में झारखंड के खिलाड़ियों की संख्या ज्यादा होती है तब टीम अच्छा प्रदर्शन करती है। उन्होंने उम्मीद भविष्य में ओलंपिक मेडल जीतने की भी उम्मीद की। खिलाड़ियों के स्वागत में समारोह में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी, प्रतिमा तिर्की, राष्ट्रीय एम्पायर मनोज प्रधान, राजू मांझी, रामचंद्र मांझी सहित तीनों खिलाड़ियों के अभिभावक और हॉकी सिमडेगा संचालित हॉकी छात्रावास, हॉकी सेंटर, गोंडवाना खेल छात्रावास के काफी संख्या बालक बालिका उपस्थित थे।



## 32 वी सिनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता, झारखंड वुशु दल रवाना



**रांची।** पुणे के बालवाड़ी में आयोजित 32 वी सिनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता, के लिए झारखंड वुशु दल पुणे के लिए रवाना हो गयी। इस 44 सदस्यों वाले दल में दो मैनेजर और दो कोच शामिल है। ज्ञातव्य है कि झारखंड के इन खिलाड़ियों का चयन राज्य वुशु प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर किया गया था और फिर इन्हें गहन प्रशिक्षण भी दिया गया।

**झारखंड दल निम्नवत है:-**

**पुरुष खिलाड़ी :** निशांत तिर्की,रूपलाल महतो,सोमनाथ सिंह,प्रशांत गोराई, शशिकांत महतो,सूरज कुमार,अविनाश कोइरी,शुभम कुमार सिंह,अमन तिवारी,विनीत पवन,शिवम कुमार,सचिन कुमार झमुदा,राकेश उरांव,आकाश उरांव,विशाल गंझू,अंकित कुमार,आर्यन सिंह,अविनाश गंझू,भास्कर कुमार ठाकुर,प्रशांत कैबरता, बासुदेव टोप्पो, रोहित कुमार गंझू, मनीष मुंडा, साकिब अंसारी,जेठू गंझू।

**महिला खिलाड़ी :** सोनी मिंज,तारा कुमारीं,आस्था उरांव,श्रेया कुमारीं,पूर्णिमा लिंडा,संजना कुमारीं,तनुश्री, लक्ष्मी कुमारीं, डॉली कुमारीं, सबिता कुमारीं, मनोरमा कच्छप, पल्लवी गाड़ी, फूल कुमारीं बेदिया,तारा मुनी बाखला, कविता बेदिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर बढ़कर 596.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में वृद्धि होने से 16 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर बढ़कर 596.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.32 अरब डॉलर घटकर 593.7 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 527.7 अरब डॉलर पर पहुंच गयी।

## पाकिस्तान की संसद ने 2023-24 के लिए 14.48 लाख करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रविवार को 14.48 लाख करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी। स्वीकृत राहत पैकेज की शेष किस्त जारी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से शर्त रखने के बाद इसमें कुछ नए कर जोड़े गए हैं। बजट में सकल घरेलू उत्पाद(जीडीपी) वृद्धि दर के लिए 3.5 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी घोषणा नौ जून को ही कर दी गई थी।

## जी-20 के इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक 26 से 28 जून तक उत्तराखंड में होगी

**नयी दिल्ली।** जी-20 इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप (आईडब्ल्यूजी) की तीसरी बैठक उत्तराखंड के ऋषिकेश में होगी। बैठक में बुनियादी ढांचे में निवेश की दिशा में अभिनव तरीकों व अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने कहा, इस बैठक में अन्य प्राथमिकताओं के साथ-साथ ह्यभविष्य के शहरों के वित्त पोषणः समावेशी, लचीलेपन और टिकाऊपन पर चर्चा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी : योगी आदित्यनाथ

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रदेश सरकार ने लगभग 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इस संबंध में पिछले साल राज्य में हुए निवेशक सम्मेलन में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे। यहां रिलायंस समूह की फर्म एडवर्ब के 200 करोड़ रुपये के रोबोट विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को पहली बार सभी 75 जिलों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं और सबसे ज्यादा प्रस्ताव गौतम बुद्ध नगर जिला के लिए आए हैं।

# जीडीपी ग्रोथ रेट 6.5 फीसदी रहने का भरोसा : आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष में इकोनॉमिक ग्रोथ रेट 6.5 फीसदी रहने का भरोसा जताया ह। उन्होंने कहा कि हमने सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद ग्रोथ रेट का अनुमान लगाया है और इसे हासिल करने की हमें पूरी उम्मीद है।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व आगे नीतिगत दर में कुछ और वृद्धि करता है तो उससे रुपये की विनिमय दर पर असर पड़ने की आशंका नहीं ह। साथ ही सेवा निर्यात बेहतर रहने से चालू खाते का घाटा प्रबंधन योग्य दायरे में रहेगा।

**आईएमएफ और फिच रेटिंग्स के अनुमान से बेहतर ग्रोथ की उम्मीद**

आरबीआई ने इस महीने पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। हालांकि, यह आईएमएफ के इस साल अप्रैल में जताए गए 5.9 फीसदी आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान से कहीं अधिक है। वहीं रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने ताजा अनुमान में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। दास ने कहा, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर हमने संतुलित रुख लिया है। किसी भी स्थिति में आप अनुमान जताते हैं, तो सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों जोखिम होते हैं. यह सब मिलाकर हमने संतुलित रुख अपनाया है और इसके आधार पर हमारा अनुमान है कि आर्थिक वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी रहेगी तथा इसके लिये हम काफी आशान्वित हैं।



### आरबीआई गवर्नर ने बताया अब तक कितने नोट लौटे

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा है कि चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट वापस लेने के निर्णय के एक महीने के भीतर कुल 3.62 लाख करोड़ रुपये में से दो तिहाई से ज्यादा (2.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2,000 रुपये के नोट वापस लेने का अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। केंद्रीय बैंक ने 19 मई को अचानक से 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने का निर्णय किया था। लोग बैंक जाकर 30 सितंबर तक 2,000 रुपये के नोट बदलवा या जमा कर सकते हैं।

## मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल में नरमी

**इंदौर।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी से भाव नरमी लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड एवं पाम तेल सस्ता हो कर बिका। तिलहनों में भाव बने रहे। कपास्या खली? सामान्य बताई गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1700 से 1710 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1660 से 1680 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 950 से 955 रुपये पर खुलकर 920 से 925 रुपये बिका। पाम तेल 925 से 930 रुपये खुलकर 915 से 917 रुपये होकर बंद हुआ।

## सोना तथा चांदी में गिरावट

**इंदौर।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान सोना 400 रुपये तथा चांदी 2400 रुपये सस्ती बिकी। कारोबार की शुरूआत में सोना 60450 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 60050 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरूआत 72300 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 69600 रुपये बिकी।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें आज भी यथावत रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर आज जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.01 प्रतिशत गिरकर 69.50 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड भी गिरावट लेकर 73.85 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# गंगा नदी तट पर स्थित मंदिरों में स्थानीय उत्पादों से बनेगा गंगा भोग

## इस अभियान से जुड़े 61 मंदिर : एनएमसीजी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गंगा नदी को आस्था और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने इस नदी के तट पर स्थित मंदिरों में स्थानीय उत्पादों को प्रसाद गंगा भोग का हिस्सा बनाने की शुरूआत की है और अब तक 61 मंदिरों को इस अभियान से जोड़ा जा चुका है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि गंगा नदी हमेशा से आस्था व आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रही है। अब इसे नया रूप प्रदान करते हुए मिशन ने पांच पहल की शुरूआत की है, जिसमें मां गंगा, मंदिर, महिला, मोटा अनाज और मधु का समावेश किया गया है। उन्होंने बताया कि एनएमसीजी ने हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन के सहयोग से गंगा नदी के किनारे स्थित मंदिरों से गंगा भोग की शुरूआत की है। कुमार ने बताया कि इसका मकसद यह है कि गंगा नदी जिन इलाकों से गुजरती है, वहां तट के आसपास स्थित मंदिरों में स्थानीय उत्पाद को प्रसाद या गंगा भोग का हिस्सा बनाया जाए।



एनएमसीजी के महानिदेशक ने बताया कि इस प्रयास में गंगा नदी के तट पर स्थित मंदिरों में प्रसाद के रूप में लड्डू अथवा किसी अन्य स्थानीय उत्पाद को शामिल करने पर जोर दिया गया है । एनएमसीजी के महानिदेशक ने बताया कि अभी तक 61 मंदिरों को गंगा भोग प्रसाद योजना से जोड़ा जा चुका है। उनका मानना है कि यदि गंगा से लगे सभी मंदिरों में प्रसाद का एक हिस्सा लड्डू बनता है, तो इसके लिए लाखों लड्डू की जरूरत होगी और इसे तैयार करने के लिये महिलाओं को रोजगार मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त होगी। उन्होंने बताया कि गंगा भोग प्रसाद से गंगा तट के पास स्थित सभी मंदिरों के अलावा आश्रमों को भी जोड़ा जाएगा।

**मां गंगा, मंदिर, महिला, मोटा अनाज और मधु को किया गया है शामिल**

उन्होंने कहा कि इसके लिए संबधित श्राइन बोर्ड व आश्रमों से भी बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह भी प्रयास किया जाएगा कि मंदिर व आश्रमों में गंगा भोग प्रसाद के स्टॉल लग सकें। कुमार ने बताया कि गंगा नदी के तट पर स्थित मंदिरों के पुजारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है, ताकि पूजा पद्धति में एकरूपता आ सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए परमार्थ निकेतन संस्थान से सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन मंदिरों के पुजारियों के लिये पोशाक तैयार करने की भी व्यवस्था की जा रही है। गंगा नदी के जल के औषधीय गुणों का पता लगाने के लिए किये गए अध्ययन के बारे में कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग शोध संस्थान (नीरी) ने गंगा नदी के जल के औषधीय गुणों का अध्ययन प्रारंभ किया था और पिछले महीने इसकी रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि करीब दो वर्षों के अध्ययन के बाद तैयार इस रिपोर्ट में कहा गया है कि गंगा नदी के जल में कुछ मात्रा में बैक्टीरियोफेज (जीवाणुभोजी) है, जो जल में औषधीय गुणों का संकेत देते हैं। एनएमसीजी के महानिदेशक ने बताया कि अभी इस रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं किया गया है। हम कुछ और वैज्ञानिक शोध एवं मूल्यांकन करने के बाद इसे प्रकाशित करेंगे।

### लड्डू में मधु का भी होगा इस्तेमाल

कुमार ने बताया कि लड्डू तैयार करने में सेहत के लिये फायदेमंद होने के कारण मधु का इस्तेमाल करने पर जोर होगा तथा इसे उस क्षेत्र की महिलाएं तैयार करेंगी, जिससे उनके लिये आजीविका का स्रोत तैयार हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल नारे को मूर्त रूप देने में भी मदद मिलेगी। कुमार ने बताया कि प्रसाद को गंगा भोग का नाम दिया गया है और इस उद्देश्य के लिए मंदिरों के आसपास के गांवों व महिला समूहों से संपर्क किया गया है, ताकि वहां के अनाज व स्थानीय उत्पाद मंदिरों में प्रसाद के रूप में चढ़ाए जा सकें। उन्होंने बताया कि अप्रैल में ऋषिकेश में गंगा तट से इसकी शुरूआत की गई तथा इसका प्रसार गंगोत्री से गंगा सागर तक तटों पर स्थित मंदिरों में करने की योजना है।

## स्पीड न्यूज

### पाक : सिख व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक सिख व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसे कथित तौर पर लक्षित हत्या का मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने इस सिलसिले में रविवार को कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने बताया कि मनमोहन सिंह (35) नाम के एक सिख व्यक्ति की कुछ हथियारबंद लोगों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह पेशावर के उपनगरीय इलाके रशीद गढ़ी से कहीं जा रहे थे। घटना यक्का तूत पुलिस थाना क्षेत्र के गुलदारा चौक ककशल के पास हुई। सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व सांसद राजकरन सिंह का निधन

**अमेठी।** कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीबी रहे पूर्व सांसद राजकरन सिंह का 90 साल की उम्र में निधन हो गया। कांग्रेस के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1984 से 1989 तक सुलतानपुर से लोकसभा सांसद रहे सिंह ने शनिवार देर रात अमेठी जिले के मुसाफिरखाना तहसील स्थित अपने पैतृक गांव नेवादा में अंतिम सांस ली।

### असम में 18 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी और कामरूप जिले में रविवार को मणिपुर के दो व्यक्तियों के पास से 18 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मादक पदार्थ की तस्करी से निपटने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए असम पुलिस की प्रशंसा की।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 11 करोड़ के कोकीन बरामद

**नयी दिल्ली।** गिनी-बिसाऊ की एक महिला को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 11 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। 18 जून को इथियोपिया के अदीस अबाबा से आने के बाद यात्री को हवाई अड्डे पर रोका गया था।

### पाकिस्तान में नौ आतंकी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान पुलिस ने पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों से आईएसआईएस और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के नौ कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जो अहम प्रतिष्ठानों एवं कुछ धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आतंकवाद निरोधक विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि पिछले सप्ताह विभाग ने पंजाब के कई जिलों में खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाया और नौ आतंकवादियों को हथियारों एवं विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया। पंजाब के गुजरांवाला, फैसलाबाद, डेरा गाजी खान , बहावलपुर और मुल्तान जिलों में इन आतंकवादियों की गिरफ्तारी की गयी।

### सिंध में दो बसों की टक्कर, 7 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो यात्री बसों की भिड़ंत में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बेनजीराबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीजीआईपी) मोहम्मद यूनुस चांडियो ने कहा कि दुर्घटना तड़के करीब चार बजे नवाबशाह के निकट मेहरान राजमार्ग पर हुई जब कराची और पेशावर जा रहीं दो यात्री बसें एक-दूसरे से भिड़ गईं। घायलों का पीपुल्स मेडिकल एवं साइंस विश्वविद्यालय में इलाज किया जा रहा है। डीजीआईपी के अनुसार वाहनों की तेज रफ्तार के कारण भिड़ंत हुई।

## मिस्र में भारतीय समुदाय हुआ पीएम मोदी का कायल, कहा

# भारत के नायक हैं आप

## सारा हिंदुस्तान सबका हीरो : मोदी

एजेंसी

**काहिरा ।** मिस्र में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भरपूर प्रशंसा की और उन्हें भारत का नायक बताया। वह 26 वर्षों में रणनीतिक रूप से स्थित पश्चिम एशियाई देश की द्विपक्षीय यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की राजकीय यात्रा के समापन के बाद शनिवार को यहां पहुंचे मोदी का रिट्ज कार्लटन होटल में जोरदार स्वागत किया गया, जहां उन्होंने अलग-अलग समूहों में प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की।

भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने मोदी से कहा कि आप भारत के नायक हैं, इसके जवाब में मोदी ने कहा कि विदेश में रह रहे लोगों समेत प्रत्येक भारतीय ने देश की सफलता में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सारा हिंदुस्तान सबका हीरो है। देश के लोग मेहनत करते हैं, देश की तरक्की होती है। उन्होंने कहा कि यह आपकी मेहनत का नतीजा है। आपकी तपस्या काम कर रही है। मोदी ने बोहरा समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की, जिनका उनके गृह राज्य गुजरात से गहरा नाता है। इससे पहले, जब प्रधानमंत्री यहां होटल पहुंचे, तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भारतीय तिरंगा लहराते हुए मोदी, मोदी, वंदे मातरम के नारों से उनका स्वागत किया। साड़ी पहने मिस्र की एक महिला जेना ने फिल्म शोले के लोकप्रिय गीत ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गाकर मोदी का स्वागत किया। फिल्म शोले में यह गीत किशोर कुमार और मन्ना डे ने गाया है। इस गीत की प्रस्तुति से प्रभावित होकर, प्रधानमंत्री ने उस समय आश्चर्य व्यक्त किया, जब जेना ने कहा कि वह बहुत कम हिंदी जानती हैं और कभी भारत नहीं गईं। मोदी ने कहा कि किसी को पता नहीं चलेगा कि आप मिस्र की बेटी हो या हिंदुस्तान की बेटी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि मिस्र में भारतीय प्रवासियों के गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उनका समर्थन और स्नेह वास्तव में हमारे राष्ट्रों के शाश्वत बंधन का प्रतीक है। यह भी उल्लेखनीय है कि मिस्र के लोग भारतीय पोशाक पहनते थे। सचमुच, यह हमारे साझा सांस्कृतिक संबंधों का उत्सव है।



## अमेरिका के आठ उत्पादों से सीमा शुल्क हटाएगा भारत

**नयी दिल्ली।** भारत, अमेरिका से आयात होने वाले चना, दाल और सेब समेत आठ उत्पादों से सीमा शुल्क हटाएगा। भारत ने इन पर सीमा शुल्क 2019 में लगाया था जब अमेरिका ने इस्पात और एल्युमिनियम के कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों डब्ल्यूटीओ के छह विवादों को खत्म करने और अमेरिका के उत्पादों पर प्रतिशोध स्वरूप लगाए गए शुल्कों को हटाने पर सहमत हुए थे।अमेरिका ने 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इस्पात उत्पादों पर आयात शुल्क 25 प्रतिशत और एल्युमिनियम के कुछ उत्पादों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का फैसला लिया था। इसके जवाब में भारत ने जून, 2019 में अमेरिका के 28 उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था।सूत्र ने बताया कि भारत द्वारा अतिरिक्त शुल्कों को रद्द करने की अधिसूचना के बाद इन आठ अमेरिका में निर्मित उत्पादों पर शुल्क सबसे पसंदीदा देश (एमएफएन) की वर्तमान दर पर वापस आ जाएगा। समझौते के तहत भारत चना (10 प्रतिशत), दाल (20 प्रतिशत), ताजा या सूखे बादाम (7 रुपये प्रति किलोग्राम), छिलके वाले बादाम (20 रुपये प्रति किलोग्राम), अखरोट (20 प्रतिशत), ताजा सेब (20 प्रतिशत), बोरिक एसिड (20 प्रतिशत), और चिकित्सकीय अभिकर्मक (20 प्रतिशत) से अतिरिक्त शुल्क हटा देगा।

# अभी एमक्यू-9बी ड्रोन की कीमतें तय नहीं

**अमेरिकी सरकार की मंजूरी मिलने के बाद दाम पर होगी बातचीत : रक्षा मंत्रालय**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 एमक्यू-9बी ड्रोन को लेकर साफ किया है कि अभी इनकी कीमतें तय नहीं हुईं हैं, अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। एमओडी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में सर्वोत्तम कीमत से खरीद करेगा। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 15 जून को तीनों सेनाओं के लिए 31 एमक्यू-9बी हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (हेल) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम के अधिग्रहण के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इसमें 16 स्काई गार्जियन और 15सी गार्जियन ड्रोन हैं। यह खरीद संयुक्त राज्य अमेरिका से विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से की जानी है। एओएन में संबंधित उपकरणों के साथ खरीदे जाने वाले यूएवी की संख्या शामिल थी। हालांकि, डीएसी ने एओएन में अमेरिकी सरकार से प्रदान की गई 3,072 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत का उल्लेख किया। अब रक्षा मंत्रालय ने साफ किया है कि अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ड्रोन का अधिग्रहण लागत की तुलना में जनरल एटॉमिक्स से तालमेल करके अन्य देशों को दी जाने वाली सर्वोत्तम कीमत से करेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से अमेरिकी सरकार को एक अनुरोध पत्र भेजा जाएगा, जिसमें त्रि-सेवा आवश्यकताओं, उपकरणों का विवरण और खरीद की शर्तें शामिल होंगी।

### सोशल मीडिया के अटकलों को एमओडी ने किया खारिज

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि ड्रोन की कीमत और खरीद की अन्य शर्तों का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया के कुछ हिस्सों में कुछ अटकलबाजी रिपोर्टें सामने आईं। मंत्रालय ने इसे खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की अटकलबाजी का उद्देश्य उचित अधिग्रहण प्रक्रिया को पटरी से उतारना है। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। मंत्रालय ने मीडिया संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे फर्जी खबरें, गलत सूचना न फैलाएं, जो सशस्त्र बलों के मनोबल पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं। साथ ही अधिग्रहण प्रक्रिया पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## सेना प्रमुख ने दरबार साहिब में टेका मत्था



**चंडीगढ़। भारत के सेना प्रमुख मनोज पांडे रविवार की सुबह परिवार समेत सचखंड दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। मनोज पांडे के साथ उनकी पत्नी अर्चना पांडे तथा ब्रिगेडियर सीबीके बैनर्जी भी मौजूद थे। मनोज पांडे का यहां पहुंचने पर शिरोमणि कमेटी के उप सचिव शहबाज सिंह, सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह ने हरिमंदिर साहिब की मर्यादा, सिख परंपराओं तथा यहां के धार्मिक स्थलों के इतिहास के बारे में अवगत कराया।**

# नेपाल की संसद में उठा धर्मांतरण का मुद्दा

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने रविवार को संसद में कहा कि देश में धर्मांतरण की गतिविधियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। धर्मांतरण के लिए चलाया जा रहा प्रचार-प्रसार भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गृहमंत्री श्रेष्ठ ने सीपीएन (यूएमएल) के सदस्य रघुजी पंत के सवालों के जवाब में कहा कि सरकार मलिन बस्तियों और अन्य क्षेत्रों में आर्थिक प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण के मुद्दे पर गंभीर है। रघुजी पंत ने गृहमंत्री से पूछा था कि वित्तीय प्रलोभन के जरिए इस्लाम स्वीकार करने वाले कुछ संगठनों के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई की गई? आर्थिक प्रलोभन देकर होने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए सरकार किस तरह के उपाय कर रही है?


उल्लेखनीय है कि नेपाल में धर्म परिवर्तन का मिशन चलाया गया है। संसद के अंदर और बाहर इसके खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। नेपाल में हर 10 साल पर होने वाली जनगणना में ईसाइयों और मुसलमानों की संख्या में बढ़ोतरी दिख रही है, जबकि हिंदुओं और बौद्धों की संख्या में कमी आ रही है।

### सीआइएए ने पशुपति मंदिर को कब्जे में लिया

**काठमांडू।** नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में 100 किलोग्राम के आभूषणों में से 10 किलोग्राम सोना गायब होने संबंधी रिपोर्ट की जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी निकाय ने मंदिर परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया है, जिसके चलते रविवार को इसे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया। पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू में सबसे पुराना हिंदू मंदिर है। दस किलोग्राम सोना गायब होने की रिपोर्ट के बाद संसद में सवाल उठाए जाने पर सरकार ने अधिकारों के दुरुपयोग की जांच से जुड़े एक आयोग (सीआईएए) को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया था।सीआईएए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए नेपाल सरकार की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था है। पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक, घनश्याम खातीवाड़ा ने बताया कि गायब हुए सोने पर सवाल उठने के बाद पशुपतिनाथ की सोने से बनी जलाहारी को उसकी गुणवत्ता और वजन निर्धारित करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने कब्जे में लिया है।

# अक्षरा सिंह का लोकगीत कनबलिया से धक्का रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी जगत में अपनी गायकी और अभिनय से सभी के दिलों पर राज करने वाली सुपर हॉट अभिनेत्री अक्षरा सिंह का नया लोकगीत कनबलिया से धक्का रविवार को रिलीज हो गया है। यह एक रोमांटिक भोजपुरी लोकगीत है, जिसे अक्षरा ने अपनी आवाज से और भी मजेदार बना दिया है। इस गाने की म्यूजिक वीडियो में अक्षरा सिंह की गुलाबी साड़ी में मदहोश करने वाली अदा कहर ढा रही है, जिसे देखकर उनके फैंस भी अक्षरा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, लोकगीत कनबलिया से धक्कार को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह बेहद एंटरटेनिंग है और इसे हर किसी को सुनना चाहिए।



### मशहूर फिल्म निर्माता कुलजीत पाल का निधन

**मशहूर फिल्म** निर्माता कुलजीत पाल का 90 साल की उम्र में निधन हो गया। पाल की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। उनके निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक फैल गया है। कुलजीत के मैनेजर संजय बाजपेयी के मुताबिक, कुलजीत की तबीयत कई दिनों से ठीक नहीं थी। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। कुलजीत का अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 12 बजे सांताक्रूज श्मशान घाट पर किया गया। कुलजीत के परिजनों ने 29 जून को एक शोक सभा का भी आयोजन रखा है। कुलजीत पाल ने ही बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा को पहला ब्रेक दिया था, लेकिन किन्हीं कारणवश उनकी यह फिल्म पूरी नहीं हो सकी थी। कुलजीत की कई फिल्मों ने बॉलीवुड में नाम कमाया। कुलजीत ने अर्थ, आज, परमात्मा, वासना, दो शिकारी, आशियाना और कुछ अन्य फिल्मों का निर्माण किया। उन्होंने बॉलीवुड में फिल्म आज से डेब्यू किया था। इस फिल्म में राजीव बटिया ने भी अहम भूमिका निभाई थी।



